CMYK

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 09°C

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 11 दिसम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 330 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 19 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




हमारे संविधान की दृष्टि में निहित हैं मानवाधिकार : राष्ट्रपति पेज 2



हार्दिक टी-20 में 100 सिक्स लगाने वाले चौथे भारतीय खेल टाइम्स



आसानी से कर सकते हैं माइग्रेन का इलाज सम्पादकीय



पाकिस्तान को 12 राज्यों में बांटने की तैयारी पेज 12

## रोहिंग्या मामला: सीजेआई के समर्थन में उतरे 44 पूर्व जज

**नई दिल्ली।** रोहिंग्या मामले में सीजेआई सूर्यकांत की टिप्पणी के सपोर्ट में सुप्रीम कोर्ट और देशभर की हाईकोर्ट के 44 जज समर्थन में आए हैं। 9 दिसम्बर को सभी जजों के साइन वाला लेटर जारी किया गया। इसमें लिखा गया है कि हम रिटायर जज रोहिंग्या प्रवासियों के मामले में सीजेआई सूर्यकांत की टिप्पणी के खिलाफ चलाए जा रहे गलत अभियान पर कड़ी आपत्ति जताते हैं।




■ कहा: बयान का गलत मतलब निकाला, सीजेआई बोले थे- क्या घुसपैठियों को रेड कार्पेट वेलकम देना चाहिए

आलोचना हो सकती है, लेकिन यह अभियान न्यायपालिका की छवि खराब करने की कोशिश है। 44 जजों का ये रिएक्शन 5 दिसम्बर को रिटायर जजों, वकीलों और कैंपेन फॉर ज्यूडिशियल अकाउंटेबिलिटी एंड रिफॉर्म्स के सीजेआई और सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ जारी लेटर के विरोध में आया है। इसमें कहा गया था कि रोहिंग्या पर की गई टिप्पणी अमानवीय और संविधानिक मूल्यों के खिलाफ है। रोहिंग्या को दुनिया के सबसे उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों में बताया गया है। साथ ही रोहिंग्या लोगों को अनुच्छेद 21 के तहत सुरक्षा का अधिकार बताया गया।

## दिवाली को यूनेस्को ने विश्व धरोहर घोषित किया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** यूनेस्को ने दिवाली को अमूर्त विश्व धरोहर घोषित किया। यूनेस्को ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन की इंटैन्जिबल कल्चरल हेरिटेज यानी अमूर्त विश्व धरोहर की सूची जारी की। इसमें घाना, जॉर्जिया, कांगो, इथियोपिया और मिस्र सहित कई देशों के सांस्कृतिक प्रतीक भी शामिल हैं।



■ मोदी बोले: दिवाली हमारी सभ्यता की आत्मा
■ दुर्गा पूजा, कुंभ मेला, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, छाऊ नृत्य सहित 15 धरोहरें शामिल

इस पर पीएम मोदी ने कहा कि दिवाली हमारी सभ्यता की आत्मा है। भारत की 15 अमूर्त विश्व धरोहर की सूची में शामिल हैं। इसमें दुर्गा पूजा, कुंभ मेला, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, छाऊ नृत्य भी शामिल हैं। ये फैसला उस समय आया है, जब दिल्ली में यूनेस्को की इंटर- गवर्नमेंटल कमेटी फॉर इंटैन्जिबल हेरिटेज की 20वीं बैठक की मेजबानी कर रही है। यह 8 से 13 दिसम्बर तक चलेगी। इसी मौके को देखते हुए केंद्र सरकार ने 10 दिसम्बर को विशेष दीपावली समारोह रखने का फैसला किया है, ताकि दुनिया के सामने भारत की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत तरह से पेश किया जा सके। पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर बधाई देते हुए लिखा कि भारत और दुनियाभर के लोग उत्साहित हैं। हमारे लिए दिवाली, संस्कृति और प्रकृति से जुड़ी है। यह हमारी सभ्यता की आत्मा है। यह ज्ञान और धर्म का प्रतीक है। दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची में शामिल किए जाने से इस त्योहार की वैश्विक लोकप्रियता में और भी वृद्धि होगी। प्रभु श्री राम के आदर्श हमें शाश्वत रूप से मार्गदर्शन करते रहें। यूनेस्को की यह लिस्ट दुनिया की ऐसी सांस्कृतिक और पारंपरिक चीजों को शामिल करती है, जिन्हें छू नहीं सकते, लेकिन अनुभव किया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में वायु गुणवत्ता में सुधार लेकिन स्थिति अब भी 'गंभीर'

**नई दिल्ली।** दिल्ली की हवा की गुणवत्ता बुधवार सुबह थोड़ी बेहतर हुई, लेकिन सुबह 9:10 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 220 दर्ज किया, जिससे यह अब भी 'गंभीर' श्रेणी में बनी रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मंगलवार की शाम को एक्यूआई 282 दर्ज किया था, जिसमें बुधवार की सुबह गिरावट दर्ज की गई, लेकिन फिर भी राजधानी में धुएं-कोहरे (स्मॉग) की परत बनी रही। यहां पर 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती हवा और इसमें 71 प्रतिशत की नमी ने स्थिति को गंभीर बना दिया। बुधवार को यहां पीएम 2.5 का स्तर 144 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और पीएम 10 का स्तर 187 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर मापा गया। शहर के कई हिस्सों में सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई थी।

### गोवा नाइट क्लब अग्निकांड: चार मालिकों में से एक हिरासत में

**पणजी/नई दिल्ली।** गोवा के बिर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में 6 दिसम्बर को आग लगने से 25 लोगों की मौत मामले में क्लब के 4 मालिकों में से एक को हिरासत में लिया गया है। आरोपी का नाम अजय गुप्ता है। वह दिल्ली का रहने वाला है। गोवा पुलिस ने बुधवार को उसे दिल्ली से ही हिरासत में लिया। गोवा पुलिस दिल्ली क्राइम ब्रांच ऑफिस में आरोपी से पूछताछ कर रही है। उसे साकेत कोर्ट में पेश किया गया। उसे गोवा पुलिस की 36 घंटे की ट्रांजिट रिमांड पर सौंपा गया है।

### हिमाचल के शिंकुला दर्रा में बर्फबारी, यूपी के 20 जिलों में घना कोहरा

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी के बीच मैदानी इलाकों में सर्दी बढ़ने लगी है। उप्र में बाराबंकी, गोंडा समेत 20 जिलों में बुधवार सुबह भी घना कोहरा छाया रहा। कई जगहों पर विजिबिलिटी शून्य रही। वहीं, बिहार के 10 जिलों में भी कोहरे से विजिबिलिटी जीरो रही। हिमाचल के लाहौल स्पीति जिला के शिंकुला दर्रा में बर्फबारी हुई। शिंकुला टॉप पर 6 इंच तक बर्फ पड़ी। तापमान में 3-4 डिग्री तक की गिरावट आई है।

## हाईकोर्ट ने केंद्र को लगाई फटकार

### कहा: इंडिगो फेल हुई, तो सरकार ने क्या किया, 4 हजार का टिकट 30 हजार तक कैसे पहुंचा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** इंडिगो संकट पर दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार को फटकार लगाई। अदालत ने पूछा कि जब एयरलाइन फेल हो गई थी, तब सरकार ने क्या किया। फ्लाइट्स की टिकट की कीमतें 4-5 हजार रुपये से बढ़कर 30,000 रुपये तक कैसे पहुंच गईं। अन्य एयरलाइंस ने इसका फायदा कैसे उठाया। आपने क्या कार्रवाई की, आपने ही स्थिति को इस हाल तक पहुंचने दिया।

इंडिगो संकट



■ आप क्या कर रहे थे, स्थिति पैदा क्यों होने दी
■ यह सिर्फ व्यक्तिगत यात्रियों का मामला नहीं है, इससे आर्थिक नुकसान भी हुआ

मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेदेला की डिवीजन बेंच जनहित याचिका (पीआईएल) की सुनवाई कर रही थी। इसमें मांग की गई थी कि इंडिगो संकट की स्वतंत्र न्यायिक जांच की जाए और जिन लोगों की फ्लाइट रद्द हुई या जो एयरपोर्ट पर फंसे, उन्हें मुआवजा दिया जाए। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि यह सिर्फ व्यक्तिगत यात्रियों का मामला नहीं है, बल्कि इससे आर्थिक नुकसान भी हुआ है। सरकार को सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में इस तरह की स्थिति दोबारा न पैदा हो। इधर, डीजीसीए (नागरिक उड्डयन नियामक) ने इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स को गुरुवार दोपहर 3 बजे समन भेजकर बुलाया है। इंडिगो संकट को लेकर अब डीजीसीए (नागरिक उड्डयन नियामक) भी केंद्र सरकार की जांच के रडार पर है। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि इंडिगो की गड़बड़ी पर सिर्फ एयरलाइन ही नहीं, बल्कि डीजीसीए के कामकाज की भी जांच होगी। मंत्री ने यात्रियों को हुई परेशानी के लिए माफी मांगी और कहा कि जिम्मेदार लोगों पर कड़ी और उचित कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि इंडिगो का यह बड़ा फेलियर सामान्य गलती नहीं लगता, बल्कि इसमें जानबूझकर हुई लापरवाही के संकेत मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार यह जांच कर रही है कि आखिर ऐसा संकट उसी समय क्यों आया और ऑपरेशंस होने के बावजूद हालात कैसे बिगड़े। सीईओ को हटाने के सवाल पर नायडू ने कहा कि जरूरत पड़ी, तो जरूर हटाया जाएगा। जो भी कानूनी कार्रवाई बनती है, वह जरूर होगी। नायडू ने ये भी बताया कि मैं पिछले 7 दिनों से लगातार मीटिंग कर रहा हूं और मुश्किल से सो पाया हूं, क्योंकि फोकस सिर्फ यात्रियों की परेशानी दूर करने पर है। डीजीसीए ने बताया कि इंडिगो की ऑपरेटिंग क्षमता और उसके वास्तविक विमान इस्तेमाल में बड़ा अंतर है। यानी कंपनी जितने विमान उड़ाने की क्षमता दिखा रही है, उतने विमान वह उड़ा नहीं पा रही है। डीजीसीए के मुताबिक इंडिगो ने 403 विमान बताकर 6 प्रतिशत ज्यादा विंटर शेड्यूल ले लिया, लेकिन अक्टूबर में उसके 339 और नवम्बर में 344 विमान ही उड़ान भर सके। नवंबर में शेड्यूल 64,346 में से 59,438 विमान ही उड़ान भर पाए, यानी 4,900 कम। उन्होंने बताया कि सर्दियों में दबाव पहले से होता है, फिर भी कंपनी ने 26 अक्टूबर से शुरू हुए विंटर शेड्यूल में पिछले साल से 9.66 फीसदी ज्यादा उड़ानें लीं, जबकि वह इतनी क्षमता साबित नहीं कर सकी। इससे सिस्टम पर अतिरिक्त बोझ बढ़ गया।

### हवाई अड्डों पर स्थिति की निगरानी करेगा एएआई का विशेष समूह

**नई दिल्ली।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने इंडिगो संकट के बीच हवाई अड्डों पर निगरानी के लिए एक संकट प्रबंधन समूह का गठन किया है जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों की तैनाती की गई है। सूत्रों ने बताया कि यह समूह रोजाना स्थिति रिपोर्ट तैयार कर नागरिक उड्डयन मंत्रालय को सौंपेगा और जहां यात्रियों की परेशानी दूर करने में एयरलाइंस की कोताही सामने आएगी उन मामलों में कार्रवाई भी की जाएगी। राष्ट्रीय राजधानी स्थित उड़ान भवन में मौजूद यह समूह एएआई द्वारा प्रबंधित सभी हवाई अड्डों के निदेशकों के साथ संपर्क में है। यात्रियों को होने वाली परेशानियों को प्राथमिकता के आधार पर हल करवाने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि कोई भी यात्री जब समस्या लेकर आता है तो उसकी बात इंडिगो के हवाई अड्डा प्रबंधक से कराई जाती है।

## घुसपैठिए तय नहीं करेंगे कौन पीएम-सीएम बनेगा: गृह मंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** शीतकालीन सत्र के दौरान बुधवार को लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा हुई। सरकार की ओर से गृह मंत्री अमित शाह ने चर्चा में भाग लिया। अमित शाह ने कहा कि एसआईआर पर चर्चा नहीं हो सकती है, क्योंकि चुनाव आयोग सरकार के अधीन काम नहीं करता, वह एक स्वतंत्र संस्था है। कांग्रेस एसआईआर को लेकर झूठ फैला रही है।



■ एसआईआर पर चर्चा नहीं हो सकती है, क्योंकि चुनाव आयोग सरकार के अधीन काम नहीं करता, वह एक स्वतंत्र संस्था: शाह

कांग्रेस की ओर से जो झूठ फैलाया गया है, मैं उसका जवाब दूंगा। अमित शाह ने विपक्ष को कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए यह भी कहा कि देश का प्रधानमंत्री और राज्य का मुख्यमंत्री घुसपैठिये तय नहीं करेंगे। उन्होंने साफ कहा कि यह अधिकार केवल भारत के नागरिकों का है। शाह ने विपक्ष पर बेबुनियाद आरोप फैलाने का आरोप लगाया और जोर देकर कहा कि नरेंद्र मोदी को देश की जनता ने प्रधानमंत्री बनाया है, विपक्ष की कृपा से नहीं। उन्होंने चुनावी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की जरूरत पर भी बात की। गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में चुनाव सुधार पर चर्चा का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि दो दिन संसद की कार्यवाही नहीं चल सकी, लोगों के बीच इस तरह-**शेष पृष्ठ दो पर**

## चलती ट्रेन से पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं आजाद अधिकार सेना के अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर को मंगलवार देर रात नाटकीय घटनाक्रम के तहत शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर तब गिरफ्तार कर लिया गया जब वह लखनऊ से नई दिल्ली जा रही ट्रेन में यात्रा कर रहे थे।

■ नाटकीय घटनाक्रम के तहत देवरिया में जमीन धोखाधड़ी मामले में बड़ी कार्रवाई

लखनऊ पुलिस ने सर्विलांस के माध्यम से उनकी लोकेशन ट्रेस की और शाहजहांपुर पुलिस की टीम के साथ मिलकर यह कार्रवाई अंजाम दी। सूत्रों के अनुसार, घटना करीब रात 1:15 से 1:52 बजे के बीच की है। अमिताभ ठाकुर जिस कोच में सफर कर रहे थे, पुलिस टीमें दोनों ओर से उसमें सवार हुईं। उस समय ठाकुर सो रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें जगाया और ट्रेन से नीचे उतार लिया। स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने इस कार्रवाई को देखा, तो कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। रात में उन्हें लखनऊ लाकर पूछताछ की गई और इसके बाद विधिक कार्यवाही के लिए देवरिया भेज दिया गया। बुधवार को पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, वर्ष 1999 में देवरिया में पुलिस अधीक्षक (एसपी) के पद पर तैनाती के दौरान अमिताभ ठाकुर ने कथित रूप से अपने प्रभाव का दुरुपयोग करते हुए जिला उद्योग केंद्र, देवरिया से औद्योगिक प्लॉट संख्या बी-2 को अपनी पत्नी नूतन ठाकुर के नाम पर आवंटित कराया। आरोप है कि उन्होंने बाद में फर्जी नाम और फर्जी पहचान के आधार पर इसे नए नामों से परिवर्तित कर कूट दस्तावेज तैयार कर प्लॉट को व्यावसायिक उपयोग के लिए तैयार किया तथा बाद में इसे लाभ कमाने के उद्देश्य से बेच दिया। शिकायत में कहा गया है कि जमीन आवंटन के लिए झूठे दस्तावेज व पहचान प्रमाण पेश किए गए। सरकारी विभागों को लंबे समय तक गुमराह कर धोखाधड़ी की गई। इस मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम एवं भादस की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

## थरूर ने वीर सावरकर अवॉर्ड लेने से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में वीर सावरकर अवॉर्ड को लेकर स्पष्टीकरण जारी किया। उन्होंने कहा कि मैं ये अवॉर्ड लेने नहीं जा रहा हूं। मुझे इसके बारे में केरल में रहते हुए मीडिया रिपोर्ट्स से ही जानकारी मिली।



■ बोले-आयोजकों ने बिना पूछे नाम घोषित किया

कांग्रेस सांसद ने कहा कि आयोजकों ने बिना पूछे मेरा नाम घोषित किया है। ऐसे में दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने का सवाल ही नहीं उठता। वहीं, अवॉर्ड देने वाले एनजीओ ने थरूर के दावे को गलत बताया। दि हिंगरेज रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी (एचआरडीएस) इंडिया के संस्थापक अजी कृष्णन ने दावा किया कि वे एक महीने पहले थरूर से उनके घर पर मिले थे। थरूर ने अवॉर्ड स्वीकार करने की सहमति दी थी। दो हफ्ते पहले भी जूरी चेयरमैन रवि कांत ने उनसे मुलाकात की थी। दरअसल, बुधवार को दिल्ली में वीर सावरकर इंटरनेशनल इम्पैक्ट अवॉर्ड 2025 आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी मौजूद रहेंगे। कांग्रेस नेता शशि थरूर को भी ये अवार्ड देने की घोषणा की गई है।

## मुख्य न्यायाधीश को चुनाव आयोग चयन समिति से हटाने की वजह बताएं: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार बताए कि उसने चुनाव आयोग के चयन समिति से किस कारण मुख्य न्यायाधीश को हटाने का निर्णय लिया है। श्री गांधी कहा कि चुनाव आयोग के चयन निष्पक्ष चयन के लिए गठित समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा मुख्य न्यायाधीश होते हैं, लेकिन सरकार ने समिति से मुख्य न्यायाधीश को हटाकर एक कैबिनेट मंत्री को रखने का फैसला किया है। यह निर्णय किस कारण से लिया गया इसकी वजह सरकार को बतानी चाहिए। श्री गांधी ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट पर कहा कि भारत की जनता ये तीन बहुत जरूरी और सीधे सवाल पूछ रही है। पहला सवाल है कि उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को चुनाव आयुक्त के चयन के पैनल से क्यों हटाया गया। पिछले आम चुनाव से पहले चुनाव आयोग को लगभग पूरी कानूनी इम्युनिटी क्यों दी और सीसीटीवी फुटेज 45 दिन में नष्ट करने की इतनी जल्दबाजी क्यों की गई।

## दिल्ली-NCR की सुरक्षा को तैनात होगा स्वदेशी डिफेंस सिस्टम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत अब राजधानी दिल्ली-एनसीआर को मिसाइलों, ड्रोन और फाइटर जेट हमले जैसे खतरों से बचाने के लिए अपना खुद का मल्टी-लेयर्ड एयर डिफेंस सिस्टम लगाने जा रहा है। रक्षा मंत्रालय इस प्रोजेक्ट को तेजी से आगे बढ़ा रहा है। वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों के अनुसार नया इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम (आईएडीडब्ल्यूएस) पूरी तरह देश में बने हथियारों से तैयार होगा।

इस सिस्टम का सबसे बड़ा हिस्सा डीआरडीओ की बनाई आईक्यूआरएसएएम मिसाइल और वीएसएचओआरएडीएस होगा। इनके साथ कई तरह के सेंसर, रडार और एक आधुनिक कंट्रोल सिस्टम जोड़ा जाएगा, जिससे हर खतरे पर तुरंत नजर रखी जा सके। ये पूरा सिस्टम भारतीय वायुसेना ऑपरेट करेगी। आईएडीडब्ल्यूएस का 23 अगस्त को सफल परीक्षण भी हो चुका है। आईएडीडब्ल्यूएस का 23 अगस्त को ओडिशा के तट पर सफल परीक्षण किया गया था। आईएडीडब्ल्यूएस एक मल्टीलेयर एयर डिफेंस सिस्टम है, ये दुश्मन के हवाई हमले नाकाम करेगा। इसे सुदर्शन चक्र मिशन का एक हिस्सा माना जा रहा है। यह स्वार्म (एक साथ छोड़े गए कई ड्रोन्स) ड्रोन अटैक के खिलाफ रक्षा कवच बनेगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से दिए अपने भाषण में सुदर्शन चक्र मिशन की घोषणा की थी। इसके बाद 23 अगस्त को ओडिशा के तट पर आईएडीडब्ल्यूएस का सफल परीक्षण किया गया था।



■ ड्रोन-फाइटर जेट के हमलों को नाकाम करेगा, अगस्त में सफल परीक्षण किया जा चुका

## संक्षिप्त समाचार

### रामगोपाल की हत्या के मामले में 10 मुख्य आरोपी दोषी करार

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में 13 अक्टूबर 2024 को दुर्गा पूजा विसर्जन जुलूस के दौरान रामगोपाल मिश्रा की हत्या के मामले में मंगलवार शाम को महत्वपूर्ण कार्रवाई हुई। एडीजे फर्स्ट पवन कुमार शर्मा की कोर्ट ने इस मामले में 10 मुख्य आरोपियों को दोषी ठहराया है। दोषियों को सजा का ऐलान 11 दिसम्बर को किया जाएगा। लंबी सुनवाई के बाद, कोर्ट ने 10 आरोपियों को अब्दुल हमीद, फहीम, सरफराज उर्फ रिकू, मोहम्मद तालिब उर्फ सबलू, सैफ अली, जावेद खान, मोहम्मद जीशान उर्फ राज उर्फ साहिर, शोएब खान, ननकऊ और मारूफ को दोषी पाया। वहीं खुर्शीद, शकील अहमद उर्फ बबलू और मोहम्मद अफजल उर्फ कल्लू को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया।

### राजगोपालाचारी को मोदी ने किया नमन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी सी. राजगा. पालाचारी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें 20वीं सदी के सबसे तेज दिमाग वाले लोगों में से एक बताया। मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि स्वतंत्रता सेनानी, विच. ारक, बुद्धिजीवी, राजनेता ये कुछ ऐसे शब्द हैं, जो सी. राजगा. पालाचारी को याद करते समय मन में आते हैं। उन्होंने कहा कि राजगोपालाचारी 20वीं सदी के सबसे तेज दिमाग वाले लोगों में से एक थे, जो मूल्यों और इंसान की गरिमा बनाए रखने में विश्वास करते थे। उन्होंने कहा कि हमारा देश उनके स्थाई योगदान को कृतज्ञता के साथ याद करता है। उल्लेखनीय है कि राजगोपालाचारी को राजाजी के नाम से जाना जाता है। वह भारत के आखिरी गवर्नर-जनरल और महात्मा गांधी के करीबी सहयोगी थे।

# वेस्ट यूपी के कई जिलों का प्रदूषण स्तर 400 के पार पहुंचा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ/मेरठ।** यूपी के कई जिलों का प्रदूषण स्तर इन दिनों बढ़ा हुआ है। इनमें हापुड़, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, गाजियाबाद और मेरठ जैसे जिले शामिल है। यहां का एक्यूआई लगभग 400 तक पहुंच गया है। प्रदूषण के कारण लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे मरीज जिन्हें सांस की बीमारी है, उन्हें खास दिक्कत हो रही है।

बुधवार को लखनऊ का एयर क्वालिटी इंडेक्स सुबह 338 था, वहीं दोपहर 2 बजे 210 एक्यूआई दर्ज किया गया। शहर के इंडस्ट्रियल एरिया का प्रदूषण स्तर भी काफी बढ़ा हुआ है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) की रिपोर्ट के मुताबिक लखनऊ में छह जगह ऐसी हैं, जहां का एयर क्वालिटी इंडेक्स आमतौर पर बढ़ा रहता है। सुबह और शाम इन दिनों यहां एयर क्वालिटी इंडेक्स बढ़ा रहता है। बुधवार को लालबाग का एक्यूआई 280, तालकटोरा इंडस्ट्रियल



■ लखनऊ में भी बिगड़ रही आबोहवा, बचाव करना जरूरी

एरिया का 372, केंद्रीय विद्यालय का 231, बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर का 187, गोमतीनगर का 209, कुकरैल पिकनिक स्पॉट का एक्यूआई 109 रहा। सीपीसीबी रिपोर्ट के मुताबिक कुछ जिलों का एक्यूआई 300 के पार है। लगभग 400 एक्यूआई और कुछ जिलों का एक्यूआई 300 के कम है। बुधवार को गाजियाबाद का एक्यूआई 338, गोरखपुर का 210, ग्रेटर नोएडा का 355, हापुड़ का 394, कानपुर 212, लखनऊ का 270, मेरठ का 271, मुरादाबाद का 170, मुजफ्फरनगर का 263, नोएडा का 377, प्रयागराज का 163, वाराणसी का 171 और वृंदावन का एक्यूआई 174 रहा। आईआईटीआर के निदेशक डा. भास्कर नारायण ने बताया कि इस समय उत्तर प्रदेश का प्रदूषण स्तर काफी बड़ा हुआ है। इससे न सिर्फ जनजीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि जीव जंतु भी प्रभावित हो रहे हैं। प्रदूषण का स्तर इस कदर है कि जो स्वस्थ व्यक्ति है, उसको भी सांस लेने में बाहर तकलीफ होती है या फिर बाहर निकलते समय खांसी आनी शुरू हो जाती है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर लोग है सोच लेते हैं कि शायद इस मौसम में खांसी सर्दी जुकाम होता है। सर्दी जुकाम के अलावा खांसी की समस्या प्रदूषण के कारण भी होती है, लेकिन लोग इस बात की ओर ध्यान नहीं देते हैं।

### मरीजों की ओपीडी में संख्या बढ़ी

मेरठ में चेस्ट, श्वांस, एलर्जी क्रिटिकल केयर एक्सपर्ट डा. विरोत्तम तोमर ने बताया कि प्रदूषण के कारण सांस के मरीज, एलर्जी के मरीज, ऐसे मरीज जिनको लगातार छींक आना, नाक बहना, गले में खराश, दमे के रोगी, नाक बहना, सीओपीडी के मरीजों की संख्या ओपीडी में लगातार बढ़ी ही है। मरीजों की संख्या में 40 फीसदी तक बढ़ोतरी हुई है। वायरल निमोनिया, बैक्टीरियल निमोनिया और फंगल निमोनिया के भी मामले में सामने आ रहे हैं। डा. विरोत्तम तोमर ने कहा कि अस्थमा रोगी हैं या सीओपीडी के मरीजों के लिए आवश्यक है कि जब कोहरा होता है, तो उस समय वह वॉक न करें। हो सके तो बेवजह घर के बाहर न जाएं, बीमार सदस्यों के पास छोटे बच्चे और बुजुर्ग न जाएं। घर पर आराम करें पानी ज्यादा पियें। डा. विरोत्तम तोमर कहते हैं कि अगर अस्थमा अटैक बढ़ रहा है, तो उन पर ध्यान देना होगा। जैसे कोई व्यक्ति अपनी पूरी बात एक वाक्य में नहीं कह पा रहा हो, सांय-सांय की आवाज आ रही हो या छाती में जकड़न या कसावट बढ़ती जा रही हो, सांस फूल रही है, ठीक से कोई लेट नहीं पा रहा हो, तो तत्काल चिकित्सक से परामर्श लें।

# हमारे संविधान की दृष्टि में निहित हैं मानवाधिकार: मुर्मू

नई दिल्ली, वार्ता



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को यहां कहा कि मानवाधिकार हमारे संविधान की दृष्टि में निहित हैं और भारत ने मानवाधिकारों के वैश्विक ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

श्रीमती मुर्मू ने यह बात राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा आयोजित मानवाधिकार दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार दिवस हमें यह याद दिलाने का अवसर है कि सार्वभौमिक मानवाधिकार अविभाज्य हैं और वह एक न्यायपूर्ण, समान और दयालु समाज की नींव तैयार करते हैं। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने मानव गरिमा, समानता और न्याय पर आधारित दुनिया की कल्पना की थी। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार सामाजिक लोकतंत्र को बढ़ावा देने के साथ बिना किसी डर के जीने का अधिकार, बिना किसी बाधा के सीखने का अधिकार, बिना किसी शोषण के काम करने का अधिकार और गरिमा के साथ वृद्धावस्था बिताने का अधिकार प्रदान करता है। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि हमने दुनिया को याद दिलाया है कि मानवाधिकारों को विकास से अलग नहीं किया जा सकता। भारत ने हमेशा इस शाश्वत सत्य का पालन किया है: न्याय के बिना शांति नहीं है।

# हम यूपी में विस चुनाव को पूरी तरह तैयार: सपा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में राष्ट्रीय जनता दल नीत महागठबंधन की हार पर बड़ा बयान दिया है। अखिलेश ने कहा कि यूपी, बिहार नहीं है, हम यूपी में पूरी तरह से तैयार हैं। बिहार के संदर्भ में अखिलेश ने कहा कि मैंने खुद बिहार में प्रचार किया, लेकिन मुझे कहीं नहीं लगा कि महागठबंधन हार रहा है। मुझे लगा कि तेजस्वी सीएम बनेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसा लगा ही नहीं था कि तेजस्वी हार जाएंगे।

अखिलेश ने कहा कि ईवीएम में भी गड़बड़ी कई जगह सामने आई। अखिलेश ने कहा कि एक दिन ईवीएम को हटाना ही पड़ेगा। सपा मुखिया ने दावा किया कि चुनाव के दौरान जो 10 हजार रुपये दिए गए, उसका भी असर रहा। यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश ने कहा कि अब बिहार सरकार 10



■ बिहार में ईवीएम और दस हजार के चक्कर में हारा महागठबंधन

हजार रुपये नहीं दे रही है। अखिलेश ने प्रशांत किशोर का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर की पार्टी हार गई। जब वह जमीन पर गए होंगे, तो उन्हें पता चला होगा कि बीजेपी कैसे नैरेटिव बनाती है। गानों पर नैरेटिव बना देती है.,कोई एआई से गानाबना दे , तो उसका भी नैरेटिव बना देती है। अखिलेश ने कहा कि यूपी का चुनाव बिहार से बहुत अलग होता है। हम राज्य में चुनाव के लिए अभी से तैयार हैं। सपा नेता ने कहा कि हमारी पार्टी पूरी सावधानी से काम कर रही है।

## गोरखनाथ विवि के संस्थापक सप्ताह समारोह में बोले सीएम योगी

# स्मार्टफोन व ड्रग्स युवाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती

गोरखपुर, वार्ता

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज युवाओं के सामने दो चुनौतियां हैं। एक ड्रग्स का और दूसरा मोबाइल या स्मार्टफोन का नशा, इन दोनों नशों से बचना होगा। इनसे युवा जितना बच पाएंगे, उतना ही खुद को और देश के भविष्य को भी बचा पाएंगे।

नशे से बचकर ही युवा अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन कर पाएंगे। सीएम योगी बुधवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 93वें संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन पर आयोजित मुख्य महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह भी मौजूद रहे, जिनका स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री



■ मुख्यमंत्री ने कहा कि इनसे बचेंगे, तो भविष्य बचा पाएंगे

ने युवाओं को मोबाइल फोन के नशे से दूर रहने की सलाह दी। एक शिक्षक और अभिभावक के रूप में मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि आपको सतर्क रहना होगा, क्योंकि नशा माफिया तेजी के साथ युवा पीढ़ी को अपनी चपेट में लेने का कुत्सित प्रयास करता है। अकाद. मिक संस्थाओं को भी इसके प्रति उतना ही अलर्ट रहना पड़ेगा। सीएम योगी ने कहा कि युवाओं को इसके खिलाफ एक नई लड़ाई लड़ने के लिए अपने आप को तैयार करना पड़ेगा, क्योंकि देश का दुश्मन किसी न किसी रूप में आपके बीच में घुसना चाहता है, उसको हम अवसर न दें। योगी ने कहा कि स्मार्टफोन पर युवाओं का अत्यधिक समय खर्च हो रहा है, इसको कम करना होगा। हालांकि एकाएक यह कर पाना कठिन होगा, इसलिए धीरे-धीरे कम करिए। आवश्यक हो तभी आधा या एक घंटा तक ही आप मोबाइल फोन का इस्तेमाल करिए। समय तय करिए कि मुझे जब आवश्यक बात करनी है तभी बात करूंगा, अनावश्यक नहीं। सीएम योगी ने कहा स्मार्टफोन का अत्यधिक उपयोग आपकी आंख की साइट को प्रभावित करेगा। मस्तिष्क को कुंद कर देगा, बुद्धि, विवेक और शारीरिक क्षमता को भी यह पूरी तरह कमजोर कर देगा।

### 19 दिसम्बर से शुरू होगा उप्र विधानमंडल का शीतकालीन सत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 19 दिसम्बर से प्रारंभ होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कैबिनेट ने मंगलवार को 'बाई सर्कुलेशन' के माध्यम से सत्र की तिथियों को मंजूरी दे दी। अब इस प्रस्ताव पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की स्वीकृति के बाद आधिकारिक अधिससूचना जारी की जाएगी। सत्र 19 से 24 दिसम्बर तक चलेगा। हालांकि बीच में 21 दिसम्बर (रविवार) को अवकाश होने के कारण प्रभावी रूप से चार कार्य दिवस ही उपलब्ध रहेंगे। संक्षिप्त अवधि को देखते हुए सरकार ने अपनी प्राथमिकताएं तय कर ली हैं। सत्र के दौरान सरकार का प्रमुख कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रथम अनुपूरक बजट पेश करना होगा। इसमें विभिन्न विभागों की अतिरिक्त जरूरतों के लिए धनराशि का प्रावधान किया जाएगा।

### नए उत्तर प्रदेश में खेती-किसानी अब निराशा नहीं, नवआशा की प्रतीक: योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि नए उत्तर प्रदेश में खेती-किसानी अब निराशा नहीं, नवआशा की प्रतीक है। उन्होंने कहा कि किसान वही मेहनत वही, खेत वही, प्रशासन वही, अधिकारी वही, इच्छाशक्ति वही फिर क्या वजह थी कि परमात्मा एवं प्रकृति की असीम कृपा वाले उत्तर प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकारों में किसान अपनी अपेक्षा के मुताबिक उत्पादन करने की बजाय आत्महत्या को मजबूर हो रहे थे।



सेंसेक्स 84391.27
निफ्टी 25758



सोना रु. 117330
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)


## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 190000
प्रति किलो



# लगातार तीसरे दिन लुढ़के शेयर बाजार



**मुंबई।** रुपये में गिरावट से बुधवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक संसेक्स 275.01 अंक (0.32 प्रतिशत) टूटकर 84,391.27 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 81.65 अंक यानी 0.32 प्रतिशत उतरकर 25,758 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का 11 नवम्बर के बाद का निचला स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा बिकवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.12 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.90 प्रतिशत गिरा। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, आईटी, बैंकिंग और वित्त क्षेत्र की कंपनियों में ज्यादा गिरावट रही। मीडिया, धातु, फार्मा और तेल एवं गैस सेक्टरों में तेजी रही। संसेक्स की कंपनियों में इटरनल का शेयर लगभग तीन फीसदी की गिरावट में बंद हुआ। ट्रेंट का शेयर डेढ़ प्रतिशत और भारती एयरटेल का एक प्रतिशत से अधिक टूट गया। इंफोसिस में भी लगभग एक प्रतिशत की तेजी रही।

### स्पाइसजेट ने की 100 अतिरिक्त उड़ानों की घोषणा

**नई दिल्ली।** इंडिगो संकट के बीच किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट ने विटर शिड्यूल के दौरान रोजाना 100 अतिरिक्त उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। स्पाइसजेट ने बुधवार को एक बयान में कहा कि 'महत्वपूर्ण मार्गों पर बढ़ती मांग' के मद्देनजर उसकी योजना रोजाना 100 अतिरिक्त उड़ानें शुरू करने की है। नियामकीय मंजूरियां मिलने के बाद ए उड़ानें शुरू की जा सकेंगी।

उल्लेखनीय है कि इंडिगो संकट के बीच नागर विमानन महानिदेशालय ने इंडिगो को विडर शिड्यूल की उड़ानों में 10 प्रतिशत की कटौती करने का आदेश दिया है। इस आदेश के बाद उसे रोजाना 210 से अधिक उड़ानें कम करनी होंगी। उनकी जगह दूसरी एयरलाइंस को मौका दिया जाएगा। स्पाइसजेट की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि पिछले दो महीने में उसके बेड़े में विमानों की संख्या में 17 की वृद्धि हुई है।

# चांदी ने बनाया नया रिकॉर्ड छुआ अपना ऑल-टाइम हाई

**नई दिल्ली।** बुधवार को चांदी ने एक बार फिर अपना आल-टाइम हाई छू लिया है। एमसीएक्स पर पहली बार इसकी कीमत 1.90 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के पार चली गई। घरेलू वादा बाजार एमसीएक्स पर बुधवार को सुबह 9 बजे के आसपास चांदी की कीमतों में उछाल दिखा।

इसके साथ ही चांदी ने पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। आज सोने के भाव भी बढ़े हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए)के अनुसार बुधवार 24 कैरेट सोना बुधवार सुबह 117330 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। लेबर मार्केट ठंडा पड़ रहा है और महंगाई फेड के 2 फीसदी के लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है, ऐसे में फेडरल रिज़र्व का फैसला अहम होगा। अमेरिका में 29 नवंबर को खत्म हुए हफ्ते में शुरुआती बेरोज़गारी के दावे घटकर 1,91,000 पर आ गए। ये तीन साल से ज़्यादा समय में सबसे निचला लेवल है और 2,20,000 के अनुमान से काफी कम है। कोमेरिका इकोनॉमिक्स को उम्मीद है कि फेडरल ओपन मार्केट कमेटी बुधवार को साल की अपनी आखिरी मीटिंग में फेडरल फंड्स रेट को 25 बेसिस प्वाइंट घटाकर 3.50 प्रतिशत की रेंज में कर देगी। हालांकि इंटरेस्ट रेट में कटौती की उम्मीदें सोने को सपोर्ट कर रही हैं, लेकिन बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी कीमतों पर दबाव डाल रही है।

# चावल कमजोर, गेहूं, चीनी, दालों और खाद्य तेलों के दामों में बढ़ोतरी

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव टूट गए। वहीं गेहूं और चीनी की कीमतों में तेजी रही। दालों और खाद्य तेलों के दाम भी बढ़ गए। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत तीन रुपये घटकर 3,850.77 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं तीन रुपये महंगा हुआ और 2,850.29 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत छह रुपये बढ़ी। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल औसतन 33 रुपये और चना दाल 25 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल की कीमत 15 रुपये और मूंग दाल की 12 रुपये बढ़ी। उड़द दाल 11 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 45 रिंगिट चढ़कर 4,061 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.67 प्रतिशत गिरकर में 51.36 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 152 रुपये और वनस्पति 95 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल की कीमत 46 रुपये और पाम ऑयल की 39 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। सूरजमुखी तेल 38 रुपये और मूंगफली तेल 30 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत दो रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी आठ रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7860.97 रुपये, मसूर काली 8182.93 रुपये, मूंग दाल 10115.04 रुपये, उड़द दाल 10365.45 रुपये, तुअर दाल 10599.03 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2850.29 रुपये और चावल 3850.77 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3299.15 प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4330.28 रुपये और गुड़ 504. 96 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17735.82 रुपये, मूंगफली तेल 17735.82 रुपये, सूरजमुखी तेल 15727.41 रुपये, सोया तेल 13836. 55 रुपये, पाम ऑयल 12432.64 रुपये और वनस्पति 14507.57 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।



## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**घुसपैठिए तय...**

का संदेश देने की कोशिश की गई कि हम चर्चा नहीं करना चाह रहे हैं। हम भाजपा और एनडीए के लोग चर्चा से कभी नहीं भागे, चर्चा के लिए हमने न कहा कि इसके पीछे भी कारण थे। विपक्ष एसआईआर की डिटेल में समीक्षा की मांग कर रहा है, जो संभव नहीं है, क्योंकि यह चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है। हम चुनाव नहीं करवाते हैं। इस पर चर्चा होगी तो जवाब कौन देगा, जब ये चुनाव सुधार पर चर्चा के लिए तैयार हुए, हमने दो दिन चर्चा की। अमित शाह ने कहा कि चर्चा तय हुई चुनाव सुधार पर, लेकिन विपक्ष के सदस्यों ने एसआईआर पर ही बोला।

जवाब तो मुझे देना पड़ेगा। मैंने पहले के भी सभी एसआईआर का गहन अध्ययन किया है और कांग्रेस की ओर से फैलाए गए झूठ का अपने तर्कों के हिसाब से जवाब देना चाहता हूं। चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है। शाह ने कहा कि विपक्ष एसआईआर का मुद्दा छेड़कर बहस को भटकाना चाहता था, जबकि सरकार व्यापक चुनावी सुधारों पर सार्थक चर्चा चाहती थी। गृह मंत्री ने कहा कि चुनाव के लिए चुनाव आयोग जिम्मेदार है, यह व्यवस्था जब बनी, तब हम थे ही नहीं। अनुच्छेद 324 में चुनाव आयुक्त को विशेष अधिकार दिए गए। अनुच्छेद 326 में मतदाता की पात्रता तय की गई है। मनीष तिवारी कह रहे थे कि एसआईआर का अधिकार चुनाव आयोग को है ही नहीं, तो उनको बताना चाहता हूं कि यह अधिकार चुनाव आयोग को अनुच्छेद 327 में है। अमित शाह ने कहा कि 2000 के बाद तीन बार एसआईआर हुआ और दो बार भाजपा-एनडीए की सरकार थी, एक बार मनमोहन सिंह की सरकार थी। तब किसी ने विरोध नहीं किया। यह चुनाव को पवित्र रखने की प्रक्रिया है। चुनाव जिस आधार पर होते हैं, वह वोटर लिस्ट ही अशुद्ध है, तो चुनाव कैसे पवित्र हो सकते हैं। अमित शाह ने कहा कि घुसपैठिए यह तय नहीं कर सकते कि सीएम-पीएम कौन हो।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले से एसआईआर हुआ। चुनाव आयोग की ड्यूटी है यह तय करना कि कौन मतदाता है और कौन नहीं। राहुल गांधी के परमाणु बम वाले दावे पर अमित शाह ने कहा कि वह हरियाणा का एक मकान नंबर बताते हुए दावा करते हैं कि इस घर में इतने वोटर हैं। चुनाव आयोग ने वेरिफिकेशन किया, तो यह दावा ही गलत था। वोट चोरी का फर्जी नैरेटिव बनाने की कोशिश हो रही है। मैंने राहुल गांधी के चेहरे पर चिंता की लकीरें देख ली हैं। मैं आपके उकसावे में नहीं आऊंगा, लेकिन मैं अपने क्रम में ही बोलूंगा। मेरा भाषण मेरे क्रम से ही चलेगा। लेकिन वे विपक्ष के नेता हैं, तो उन्हें बोलने का अधिकार है। मैं समझ सकता हूं कि वो ऐसा क्यों बोल रहे हैं, लेकिन आपको हमारी भी सुननी चाहिए। हमने कल बीच में खड़े होकर नहीं कहा था कि आप झूठ बोल रहे हैं।

# कांग्रेस लोकतंत्र पर आंच नहीं आने देगी

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस के के सी वेणुगोपाल ने बुधवार को लोक सभा में कहा कि सत्तारूढ़ दल संवैधानिक संस्थाओं और चुनाव आयोग का दुरुपयोग कर रही है, लेकिन उनकी पार्टी 'वोट चोरी' के विरुद्ध लड़ती रहेगी और जनता के सहयोग से लोकतंत्र पर कोई आंच नहीं आने देगी।

वेणुगोपाल ने चुनाव सुधारों पर मंगलवार को अधूरी रह गई चर्चा की बुधवार को शुरुआत करते हुए कहा कि लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए तरह-तरह के तरीके निकाले जा रहे हैं, लेकिन वह पूरे विश्वास के साथ कह रहे हैं कि लोकतंत्र पर आंच नहीं आने दी जाएगी। लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनता उठ खड़ी होगी और क्रांति लाएगी। उन्होंने कहा कि आज निष्पक्ष चुनाव का विचार बदल दिया गया है। चुनाव के समय प्रवर्तन निदेशालय, केन्द्रीय जांच ब्यूरो, आयकर विभाग सक्रिय हो जाते हैं और विपक्षी दलों के नेताओं और उनके दलों को निशाना बनाया जाता है। पिछले लोकसभा चुनावों के ऐन पहले कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज कर दिए जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आयकर विवरणी दाखिल करने में मात्र कुछ दिनों की देरी के लिए कांग्रेस जैसे राष्ट्रीय दल के खाते फ्रीज कर दिए गए। यह सारे क्रियाकलाप लोकतंत्र के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं।

### वोट चोर, गद्दी छोड़, रैली की तैयारियों में जुटी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रामलीला मैदान में 14 दिसम्बर रविवार को होने वाली कांग्रेस की 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली की तैयारियां जोरों पर हैं। पार्टी नेतृत्व ने दिल्ली से सटे राजस्थान, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को रैली में लाने पर जोर दिया है। इन राज्यों में पिछले 15 दिनों से लगातार तैयारियों का दौर चल रहा है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि रैली को सफल बनाने के लिए कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और कोषाध्यक्ष अजय माकन गुरुवार को जयपुर दौरे पर रहेंगे। जयपुर में गुरुवार शाम को कांग्रेस वॉर रूम में प्रदेश के प्रमुख नेताओं की बैठक कर तैयारियों पर चर्चा करेंगे। लेंगे। राजस्थान के साथ ही हरियाणा, उत्तराखंड और पश्चिम उत्तर प्रदेश में भी समन्वय बनाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस नेतृत्व ने प्रदेश से आने वाले कार्यकर्ताओं और नेताओं की सूची तैयार करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष और प्रभारी को यह जिम्मेदारी सौंपी हैं। दिल्ली से सटे सभी राज्यों के अध्यक्षों को ज्यादा संख्या में लोगों को लाने के निर्देश दिए गए हैं। दिल्ली कांग्रेस ने भी रैली को सफल बनाने के लिए कमर कस ली है। रैली की तैयारी के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale










**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सड़क हादसे में नवयुवक की मौत

## परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से किया इंकार, चालक छुड़वाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** तेज रफ्तार एक स्विफ्ट कार की जोरदार टक्कर लगने से बुलेट मोटर साइकिल पर सवार एक नवयुवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम नही कराया और जिनकी कार से टक्कर हुई उनको मृतक के परिजनों ने माफ कर दिया। इस मामले में कोई भी पुलिसिया कार्यवाही नहीं हुई।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव परासौली निवासी करीब 19 वर्षीय लविश मलिक पुत्र इरशाद अहमद रोजाना की भांति आज बुधवार की दोपहर समीपवर्ती गांव जौला में स्थित एकेडमी से अपने गांव परा. सोली बुलेट मोटर साइकिल पर आ रहा था। वह अकेला ही था। जब वह गांव जौला में ही स्थित मुन्ना के भट्टे के समीप आया तो विपरीत दिशा से कांधला की और से तेज़ी से आ रही एक स्विफ्ट कार के चालक ने बडी लापरवाही से कार चलाते हुए कार की टक्कर बुलेट मोटर साइकिल में मार दी। जिसमें बुलेट मोटर साइकिल सवार नवयुवक लविश मौके पर ही सिर के बल सड़क पर गिर गया और दम तोड दिया। आसपास के लोगों ने भागकर कार चालक को पकड़ लिया। उधर लविश को मौके पर पहुंची पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया तो चिकित्सकों ने लविश को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहा लेकिन परिजनों ने शव का पीएम कराने से मना कर दिया और आरोपी कार चालक को भी छुड़वा दिया।

## बेकाबू कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

- **तेवड़ा का राजीव व सरधना का विशाल बाइक से जा रहे थे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** जौली-बेहड़ा मार्ग पर अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। सहायता टीम व पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से अस्पताल भेजा।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव तेवड़ा निवासी राजू व मेरठ के सरधना निवासी विशाल बाइक द्वारा बेहड़ा सादात से जौली की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह खोकनी पुलिया के पास पहुंचे तभी जौली की ओर से आ रही तेज रफ्तार एक अज्ञात कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमे दोनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए।


सूचना पर पहुंची सहायता टीम व थाना पुलिस ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से भोपा सीएचसी भिजवाया। जहां से गम्भीर हालत के चलते दोनों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

# बीस हजार की रिश्वत लेते चकबंदी लेखपाल गिरफ्तार

## एंटी करप्शन टीम ने शहर कोतवाली में दर्ज कराया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सहारनपुर से आई एंटी करप्शन की टीम ने चरथावल क्षेत्र के चकबंदी लेखपाल राजन कुमार शर्मा को 20 हजार रूपये की श्वित लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। किसान से यह रिश्वत जमीन की पैमाइश के नाम पर मांगी गई थी। आरोपी लेखपाल के खिलाफ शहर कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। सरकारी भ्रष्टाचार के मामले में पडोसी जिलों में लगातार हो रही कार्रवाई के बावजूद रिश्वतखोरी का खेल थम नहीं पा रहा है। दरअसल सरधना निवासी किसान नरेंद्र कुमार शर्मा ने अपनी जमीन की पैमाइश कराने के लिए चकबंदी लेखपाल से संपर्क साधा था। इस



काम के लिए वह बार उसे चक्कर कटवा रहा था आरोप है कि चकबंदी लेखपाल राजन कुमार ने इसके बदले किसान से श्वित मांगी थी। किसान नरेन्द्र कुमार ने कम राशि का ऑफर दिया था, लेकिन चकबंदी अपनी मांग पर अडिग रहा। रिश्वत की रकम तय करने के बाद किसान नरेन्द्र ने सहारनपुर एंटी करप्शन के अधिका. रियों से संपर्क कर चकबंदी लेखपाल की शिकायत की थी। जांच में आरोप की पुष्टि होने के कारण धरपकड के लिए विशेष टीम गठित की गई थी। चकबंदी लेखपाल राजन कुमार शर्मा ने किसान को 20 हजार रूपये लेकर आज रामपुरी स्थित कार्यालय बुलाया था, जहां पर रकम पकडते ही पहले से ही जाल बिछाए बैठी एंटी करप्शन की टीम ने लेखपाल को मौके पर ही दबोच लिया। तत्काल उसे शहर कोतवाली लाया गया, जहां पर इंस्पेक्टर जसपाल सिंह के नेतृत्व में उससे पूछताछ की गई। एंटी करप्शन की टीम ने उसके आफिस पर आवास की भी तलाशी ली है।

## बस की टक्कर से घायल युवक पैर से हुआ अपाहिज

**मुजफ्फरनगर।** रोडवेज बस की टक्कर में गंभीर रूप से घायल युवक के परिजनों ने जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर दोषी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। परिवार का कहना है कि हादसे में युवक का बांया पैर काटना पड़ा, जबकि दूसरे पैर की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। आशु मोटरसाइकिल संख्या यूपी 12 बीजेड 6623 से बुढ़ाना मोड़ से मुजफ्फरनगर आ रहा था। पीछे मोहित पुत्र नरेश निवासी खाजापुर सवार था।

पीछे से रोडवेज बस ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर में आशु व मोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां हालत गंभीर होने पर आशु को डॉ. मोहम्मद रजा फारुखी के अस्पताल में रेफर किया गया। डॉक्टरों ने उसकी नाजुक स्थिति देखते हुए बांया पैर काटना पड़ा।



मुजफ्फरनगरः एसआईआर अभियान की जानकारी लेते सहारनपुर मण्डलायुक्त।

## स्कूलों में वाई-फाई से चलेंगी स्मार्ट कक्षा

**मुजफ्फरनगर।** जिले के परिषदीय स्कूलों को सीबीएसई की तर्ज पर हाई-फाई बनाने के लिए जिले में जल्द ही 126 विद्यालयों में नई स्मार्ट कक्षाएं संचालित होगी। इसके अलावा पहले से 159 विद्यालयों की स्मार्ट कक्षाओ को वाई-फाई से जोडा जाएगा। 951 परीषदीय, उच्च प्राथमिक स्कूलों से लेकर कम्पोजिट तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कुल 285 विद्यालयों में स्मार्ट कक्षा संचालित होगी। नई शिक्षा नीति के तहत इन सभी स्कूलों को स्मार्ट क्लास के लिए वाई-फाई सुविधा से लेस करने की संस्तुति हो गई है। इसके लिए कई स्कूलों में सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) फंड से स्मार्ट क्लास शुरू कराई गई है।

# पुलिस रवैये के खिलाफ एसएसपी से मिलकर जमीयत प्रतिनिधि मण्डल ने मांगा इंसाफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के कच्ची सड़क चौकी पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए जमीयत उलेमा-ए-हिन्द के प्रतिनिधि मण्डल ने एसएसपी से मुलाकात कर चौकी इंचार्ज पर कार्यवाही की मांग की। एसएसपी ने इस मामले की जांच एसपी सिटी को सौपी है।

जमीयत उलेमा हिन्द के जिलाध्यक्ष मौलाना मुकर्रम अली कासमी ने बताया कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मदीना चौक स्थित मस्जिद के मोअज्जन इरफान के साथ कच्ची सड़क चौकी इंचार्ज विनोद चौधरी और अन्य पुलिसकर्मियों ने लाउडस्पीकर को लेकर अभ्रद



टिप्पणी की और उनसे मारपीट की। जिससे उन्हे गंभीर चोटे आई। और इस मामले की सीसीटीवी की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई जिससे क्षेत्र में तनाव बढ़ गया। उन्होने आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की उन्होने कहा कि इस मामले से मुस्लिमों की भावनाएं आहत हुई है। एसएसपी ने कार्यवाही का आश्वासन देते हुए इस मामले की जांच एसपी सिटी को सौंपी है।

# कमिश्नर ने देखी एसआईआर अभियान कार्य की प्रगति

- **सदर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रो का किया स्थलीय निरीक्षण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सहारनपुर मंडलायुक्त डॉ. रुपेश कुमार ने सदर विधान सभा क्षेत्र के मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज और पुरुषार्थी पब्लिक स्कूल में मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एसआईआर कार्य की अद्यतन स्थिति और प्रगति का जायजा लिया। मंडलायुक्त ने एसआईआर हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण किया और उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि हेल्प डेस्क पर आने वाले सभी नागरिकों की समस्याओं का तुरंत समाधान करते हुए उनका एसआईआर फॉर्म भरवाया जाए, जिससे समय पर और 100 प्रतिशत लक्ष्य पूरा किया जा सके। बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों की जानकारी लेने और जमा कराने की प्रक्रिया का अवलोकन भी किया गया। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि जिन मतदाताओं के गणना प्रपत्र अब तक जमा लक्ष्य पूरा किया जा सके।

बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों की जानकारी लेने और जमा कराने की प्रक्रिया का अवलोकन भी किया गया। उन्होने निर्देश दिए कि उनके घर जाकर शीघ्र फार्म जमा कराया जाए। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की कि अंतिम तिथि का इंतजार न करें और अपने फार्म जल्द से जल्द संबंधित बीएलओ को सौंपें।

## पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल कराए:डीएम

**मुजफ्फरनगर।** विधान सभा निर्वाचन के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं एडीएम फाइनेंस गजेंद्र सिंह ने बुधवार को पुरुषार्थ स्कूल स्थित नामांकन केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उपस्थित बीएलओ, सुपरवाइजरों से कार्य प्रगति के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें समयबद्ध तरीके से मतदाता सूची में सुधार कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बूथ लेवल अधिकारियों से मतदाताओं के दावे आपत्ति, नामजदगी एवं सुधार संबंधी फॉर्म की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराए जाएं और अपात्र नामों को नियमानुसार हटाया जाए। एडीएम फाइनेंस गजेंद्र सिंह ने बूथ पर उपलब्ध अभिलेखों की जांच की और बीएलओ को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी गंभीरता से निभाएं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने दावों-आपत्तियों की एंट्री, फिजिकल वेरिफिकेशन एवं अपलोड प्रक्रिया का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रत्येक समयावधि को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए ताकि आगामी चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार की व्यवधान न हो। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी, बीएलओ, पर्यवेक्षक एवं स्कूल प्रशासन के लोग मौजूद रहे।

## दुर्घटना में बाइक सवार की मौत, पत्नी घायल

**मंसूरपुर।** सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। गांव जडौदा निवासी 42 वर्षीय सोनू पुत्र ताराचंद अपनी पत्नी ममतेश के साथ बाइक पर सवार होकर खतौली की ओर जा रहा था जैसे ही वह हाईवे पर नावला कट के निकट पहुंचा तो तेज रफ्तार से आए कैंटर ने उन्हे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे दम्पत्ति दूर सडक पर जा गिरे,सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलों को बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने सोनू को मृत घोषित कर दिया। गंभीर हालत में उसकी पत्नी ममतेश का उपचार चल रहा है।

# हॉर्न बजाने को लेकर दो समुदाय भिड़े

## भाजपा नेता के पुत्र पर कार का शीशा तोड़ने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** बुधवार को जीटी रोड स्थित पटेल मूर्ति के पास नई आबादी मोड़ पर उस समय तनावपूर्ण हालात बन गए, जब कार का हॉर्न बजाने को लेकर दो समुदायों के लोगों में कहासुनी मारपीट में बदल गई। विवाद के दौरान नगर के एक भाजपा नेता के पुत्र पर कार में ईंट मारकर शीशा तोड़ने का आरोप लगाया गया। घटनास्थल पर देखते ही देखते भीड़ जुट गई, जिसके बाद पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा।

### उपचार के लिए जा रहे दंपती से हुआ विवाद

जानकारी के अनुसार, नई आबादी निवासी नोशाद पुत्र इरफान अपनी पत्नी को इलाज के लिए कार से डॉक्टर के पास ले जा रहा था। भीड़भाड़ के कारण रास्ता न मिलने पर नोशाद ने हल्का हॉर्न बजाया। उसी समय उसके आगे मौजूद भाजपा नेता के पुत्र ने हॉर्न बजाने पर आपत्ति जताई। बात बढ़ी तो दोनों के बीच पहले कहासुनी हुई और फिर मामला हाथापाई तक जा पहुंचा।

### ईंट मारकर तोड़ा कार का शीशा

विवाद के बीच गुस्से में भाजपा नेता के पुत्र ने कार पर ईंट फेंक मारी, जिससे सामने का शीशा टूट गया। गनीमत रही कि कार में बैठी नोशाद की पत्नी को कोई चोट नहीं लगी।

### भीड़ पर पुलिस की सख्ती, कार को लिया कब्जे में

घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। बढ़ती भीड़ और तनाव को देखते हुए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर लोगों को तितर-बितर किया। क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कर दिया गया।

### थाने में दोनों पक्षों की लगी भीड़

घटना के बाद दोनों समुदायों के लोग बड़ी संख्या में कोतवाली पहुंच गए, जिससे माहौल कुछ देर के लिए तनावपूर्ण हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है। समाचार भेजे जाने तक आपसी समझौते के प्रयास जारी थे। कोतवाली पुलिस ने कहा है कि जांच के आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सुरक्षा गार्ड की मौत की जांच शुरू

**मुजफ्फरनगर।** बीती रात द्वारिका सिटी में नाबालिग के हाथ से बंदूक का ट्रिगर दबने से चली गोली से हुई सुरक्षा गार्ड की मौत की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए नाबालिग को अभिरक्षा में ले लिया है। बताया जाता है कि नई मंडी क्षेत्र के द्वारिका सिटी में एक निर्माणाधीन मकान पर मंसूरपुर क्षेत्र के गांव लच्छेडा निवासी बिजली मिस्त्री बबलू काम कर रहा था। उनका नाबालिग पुत्र भी उनके साथ आया था। ड्यूटी पर तैनात बेहडा थ्रू निवासी सुरक्षा गार्ड जोगेन्द्र से किशोर ने उसकी लाईसेंसी बंदूक ले ली और फोटो खिंचवाते समय उसके साथ से ट्रिगर दब गया। जिसमें सुरक्षा गार्ड की मौत हो गई थी।

# शिव मंदिर का ताला तोड़कर दानपात्र चोरी होने से हड़कंप

## सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों व पूजारी ने की तलाश, खेत में पड़ा मिला दानपात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** बहुपुरा गांव में आधी रात में चोरों ने शिव मंदिर का ताला तोडकर दान पात्र चोरी कर लिया। मंदिर मे चोरी की घटना के बाद ग्रामीण मंदिर पहुंच गए और दान पात्र को तलाश किया तो दानपात्र पास के खेत में पडा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी। मंदिर में हुई चोरी की घटना से हड़कंप मच गया है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव बहुपुरा स्थित शिव मंदिर के पुजारी तेजनाथ व सोमनाथ ने बताया कि बुधवार की सुबह उन्होंने देखा कि मंदिर के गेट पर जंजीर का ताला टूटा पडा है और अंदर से दान पात्र गायब है। सूचना पर अनेक ग्रामीण मौके पर आए गए और इधर उधर तलाश किया तो खाली दानपात्र खेतों में पडा मिला। मंदिर में हुई चोरी से हड़कंप मच गया।

मंदिर से चोरी होने की सूचना जैसे ही ग्रामीणों को लगी तो यहां लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो गई। सूचना पर उप निरीक्षक विवेक चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और चोरी की घटना की जांच पड़ताल की। प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि चोरी की सूचना प्राप्त हुई थी मौके पर जाकर पुलिस द्वारा निरीक्षण किया गया है जल्द ही घटना का राजफाश किया जाएगा।



# रात में सड़कों पर अलाव व्यवस्था देखने निकले अफसर

- **रेन बसेरा सहित अन्य स्थानों पर देखी व्यवस्था**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के निर्देश पर कड़ाके की ठंड और शीतलहर से लोगों को राहत दिलाने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार ने देर रात को शहर में स्थापित स्थायी व अस्थायी रैन बसेरों और अलाव की व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण अभियान में उप जिलाधिकारी सदर प्रवीण द्विवेदी, नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान टीम ने साईं मंदिर के समीप स्थित रैन बसेरे, रेलवे स्टेशन के पास संचालित



आश्रय गृह, जानसठ फ्लाईओवर, भोपा फ्लाईओवर और शहर के अन्य स्थानों पर अलाव स्थलों की स्थिति का जायजा लिया।

अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का ध्यानपूर्वक परीक्षण किया और मौके पर मौजूद निराश्रित लोगों से बातचीत कर सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। अपर जिलाधिकारी गजेंद्र कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि रैन बसेरों में कोई भी व्यक्ति जमीन पर न सोये। फोल्डिंग, प्लंग व अन्य आवश्यक संसाधनों की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में औचक निरीक्षण के दौरान कोई व्यक्ति जमीन पर सोता पाया गया तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए इसकी रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

उपाध्याय नयन सागर जैन डिग्री० कॉलेज
शामली करनाल रोड़, झिंझाना जिला शामली
(अल्पसंख्यक संस्थान)
एन.सी.टी.ई. दिल्ली एवं एस.सी.ई.आर.टी. लखनऊ से मान्यता प्राप्त
DIRECT ADMISSION
D.El. Ed. (B.T.C.)
(Code- 730005) SESSION 2025-2027
- D.El.Ed. करने के इच्छुक छात्र-छात्रायें जिनका प्रवेश काउंसलिंग के द्वारा नही हो पाया है वह Direct D.El.Ed. में प्रवेश पाने के लिए महाविद्यालय मे सम्पर्क करें।
- सभी अभ्यार्थियों का चयन मेरिट के आधार पर होगा जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के अर्ह अभ्यार्थियों को वरीयता दी जायेगी।
- इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय की वेबसाइट www.unsjaincollege.co.in/ पर रजिस्ट्रेशन करें।
शासन द्वारा निर्धारित फीस - कोई डोनेशन व अन्य खर्च नही
9568498861, 9536031600
9536031700, 9896070507

बी०एम० कॉलेज ऑफ एजूकेशन
केरटू - झिंझाना जिला शामली
(अल्पसंख्यक संस्थान)
एन.सी.टी.ई. दिल्ली एवं एस.सी.ई.आर.टी. लखनऊ से मान्यता प्राप्त
DIRECT ADMISSION
D.El. Ed. (B.T.C.)
(Code- 730001) SESSION 2025-2027
- D.El.Ed. करने के इच्छुक छात्र-छात्रायें जिनका प्रवेश काउंसलिंग के द्वारा नही हो पाया है वह Direct D.El.Ed. में प्रवेश पाने के लिए महाविद्यालय मे सम्पर्क करें।
- सभी अभ्यार्थियों का चयन मेरिट के आधार पर होगा जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के अर्ह अभ्यार्थियों को वरीयता दी जायेगी।
- इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय की वेबसाइट www.bmcollegekertu.com पर रजिस्ट्रेशन करें।
शासन द्वारा निर्धारित फीस - कोई डोनेशन व अन्य खर्च नही
Contact: 9896070507
8393023900, 9719239708

# भूड़ रजवाहा फिर ध्वस्त, बेकाबू पानी से मचा हाहाकार

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** भूड़ रजवाहा की पटरी बुधवार को एक बार फिर टूट गई, जिससे आसपास की कॉलोनियों में जलभराव का खतरा बढ़ गया। जैसे ही पानी तेज़ी से आबादी की ओर बढ़ा, ग्रामीण भड़क उठे और सिंचाई विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाज़ी शुरू कर दी। मौके पर पहुंचे भाकियू नेता अंकुश प्रधान खुद फावड़ा कंधे पर उठाकर टूटे हिस्से की मरम्मत में जुट गए और विभाग पर गंभीर लाप. रवाही का आरोप लगाया।

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले दो सप्ताह में ही रजवाहा 9ख्10 बार अलग-अलग जगहों से टूट चुका है, लेकिन विभाग की ओर से न तो कोई स्थायी समाधान निक. ाला गया और न ही समय पर टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि दो सप्ताह पहले शुक्रवार रात हुए टूट-फूट के दौरान पानी कॉलोनियों में घुस गया था, जिससे कई घर, कमरे और दुकानें तक जलमग्न हो गए थे। तीन दिन तक लोग गंदे पानी में फंसे रहे, मगर विभागीय अधिक. ारी मौके पर नहीं पहुंचे।बुधवार को एक बार फिर पटरी टूटने के बाद ग्रामीणों का आक्रोश चरम पर पहुंच गया। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी जलभराव की वजह से परेशान हैं। कई घरों की दीवारें और नींव तक कमजोर होने लगी हैं, जिससे मकानों के गिरने का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि रोज़-रोज़ टूट रही पटरी ने उनका जीना मुश्किल कर दिया है। अंकुश प्रधान ने मौके पर पहुंचकर पानी में उतरकर टूटे हिस्से को दुरुस्त करने की कोशिश की और विभाग पर तीखे शब्दों में हमला बोला। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कॉलोनीवासियों को हुए नुकसान की भरपाई और पटरी की मजबूत मरम्मत तुरंत नहीं की गई, तो



भाकियू और ग्रामीण उग्र आंदोलन करेंगे। समस्या को हल्के में लिया गया तो इसका प्रभाव पूरे क्षेत्र में दिखाई देगा। सबसे हैरानी की बात यह रही कि इतने बड़े विरोध और हंगामे के बाद भी न तो विभागीय अधिकारी पहुंचे और न ही कोई टीम टूटे हिस्से को ठीक करने आई। इससे ग्रामीणों का आक्रोश और बढ़ गया है।

## खेत की मेंढ को लेकर हुए विवाद में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मोरना।** खेत की मेंढ को लेकर हुए विवाद मे एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर दबंगई व गाली गलौज करने के आरोप लगाये हैं। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव ढांसरी निवासी अंकित ने पुलिस को बताया कि बीते 29 नवंबर को गांव निवासी कुछ युवकों के साथ खेत की मेंढ को लेकर उसकी कहासुनी हो गई थी। आरोपियों ने रात 10 बजे उसके घर आकर गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

थाना पुलिस ने बताया कि मामले में ढांसरी गांव निवासी मिंटू, रजनीश, दुष्यंत, प्रवीण, हिमांशु के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# देवबन्द चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्रों पर घटतौली से किसानों को कब मिलेगी निजात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** अबकी बार जहाँ वर्षा अधिक होने के कारण गन्ने की फ़सल बहुत ज्यादा कमजोर हे और किसानों के खेतो मे गन्ना की पैदावार बहुत कम निकल रही हेस और किसानों को इस वर्ष बहुत ज्यादा नुकसान की संभावना हे क्योंकि किसानों के लिए गन्ना ही मुख्य जीविका का साधन हे और अधिकतर किसान गन्ने की फ़सल पर ही निर्भर हेस लेकिन क्षेत्र मे जहाँ बड़े पैमाने पर देवबन्द चीनी मिल को क्षेत्रीय किसान अपना गन्ना सप्लाई करते हे क्योंकि पूर्व दिनों मे जहाँ अन्य मिलो मे गन्ना भुगतान के हालत बहुत ज्यादा खराब थे लेकिन देवबन्द चीनी मिल का गन्ना भुगतान कुछ हद तक सही था जिस कारण किसानों द्वारा बड़ी मात्रा मे देवबन्द चीनी मिल को गन्ना सप्लाई किया जाता हे लेकिन प्रदेश सरकार जहाँ प्रदेश के किसानों का गन्ना घटतोली मुक्त खरीदने के कितने ही दावे कर रही होस लेकिन क्षेत्र के किसान नेता मासूम त्यागी ने देवबन्द चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्रों पर होने वाली घटतोली से किसानों को मुक्ति दिलाने के लिए गन्ना आयुक्त से देवबन्द चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्रों पर रोक लगाने की मांग की हेस वही किसान नेता ने कहा की बार बार अवगत कराने के बाद भी देवबन्द चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्रों पर किसानों के साथ होने वाली घटतोली पर रोक नहीं लग रही हे जिस कारण देवबन्द चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्रों की शिकायत और घटतोली से किसान नेता द्वारा मुख्यमंत्री को भी अवगत कराया जा सकता हे और गन्ना क्रय केंद्रों पर पूरी तरह घटतोली पर रोक लगाने की मांग की है। वही ज़ब जिला गन्ना अधिकारी से इस संबंध मे जानकारी करनी चाही तो जिला गन्ना अधिकारी द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

## रामराज में मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को किया जागरूक

**रामराज।** थाना रामराज क्षेत्र में मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं को सरकार की विभिन्न योजनाओं, हेल्पलाइन नंबरों तथा महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन संबंधी जानकारी देकर जागरूक किया गया। टीम ने महिलाओं को साइबर क्राइम से बचाव के महत्वपूर्ण उपाय भी बताए। इसी क्रम में माडर्न इंटर कक्कलेज के ग्राउंड में पीएनबी बैंक द्वारा एग्रीकल्चर मेगा आउटरिच प्रोग्राम आयोजित किया गया, जिसमें थाना रामराज की महिला सिपाहियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं को सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर प्रेरित किया। अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी रवेंद्र सिंह यादव ने किया, जिनके मार्गदर्शन में चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों की क्षेत्र में व्यापक प्रशंसा हो रही है। यह प्रयास महिलाओं को आत्मनिर्भर, सुरक्षित और जागरूक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# घायल को मदद व नौकरी न मिली तो रोडवेज पर होगा बड़ा आंदोलन : प्रजापति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आज भारतीय अति पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने रोडवेज बस द्वारा खांजापुर निवासी मो. हित सैन को टक्कर मारने के विरोध में जिला अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर एक ज्ञापन एडीएम को दिया इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने बताया हे कि दिनांक, 9 दिसंबर को सुबह खंजापुर निवासी मोहित कुमार को लापरवाही से रोडवेज बस चल रही बस ने बुढ़ाना मोड पर मोहित को टक्कर मार दी जिसको हॉस्पिटल में भतह्न कराया गया।

जहां पर उपचार के दौरान एक पैर काट दिया गया वही दूसरा पैर भी बुरी तरह से घायल हे जिसकी वजह से परिवार वे पीड़ित युवक काफी दुखी हे जिसके आगे पूरी जिंदगी पड़ी हे वहीं परिवार पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझ रहा है।

उन्होंने चेतावनी के साथ मांग की हे कि पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद वे रोडवेज परिवहन विभाग में युवक को सरकारी नौकरी दी जाए नहीं मोर्चा द्वारा रोडवेज बस स्टैंड पर कार्यालय पर ही बड़ा आंदोलन किया जायेगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी,इस दौरान सुनील सैन प्रधान, कृष्णपाल सेन, सुखपाल कश्यप, प्रवेश सैन, रवि प्रजापति, सुशील सैन, बिल्लू सैन, भूपेंद्र, सुनील प्रजापति, अरुण पाल, नरेश सैन, विनय, राकेश,विपिन, राकेश, अखलेश, बिट्टू, जयपाल सैन, कुलदीप, मनोज, सतबीर, सोमपाल, दीपक,आदि सैकडो मौजूद रहे।

# मोरना में ग्राम विकास अधिकारियों ने संभाली साइकिल

**मोरना।** उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से प्रांतीय स्तर पर लिए गए निर्णय के बाद बुधवार को अपने निजी वाहन का प्रयोग बंद करते हुए साइकिल संभाल ली है, जिससे ही वह क्षेत्र में कार्य करेंगे। सरकार यदि उनकी सुनवाई नही करती तो आगामी 15 दिसंबर को प्रदेश के सभी ग्राम विकास अधिक. ारी ब्लाक में अपना डांगल जमा करा देंगे।

ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिला महामंत्री जोगेंद्र सिंह ने कहा कि प्रत्येक पंचायत सचिव पर एक से अधिक गांव है और बढ़ती महंगाई के वाबजूद भी उन्हें 200 रुपये प्रतिमाह साइकिल भत्ता के दिए जा रहे है जो अनुचित है। उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से प्रांतीय स्तर पर लिए गए निर्णय के बाद बुधवार को अपने निजी वाहन का प्रयोग बंद करते हुए साइकिल संभाल ली है, जिससे ही वह क्षेत्र में



आवागमन करेंगे। सरकार यदि उनकी सुनवाई नही करती तो 15 दिसंबर को प्रदेश के सभी ग्राम विकास अधिकारी ब्लाक में अपना डांगल जमा करा देंगे। ग्राम विकास अधिकारी इंदु देशवाल व योगेश धीमान ने कहा कि विभिन्न मांगों को लेकर वह एक दिसंबर से लगातार शांति पूर्वक धरना दे रहे है। शासन प्रशासन द्वारा समाधान की दिशा में सकारात्मक प्रयास नहीं किया गया तो प्रदेश के सचिव संपूर्ण कार्य बहिष्कार एवं अनवरत धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर हो सकते हैं जिसकी जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी।

# स्वामी प्रसाद मौर्य से की मुलाकात

**मुजफ्फरनगर।** पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य से मुलाकात करने पहुंचे समाजस. ेवी डॉक्टर रईस अल्वी ने जिले की राजनीति पर चर्चा करते हुए संगठन को प्रभावी ढंग से चलाने पर चर्चा की। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भगवती प्रसाद आजाद, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शादाब खान, प्रदेश अध्यक्ष श्री राम चौधरी, प्रदेश महासचिव शिव कुमार सैनी के साथ आगामी 2027 चुनाव पर चर्चा की गई। माना जा रहा है यह मुलाकात जिले में संगठन को लेकर एक नई पहल है।



**सूचना**

मेरा एक प्लाट का असल बैनामा जिसका बही सं.1 जिल्द सं. 4319, पृष्ठ सं.1 से 22, क्रमांक 8272 पंजीकरण दिनांक 09/07/2008 जो सब रजिस्ट्रार मुजफ्फरनगर में दर्ज है, वास्तव में कहीं खो गया है।

**श्रीमती सुदेश शर्मा**
**पत्नी विजेन्त शर्मा**
**निवासी- म.न.- ए-181, डिफेन्स एन्कलेव, सरधना रोड, कंकरखेड़ा, मेरठ, उत्तर प्रदेश।**

**खोया सूचना**

मेरे पिता अहमद गाजी पुत्र मशकुरूद्दीन निवासी 409, खालापार मुजफ्फरनगर द्वारा अपने पुत्र .... (जन्म तिथि 01/08/1966)का नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर द्वारा जारी किया गया जन्म प्रमाण पत्र संख्या-03 दिनांकित 01/01/2020 तथा मैने अपने पुत्र ..... (जन्म तिथि 03/05/1994) का नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर से जारी कराया गया जन्म प्रमाण पत्र संख्या-11-2020-9 0020-002394 दिनांकित 17.02. 2020 वास्तव में कही खो गये है। जिनका किसी अन्य द्वारा किया गया इस्तेमाल नाजायज व गैर कानूनी होगा।

**अहमद गाजी**
**पुत्र मशकुरूद्दीन**
**457 खादरवाला**
**मुजफ्फरनगर**

**खोया सूचना**

मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2007 की मार्कशीट, जिसका अनुक्रमांक 3057570 है, वास्तव में कही खो गई है। जिसकी गुमशुदगी मैने थाना तितावी में दिनांक 10.12.2025 को दर्ज करा दी है।

**मौ. शाहबाद पुत्र सलीम**
**निवासी बघरा थाना तितावी**
**मुजफ्फरनगर**
**मो.न-7520009835**

**सम्बन्ध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र भूरा पुत्र बाबू निवासी पता अज्ञात गलत संगत में रहता है। मेरे कहने सुनने में नही है। इसलिए इसको मैने उसको अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से अब से करीब 15 वर्ष पहले बेदखल कर रखा है। उसका मेरे व मेरे परिजनों से कोई सम्बन्ध नही है। उसका रहना सहना, खाना पीना सब कुछ अलग है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए मेरी कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**बाबू पुत्र मुस्तकीम**
**निवासी 136 पठानान भोकरहेडी**
**थाना भोपा जिला-मुजफ्फरनगर**

# मानवाधिकारों की रक्षा तभी संभव है जब आम नागरिक इसके प्रति जागरूक हों

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित अखंड धाम में अंतर राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश के द्वारा बुधवार को ब्श्वि मानवाधिकार दिवस मनाया गया। जिसमें जरूरतमंद महिलाओं को साडी व स्कूली बच्चों को पाठड सामंग्री बांटी गई। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय युवा सेवा संगठन के संस्थापक आचार्य वागिश कौशिक ने कहा कि मानवाधिकारों की रक्षा तभी संभव है जब आम नागरिक इसके प्रति जागरूक हों।

बिना जागरूकता के अधिकारों का संरक्षण अधूरा है। मानवाधिकार किसी सरकार की देन नहीं, बल्कि हर व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है।

हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि समाज का हर वर्ग सुरक्षित, सम्मानित और स्वतंत्र वातावरण में जीवन जी सके। अंतर राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के जिलाध्यक्ष मुकेश गौतम ने कहा कि संविधान में हमें अधिकारी मिले है हमें अपने अधिकारों को प्रति जागरूक होना चाहिए। हमें गांव गांव में संगोष्ठी व रैली माध्यम से मानव को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना चाहिए तथा मानवा. धिकार के हनन को रोकना है। संगोष्ठी में गौरक्षक दल से जुडे शुभम कौशिक ने कहा कि समाज में कोई भी व्यक्ति उपेक्षित ना रहे सभी को न्याय मिलना चाहिए। संगठन के पदाधिकारियों को जरूरतमंद लोगों के अधिकारों की लड़ाई लड़नी चाहिए। समापन पर जरूरतमंद महिलाओं को साडी व प्राथमिक विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को पाठड सामंग्री कॉपी पेन आदि वितरित किए गए। कार्यक्रम में प्रबंधक सतपाल शर्मा, शुकदेव दास, जिला महासचिव मनोज कुमार, आदेश कुमार, चरण सिंह, नीरज, प्रवेश रहे।

**नाम परिवर्तन**

मेरा नाम **वसीम खान (VASHIM KHAN)** था। अब मैंने अपना नाम बदलकर **वसीम चौधरी (VASEEM CHAUDHARY)** रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये।

**वसीम चौधरी पुत्र समून**
ग्राम व पोस्ट - हरसौली,
जिला - मु0नगर (उ0प्र0)

**वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

यूनिट 203 और 204, दूसरी मंजिल, 'ए' विंग, नवभारत एस्टेट, जकारिया बंडर रोड, सेवरी (पश्चिम), मुंबई 400015. महाराष्ट्र, सीआईएन नंबर: U65922MH2005PLC272501

**2002 के प्रतिभूतिकरण अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना**

जबकि, वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अपने मुख्य कार्यालय मुंबई के माध्यम से, निम्नलिखित उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं को नोटिस जारी किया है, जिन्होंने वीएचएफसीएल से उनके द्वारा प्राप्त क्रेडिट सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और कहा है कि नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स सुविधाएं खराब हो गई हैं, उन्हें वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत उनके अंतिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किए गए थे, हालांकि वे बिना तामील हुए वापस आ गए हैं और इस प्रकार उन्हें इसके माध्यम से सूचित किया जाता है और उसी के बारे में सार्वजनिक सूचना है।

| उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता का नाम और ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत मांग सूचना की तिथि एवं राशि | बंधक संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| कृष्ण कुमार (आवेदक), प्रेमवती, (सह-उधारकर्ता), मनीष कुमार (सह-उधारकर्ता), एचएल0000000114678 | 14-नवंबर-25/ 12-नवंबर-25 को रू. 1606433/- आगे के साथ ब्याज और उस पर शुल्क | 300.83 वर्ग गज क्षेत्रफल का एक प्लॉट, जिसकी पूर्व और पश्चिम दिशा में 71'3" और उत्तर और दक्षिण दिशा में 38 फुट की चौड़ाई, खसरा नंबर120/8, ग्राम कुकड़ा बहार हद्द प्रज्ञा, तहसील जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश 251001, उत्तर- श्रीमती कविता आदि का प्लॉट, दक्षिण- विक्रेता का भूखंड, पूर्व-15 फुट चौड़ी सड़क, पश्चिम-अन्य व्यक्ति का भूखंड |

नोटिस की प्रतिस्थापित सेवा के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त उधारकर्ताओं, सह-उधारकर्ताओं और या उनके गारंटरों (जहां भी लागू हो) को सलाह दी जाती है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया भुगतान करें, अन्यथा 60 दिनों की समाप्ति के बाद आगे कदम उठाए जाएंगे। वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधान के अनुसार इस नोटिस की तारीख।

कृपया सूचित रहें कि उक्त नोटिस भी धारा 13(13) के तहत उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं को सूचित करता है कि उक्त बंधक संपत्ति को बेचा/पट्टा/स्थानांतरित नहीं किया जाना चाहिए।

दिनांक: 11.12.2025
स्थान: मुजफ्फरनगर

प्राधिकृत अधिकारी,
वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि0

# व्यापारियों के आगे नतमस्तक हुआ जल निगम

**बुढ़ाना।** बुधवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के बड़ा बाजार के सैंकड़ों व्यापारियों की एकता के आगे जल निगम के अधिकारी, कर्मचारी और ठेकेदार नतमस्तक नजर आये। सब व्यापारियों के आक्रोश के चलते जल निगम के द्वारा महीनों से अधूरा पड़ा हुआ कार्य आने वाले कल के बजाए आज से ही शुरु करना पड़ा। तब कार्य शुरु होते ही व्यापारियों ने धरना समाप्त कर अपनी अपनी दुकानें खोली और राहत की सांस ली। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना नगर पंचायत क्षेत्र में काफी महीनों से जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाए जाने का काम चल रहा है। कार्यदायी संस्था लाखों रुपये की लागत से बनी सड़क व इंटरलॉकिंग खोदकर पाइपलाइन तो बिछा रहे हैं लेकिन पहले की तरह सड़क की मरम्मत नहीं कर रहे हैं। ठेकेदार खानापूर्ति कर मिटी पाटकर चले जा रहे हैं। ठेकेदारों की ओर से कहीं एक साल तो कहीं 6 महीने से अधिक समय से सड़क और इंटरलॉकिंग को खोदकर छोड़ दिया गया है। इससे लोगों को आवागमन करने में परेशानियों के साथ ही उससे उड़ने



वाली धूल से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खोदी गई इंटरलॉकिंग की मरम्मत नहीं होने से मोर वाली प्याऊ बड़ा बाजार के सैंकड़ों नाराज व्यापारियों ने एक दिन पहले की गयी घोषणा को अमलीजामा पहनाते हुए आज बुधवार की सुबह अपनी दुकानें नहीं खोली और दरा बिछाकर धरना प्रदर्शन शुरु कर जल निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और टूटी सड़कों की मरम्मत न करने पर जल निगम के विरुद्ध भारी रोष जताया।

उधर जल निगम को जैसे ही व्यापारियों द्वारा शुरु किए गये अनिश्चितकालीन धरने की खबर मिली तोघ सुस्त पडे जल निगम के अधिकारियों में जबरदस्त हड़कंप मच गया। तब उन्होंने ठेकेदार के जरिए मौके पर मजदूर भिजवाए और सड़क ठीक करने का काम शुरु कर दिया तो व्यापारियों ने भी धरना खत्म कर दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि पाइपलाइन डालने के बाद सड़क को तुरंत दुरुस्त किया जाना चाहिए था लेकिन लंबे समय से खुली पड़ी सड़क के कारण ई-रिक्शा व बाइक पलटने का खतरा बना हुआ था। धरने पर अरविंद भटनागर, पूर्व सभासद राधेश्याम ठेकेदार, भाजपा नेता आदेश त्यागी, राहुल गुर्जर टोडा, नूतन गोयल, सोनू गोयल, विनय गर्ग, साहिल चौधरी, सुशील गोयल, नूतन पंसारी, बंटी कंसल, बिट्टू पंसारी, वास्तु शर्मा, प्रवेश जैन, राकेश प्रजापति, सूर्य त्यागी, दीपक गोयल, संजय शर्मा भवानी, शुभम शर्मा, संजय पंसारी बड़ौदा और मुदस्सर अहमद इत्यादि दुकानदार और अन्य कई सहयोगी मौजूद रहे।

# 82 मरीजों ने उठाया चिकित्सा कैम्प का लाभ

**बुढ़ाना।** नेशनल डायग्नोस्टिक बुढ़ाना में आज बुधवार को तीसरे दिन भी चिकित्सा सम्बंधी एक कैम्प लगाया गया। जिसमें कुल 82 मरीजों ने ही अनुभवी चिकित्सकों से अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करवाया। मिली जानकारी के अनुसार भारत परिषद की डक्क्टर लाल पैथ लैब के तत्वाधान में आज बुधवार को तीसरे दिन कस्बा बुढ़ाना के कांधला रोड पर डाक्टर निशा वाली गली मे स्थित नेशनल डायग्नोस्टिक में एक भव्य स्वास्थ्य कैंप का सफल आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न रोगों की कुल 82 मरीजों ने अपनी स्वास्थ्य की जांच कराई। यह भव्य शिविर आगामी 14 दिसम्बर तक रहेगा। इस दौरान इस कैंप में सहयोग करने वालों में मुख्य रूप से डाक्टर शेखर कुमार, विपिन कुमार, प्रशांत कुमार, शादाब सैफी, विकास कुमार, लक्की कुमार, रोहित कुमार और मनीष कुमार आदि की उपस्थिति भी रही। कैंप के आयोजक डाक्टर शेखर कुमार ने बताया कि यहां स्वास्थ्य जांच पर भारी छूट दी जा रही है। इस दौरान यहां पर आए सभी मरीजों ने कैंप का पूरा लाभ उठाया और कैंप की जमकर सराहना की। इस दौरान यहां पर उक्त कैंप के आयोजक डाक्टर शेखर कुमार ने सभी मरीजों को बारी बारी से निशुल्क परामर्श भी दिया।

## मारपीट कर महिला को किया घायल

**मोरना।** खुजेड़ा गांव में मामूली बात पर दो पक्षों में कहासुनी के बाद, हुई मारपीट में एक महिला घायल हो गई। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव खुजेड़ा निवासी पवन कुमार ने बताया कि गांव में उसकी दूध डेयरी है। पास ही एक अन्य व्यक्ति की भी डेयरी है। गांव निवासी एक युवक सोमवार शाम उसकी डेयरी पर दूध ला रहा था। तभी आरोपी ने उस युवक को रोककर अपनी डेयरी पर दूध में वसा की मात्रा चेक की तथा उसके बाद उसकी डेयरी पर जाने दिया। इस बात का पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। गांव के जिम्मेदार लोगों ने रात में उनका समझौता करा दिया था। पीड़ित ने बताया कि मंगलवार सुबह आरोपी अपने दो बेटों को साथ लेकर उसके घर आया तथा लाठियों से उसके व पत्नी के साथ मारपीट की। जिसमें उसकी पत्नी कमलेश घायल हो गई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# एससीएसटी आयोग सदस्य ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**मुजफ्फरनगर।** लवकुश कुमार, मा0 सदस्य, राष्ट्रीय अनुसू. चत जाति आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली लवकुश कुमार की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में सदस्य द्वारा जिले में अनुसूचित वर्ग से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन, लंबित शिकायतों के निराकरण, अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरणों की स्थिति तथा कल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं संवेदन शीलतापूर्वक निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा पात्र व्यक्तियों को शासन की योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत प्रदान किया जाए।

सदस्य ने यह भी कहा कि अनुसूचित वर्ग के अधिकारों की



रक्षा एवं सामाजिक न्याय की स्थापना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए भविष्य में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि माननीय सदस्य राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा जो भी निर्देश दिए गए हैं उनका अनुपालन किए जाने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, मुख्य विकास अधिक. ारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, जिला समाज कल्याण अधिकारी कमलेश कुमार,पुलिस विभाग, सामाजिक न्याय एवं संबंधित अन्य विभागों के अधिक. ारी उपस्थित रहे।

# मदीनपुर में लगा फ्री श्रवण वाक जांच शिविर



**बुढ़ाना।** ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बलवंती देवी पुनर्वास संस्थान से प्रोफेसर मयंक मेहरा व आईएएस एजुकेशनल हेल्थ एंड सोशल इश्यूज ट्रस्ट के संस्थापक इंजिनियर मोहम्मद अरशद शाह के संयुक्त सहयोग से नि:शुल्क सुनने श्रवण एवं बोलने वाक का जांच शिविर लगाया गया। यह शिविर आज मंगलवार के दिन सुबह दस बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव मदीनपुर खिजरपुर में मुजफफरनगर रोड पर स्थित मरहूम मौहम्मद सलीम की बैठक में लगाया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा सुनने एवं बोलने से संबंधित समस्याओं की नि:शुल्क जांच, परामर्श एवं प्रारंभिक उपचार की जानकारी दी गई और साथ ही जरूरतमंद लोगों को हियरिंग एड सुनने की मशीन से संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई। यह शिविर विशेष रूप से उन बच्चों के लिए लाभकारी रहा जिनमें बोलने में देरी, उन व्यक्तियों के लिए जिनमें सुनने में कमी या समस्या तथा बुजुर्गों के लिए जिनको सुनने बोलने में कठिनाई होती है। सामान्य नागरिकों ने भी अपनी नियमित जांच कराई। आयोज. कों ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद लोगों तक नि:शुल्क और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। शिविर में भारी भीड़ दिखी।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैं शाहबूदीन पुत्र महमूद जाति मु. शेख ढपाली निवासी मौ. कांशीराम आवास बड़कता रोड व थाना बुढाना जिला मु.नगर का निवासी हूं। मेरा सबसे बडा पुत्र शहरान मेरे व मेरे परिवार के कहने में नही है और गलत संगति में रहता है। मैंने व मेरे परिवार वालों ने उसे काफी समझाया किन्तु शहरान अपनी हरकतों से बाज नही आ रहा। वो आये दिन मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों व अन्य लोगो के संग बिना बात लडाई करता है। जिससे में व मेरा परिवार तंग है। मैंने अपने पुत्र शहरान से तंग आकर 10-12-2025 को अपने पुत्र शहरान को अपनी कुल चल अचल संपत्ति, परिवार से बेदखल कर दिया है। अब शहरान अपने द्वारा किये अच्छे व बुरे कार्यों का खुद जिम्मेदार होगा मेरी या मेरे परिवार की जिम्मेदारी नही होगी।

# युवक ने आत्महत्या के इरादे से खुद के सिर में मारी ईंट

**बुढ़ाना।** एक युवक को पुलिस प्रशासन ने एक विवादित प्लाट पर यथास्थिति बनाने को तो कह दिया जबकि दूसरे पक्ष के लोगों ने आज विवादित प्लाट पर पहुंचकर अवैध कब्जा करने की नीयत से प्लाट पर लगे पीलर तोड़ दिये और मिटी डाल दी। जिससे क्षुब्ध होकर युवक ने आत्महत्या के इरादे से अपने सिर में ईंटे मारनी शुरू कर दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने युवक को बचा लिया।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव राजपुर छाजपुर में एक प्लाट है। जिस पर दो पक्षों में विवाद है। एक पक्ष विकास कुमार पुत्र धर्म सिंह ने बुढ़ाना पुलिस को बताया था कि बीती 29 नवम्बर को हमारे प्लाट की दीवार पडोसी राजीव पुत्र वीर सिंह आदि ने गिराकर क्षतिग्रस्त कर दी है। जब हम वहां गये तो हमारे संग गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी देकर दीवार बनाने पर जान से मारने को कहा तथा मेरी मां को धक्का दिया तथा कह रहे थे कि तुम सबको मजा चखायेगें। तथा मेरी माताजी को धमकाते हुये कहा कि तुझे आज मजा चखायेंगे। पुलिस ने जब इस घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो भाकियूअ के ब्लाक अध्यक्ष पिंटू ठाकुर ने बुढ़ाना कोतवाली में धरना शुरु कर दिया था।घ्तब सीओ गजेंद्र सिंह के आश्वासन पर धरना समाप्त करा दिया था और जांच के बाद पुलिस ने आरोपी राजीव आदि के विरु) रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। आरोप है कि रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी आरोपी राजीव आदि पीड़ित विकास को परेशान कर रहे थे तो भाकियूअ ने फिर चार दिन पूर्व तहसील परिसर में धरना शुरु कर दिया था तो मौके पर नायब तहसीलदार अमनघ सिंह जांच को गये तो तब भी आरोपियों के खिलाफ कोई एक्शन प्रशासनघ्घ द्वारा नहीं लिया गया था। जिसके चलते आरोपियों के हौंसले बुलंद थे। उधर उसी दिन देर रात एसडीएम ने तहसील में दिए जा रहे धरने पर पहुंचकर पीड़ितों को कार्यवाही का आश्वासन देते हुए धरना समाप्त करा दिया था। आरोप है कि आज आरोपियों ने विकास के प्लाट पर लगा पीलर तोड़ दिया और मिटी डालकर अपना कब्जा करना चाहा तो पता लगने पर पीड़ित विकास मौके पर जा पहुंचा और आत्महत्या करने के इरादे से ईंट से अपना सिर फोड़ना शुरु कर दिया। तब किसी की सूचना पर उसके परिजन मौके पर आए और विकास को ऐसा करने से रोका। विकास ने बाकायदा अपने हंगामे की वीडियो भी बनवाई जिसमें वह अपनी मौत का जिम्मेदार आरोपी राजीवघ आदि को बता रहा है। किसी ने कुछ ही देर बाद यह एक मिनट दो सेकेंड का वीडियो वायरल कर दिया। जिसमें वह सीएम योगी और डीएम से न्याय की गुहार ही लगाता हुआ दिख रहा है।

# स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी, दो अपंजीकृत क्लीनिक सील

**मरीजों के साथ कर रहे थे गंभीर खिलवाड़**

**चरथावल।** कस्बे में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अपंजीकृत क्लिनिकों पर बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान दो अस्पतालों को सील कर दिया गया, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डाक्टर सतेंद्र कुमार के नेतृत्व में गठित स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यह कार्रवाई की। यह अभियान जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील तेवतिया के आदेशों के अनुपालन में अपंजीकृत क्लिनिक अस्पतालों का संचालन कर रहे व्यक्तियों के विरुद्ध चलाया गया।विशेष जांच अभियान के तहत ब्लाक चरथावल के अंतर्गत नेशनल पैथोलॉजी लैब और डा. देवेंद्र क्लीनिक को सील किया गया। मौके पर इन क्लिनिकों के संचालकों के पास कोई भी वैध पंजीकरण अथवा शैक्षिक योग्यता के अभिलेख नहीं मिले, और न ही कोई संतोषजनक जवाब दिया गया।

चिकित्सा अधीक्षक चरथावल डा. सतेंद्र कुमार और उनकी टीम ने नियमानुसार सीलिंग की कार्रवाई करते हुए संबंधित क्लिनिकों को नोटिस भी जारी किए।

# तिरपड़ी के जंगल में मिला लापता युवक का शव

**तितावी।** गत रविवार से लापता युवक का शव बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव अलीपुर खुर्द (तिरपड़ी) के जंगल से बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

थाना क्षेत्र के गांव अलीपुर खुर्द (तिरपड़ी) निवासी 25 वर्षीय अनुज उर्फ छोटू पुत्र राजेन्द्र सिंह कश्यप गत सात दिसम्बर से लापता था। परिजनों ने जिसकी गुमशुदगी बुधवार प्रातः तितावी थाने में दर्ज कराई थी। आज दोपहर अनुज का शव तिरपड़ी जंगल में हाईवे के पास से बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार मृतक अनुज मानसिक रूप से कमजोर था तथा कबाड़ा बीनता रहता था और नशा करता था। मृतक के शव पर किसी भी तरह की चोट का निशान नहीं पाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### टयूब्वैल चोर गैंगस्टर में निरूद्ध

**छपार।** पुलिस ने दो युवकों को गैगस्टर एक्ट में निरुद्ध कर कोर्ट में पेश किया है। दोनों पर टयूवैलों से बिजली चोरी का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। गांव रेत्ता नगला निवासी नितिन व छपार निवासी मुंतजिर से पुलिस ने लगभग छह माह पूर्व टयूवैलों से चोरी किया गया सामान बरामद किया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफतार कर कोर्ट में पेश किया था। बुधवार को पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर गैगस्टर एक्ट में कोर्ट के सामने पेश किया है।

### छह दिन बाद भी नहीं मिली पहचान

**खतौली।** छह दिन पूर्व खतौली जानसठ मार्ग स्थित रेलवे ट्रैक पर मिले अज्ञात व्यक्ति के शव की छह दिन बाद भी पहचान न होने पर समाजसेवी क्रांतिकारी शालू सैनी ने मृतक की वारिस बनकर अंतिम संस्कार किया। उन्होंने अपने हाथों से अज्ञात व्यक्ति को कफ़न ओढ़ाकर अंतिम विदाई दी। छह दिन पूर्व शुक्रवार सुबह खतौली क्षेत्र के जानसठ मार्ग पर रेलवे लाइन पार करते समय एक व्यक्ति मालगाड़ी की चपेट में आ गया था। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची खतौली पुलिस और जीआरपी ने शव को कब्जे में लिया और पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन देर तक मशक्कत के बावजूद उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस को मृतक की जेब से दो से तीन हजार रुपये मिले, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि वह खतौली बाजार में खरीदारी के लिए आया होगा। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। छह दिन तक कोई परिजन न आने पर बुधवार को समाजसेवी क्रांतिकारी शालू सैनी आगे आईं और मृतक के शव का अंतिम संस्कार किया। उन्होंने कहा कि उनका जीवन उद्देश्य है कि कोई भी मृतक बिना कफन और अंतिम संस्कार के न रहे। शालू सैनी अब तक करीब छह हजार शवों को अपने हाथों अंतिम विदाई दे चुकी हैं।

### शातिर बदमाश को अवैध हथियार के साथ किया गिरफ्तार

**चरथावल।** पुलिस ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसे न्यामू-कसौली चौकड़ा तिराहे के पास से चेकिंग के दौरान पकड़ा।आरोपी के पास से अवैध तमंचा और कारतूस भी बरामद हुए हैं उस पर आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। चरथावल थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण दहिया को मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र में एक बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक दहिया के नेतृत्व में कुटेसरा चौकी प्रभारी अमित कुमार और हेड कांस्टेबल अजीत कुमार सहित पुलिस टीम ने तिराहे पर चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान पुलिस ने फरमान उर्फ टीपू पुत्र सईद निवासी मोहल्ला कस्साबान, कस्बा व थाना थानाभवन, जिला शामली को गिरफ्तार किया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण दहिया ने बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त एक शातिर अपराधी है, जिसके खिलाफ चोरी, आबकारी और अन्य मामलों में मुकदमे दर्ज हैं।तथा वह क्षेत्र मे भी किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता था

### ठग ने खाते से साढ़े 4 लाख से अधिक की रकम की साफ

**बुढाना/रतनपुरी।** एक ठग ने एक ग्रामीण के खाते से साढ़े चार लाख रूपये से भी ज्यादा की नगदी साफ कर दी। सागर कुमार पुत्र अशोक निवासी गांव इंचौडा ने रतनपुरी पुलिस को बताया कि बीती 3 अक्टूबर को मेरे मोबाइल पर एक साइट का लिंक आया था। जिससे मैनें आनलाइन शापिंग की थी। शापिंग करने के बाद मेरे खाते से पैसा कटने लगा। जिसका पता मुझे बीती 1 नवम्बर को तब पता चला जब मैने अपने मोबाइल पर रिचार्ज कराया। रिचार्ज करते ही मेरे मोबाइल पर जो भी रूके हुए मैसेज थे वे सभी आने लगे। मैने देखा कि मेरे एचडीएफसी खाते से यूपीआई के माध्यम से तीन लाख 81 हजार 899 रुपये और इन्डियन बैंक के खाते से 34 हजार 562 रुपये तथा मैने अपने भाई गौरव के खाते से आनलाईन शापिंग की थी उसके खाते से भी 50 हजार रूपये का फाड हो गया। जिसमें मेरे 4 लाख 66 हजार 461 रुपये कट चुके थे जबकि जो शापिंग मैंने की थी उसका सामान मुझे नहीं मिला। मैंने इस मामले की शिकायत साईबर हेल्प लाईन नम्बर 1930 पर की थी। उसके बाद मैं साइबर पुलिस स्टेशन पर गया जहां मुझे बताया गया कि आपके खाते की सब डिटेल आनलाईन वैबसाइट पर हमने जनसेवा केन्द्र के माध्यम से कर दी थी। अब पीड़ित ने पुलिस से अपनी सभी रकम वापस दिलाए जाने की मांग की है।

### मीरापुर में आधार सैंटर की कमी से जनता परेशान

**मीरांपुर।** कस्बे में आधार कार्ड सेंटर न होने के कारण स्थानीय लोगों को लंबे समय से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी समस्या को देखते हुए कस्बे के जागरूक नागरिक और समाजसेवी दानिश कुरैशी ने नगर में एक पूर्ण आधार कार्ड सेंटर की स्थापना की मांग करते हुए उपजिलाधिकारी जानसठ को प्रार्थना पत्र सौंपा है। दिए गए पत्र में बताया गया है कि मीरापुर की आबादी करीब 40 हजार है, इसके बावजूद यहां किसी भी प्रकार का अलग आधार केंद्र उपलब्ध नहीं है। वर्तमान में केवल मीरापुर डाकघर ही आधार कार्ड सुधार और अपडेट का कार्य कर रहा है, लेकिन इसकी क्षमता बेहद सीमित है। डाकघर में प्रतिदिन केवल 8 से 10 आधार संबंधित कार्य ही पूरे हो पा रहे हैं, जबकि सैकड़ों लोग सुबह से लाइन में खड़े रहने के बाद भी खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। डाकघर में आधार कार्य के लिए कोई अलग कर्मचारी नहीं है। डाक विभाग के कर्मचारी ही अपने नियमित कार्यों के साथ आधार का काम भी संभाल रहे हैं, जिससे काम प्रभावित होता है। अक्सर डाक वितरण या जमा कराने की जिम्मेदारी आने पर आधार कार्य बीच में ही रुक जाता है। मीरापुर डाकघर में आधार कार्ड कार्य के लिए अलग से एक पर्सनल कर्मचारी तैनात किया जाए या नगर में एक नया आधार कार्ड सेंटर खोला जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और उन्हें बार-बार मायूस होकर वापस न लौटना पड़े

### रामराज में साइबर अपराधों पर पुलिस की सख्त चेतावनी

**रामराज।** थाना रामराज प्रभारी रवेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी यतेंद्र सिंह नागर के निर्देश पर माडर्न इंटर कालेज के खेल ग्राउंड में साइबर सुरक्षा पर जागरूकता सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ उप निरीक्षक जयसिंह नागर सहित थाना रामराज की टीम ने उपस्थित लोगों को बढ़ते साइबर अपराधों और उनसे बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। टीम ने स्पष्ट किया कि मोबाइल पर आए किसी भी ओटीपी को किसी व्यक्ति के साथ साझा न करें और इंटरनेट पर मिलने वाले अनआथराइज्ड लिंक को बिल्कुल भी न खोलें, क्योंकि इसी के माध्यम से अधिकांश साइबर ठगी की घटनाएं घटती हैं।

सभा में साइबर फ्राड हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में भी जानकारी दी गई और लोगों को जागरूक किया गया कि यदि किसी के साथ साइबर फ्राड होता है तो तुरंत 1930 पर काल कर शिकायत दर्ज कराएं। थाना रामराज पुलिस द्वारा आयोजित यह जागरूकता अभियान क्षेत्र में सराहनीय पहल माना जा रहा है।

### किसानों की समस्याओं को लेकर प्रधान प्रबंधक से मिले भाकियू कार्यकर्ता

**मोरना।** भाकियू के कार्यकर्ता गन्ने के वजन, सोसाइटी से शेयर वापस दिलाने, दवाइयां पर छूट दिलाने समेत किसानों की अनेक समस्याओं को लेकर बुधवार को दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल मोरना के प्रधान प्रबंधक से मिले। जिसके बाद प्रधान प्रबंधक ने किसानों की समस्याओं का समाधान का आश्वासन दिया।भाकियू के ब्लाक अध्यक्ष अनुज राठी के नेतृत्व में अनेक कार्यकर्ता बुधवार को दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल मोरना में पहुंचे और प्रधान प्रबंधक वीपी पांडे से मिले। भाकियू ब्लाक अध्यक्ष ने कहा कि गन्ने के हाड़े को एक समान, सोसाइटी से शेयर वापस दिलाने, दवाइयां पर छूट दिलाने, चीनी मिल परिसर में साफ सफाई एवं स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति समेत विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की। प्रधान प्रबंधक वीपी पांडे ने किसानों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला सचिव पुष्पेंद्र चौधरी उर्फ बिट्टू प्रधान, तहसील उपाध्यक्ष मोंटी राठी, ब्लाक उपाध्यक्ष विनीत चौधरी, नगर अध्यक्ष भोकरहेडी धर्मेंद्र सहरावत, राजा देशवाल, बबलू सहरावत, प्रवीण कुमार, हवा सिंह, भूपेंद्र सहरावत, नितिन आदि मौजूद रहे।

# मदनलाल हास्पिटल ने लगवाया नेत्र जांच कैंप

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना की सफीपुर पटी के मौहल्ला पुल पार मुजफ्फरनगर रोड पर स्थित मदनलाल हॉस्पिटल के आनर डाक्टर सोनू कश्यप के द्वारा आज बुधवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला शाहवाडा में स्थित शिक्षण संस्था ज्ञानदीप शिशु मंदिर में एक निरूशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन कराया गया। जिसका शुभारम्भ अपने कर कमलों द्वारा फीता काटकर डाक्टर सोनू कश्यप ने किया और कहा कि इस कैंप का लाभ स्कूली बच्चों के साथ सभी शिक्षक भी उठाएं। बताया जाता है कि कस्बा बुढाना के मोहल्ला शाहवाडा में स्थित ज्ञानदीप शिशु मंदिर स्कूल में आज मदनलाल हॉस्पिटल बुढाना की ओर से नेत्र परीक्षक डॉक्टर विशाल कुमार पाल के नेतृत्व में छात्र छात्राओं के लिए निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 220 बच्चों की आंखों की जांच की गई। सेंटॉर फार्माक्यूंटीकल्स की तरफ से संदीप पंवार ने टीम का सहयोग किया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से उक्त विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज गर्ग के अलला निर्भय गर्ग और आयुषी आदि शिक्षक शिक्षिकाएं भी उपस्थित रही। इस दौरान नेत्र परीक्षण अधिकारी डाक्टर विशाल कुमार पाल ने सभी बच्चों से आग्रह किया कि वे मोबाइल को आंखों से दूर रखकर ही चलाएं और हर समय मोबाइल को हाथ में ना लें।

# कांग्रेसियों ने बनाई 14 दिसंबर की 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली को लेकर रणनीति



मुजफरनगर। कांग्रेस पार्टी के पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रदीप नरवाल बुधवार को मुजफरनगर पहुंचे। उनके आगमन पर दिल्ली में 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली ह्वोट चोर गद्दी छोड़ रैली को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक शहर के लिंक रोड स्थित एक होटल में सम्पन्न हुई, जिसमें जिला एवं महानगर कांग्रेस के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदीप नरवाल ने रैली की तैयारियों की समीक्षा की और पदाधिकारियों से अब तक की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि मुजफरनगर से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं और समर्थकों को दिल्ली ले जाने के लिए ठोस रणनीति बनाई जाए। बैठक में अलग-अलग जिम्मेदारियां तय करते हुए रैली में सहभागिता को व्यापक बनाने पर जोर दिया गया।मीडिया से बातचीत में प्रदीप नरवाल ने कहा कि समीक्षा बैठक में आज संगठनात्मक जिम्मेदारियां स्पष्ट कर दी गई हैं। उन्होंने दावा किया कि 14 दिसंबर को मुजफरनगर से करीब 5 हजार कांग्रेसी दिल्ली के रामलीला मैदान पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि इस रैली का नेतृत्व कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी वाड्रा और राहुल गांधी करेंगे।प्रदीप नरवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान समय में इलेक्शन कमीशन निष्पक्ष संस्था की तरह काम नहीं कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी की कठपुतली बन चुका है और केंद्र सरकार के दबाव में फैसले कर रहा है। उन्होंने भारत में चल रहीं प्ए द्धस्पेशल इंटेंसिव रिवीजनऋ प्रक्रिया का जिक्र करते हुए कहा कि इसके माध्यम से वोट चोरी की जा रही है और मतदाता सूचियों में गड़बड़ी की जा रही है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में देश की चुनावी व्यवस्था की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचा है और चुनावों का स्तर गिरा है।

कांग्रेस प्रभारी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और भाजपा के बीच लोकतांत्रिक मुकाबले में चुनाव आयोग अंपायर की भूमिका निभाने के बजाय बिका हुआ नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग प्रधानमंत्री मोदी के इशारे पर काम कर रहा है, जो देश के लोकतंत्र की खुली लूट है।उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह भाजपा के एबीवीपी, बजरंग दल और युवा वाहिनी जैसे संगठन कार्यरत हैं, उसी तरह चुनाव आयोग भी भाजपा का संगठन बनता जा रहा है। बैठक में सतपाल कटारिया जिला अध्यक्ष, सुबोध शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष, नवनीत भारद्वाज, सलमान सईद, दीपक पूर्व मंत्री, गीता काकरान, मुनीर, बिल्किस चौधरी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शूटर वर्तिका ने पंजाब में जीता गोल्ड मैडल



**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव बिटावदा में स्थित स्टार शूटिंग एकेडमी की शूटर वर्तिका मलिक ने विगत दिवस पंजाब राज्य के पटियाला शहर में पांच दिवसीय बीती 04 दिसम्बर से लेकर बीती 08 दिसम्बर तक चलने वाली सुपर कप प्रतियोगिता में 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन वूमेन इवेंट में 579 के शानदार अंक के साथ में गोल्ड मेडल जीता। इस प्रतियोगिता में अलग अलग इवेंट में देश भर के लगभग 1000 निशानेबाजों ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया।

जिसमें शूटर वर्तिका मलिक ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन वूमेन इवेंट में शानदार स्कोर के साथ गोल्ड मेडल पर अपना कब्जा जमा लिया। नेशनल से पहले वर्तिका मलिक का यह शानदार प्रदर्शन है। जिससे इसी महीने दिसम्बर में होने वाली नेशनल प्रतियोगिता में वर्तिका मालिक की शानदार प्रदर्शन के साथ नेशनल में भी गोल्ड मेडल लेने की पूरी उम्मीद की जा रही है। मेडल लेने के बाद एकेडमी और शूटर वर्तिका मलिक के परिजनों और मौहल्ले में खुशी का जबरदस्त माहौल बना हुआ है। शूटर वर्तिका मलिक इस जीत का श्रेय अपने कोच और परिजनों कोघ् दे रही है और कह रही है परिजनों और कोच के हौंसले ने ही उसको इस मुकाम तक पहुंचाया है। उधर परिजनों ने वर्तिका मलिक का स्वागत करने की बात कही है। फिलहाल इसी खुशी में मिठाईयां बंटी हैं।?

# बारिश में गिरा मकान, परिवार खुले आसमान के नीचे, देर रात पहुंचे अधिकारी, मदद का दिया आश्वासन

**चरथावल।** ग्राम ज्ञाना माजरा रोडान में पिछले माह बारिश में घर ढहने के बाद एक परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर था। अधिकारियों को सूचित करने के बावजूद कथित तौर पर सुविधा शुल्क न मिलने के कारण कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई थी। इस मामले में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के नेता विकास शर्मा के हस्तक्षेप के बाद, बुधवार देर रात प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे।

पीड़ित परिवार, मोनू पुत्र पूर्ण का आवास, पिछले महीने हुई भारी बरसात में धराशाई हो गया था। इसके बाद से यह परिवार कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे रातें गुजार रहा था। आरोप है कि जिले के आला अधिकारियों को शिकायत करने पर पटवारी ने उन्हें गुमराह किया, जिससे परिवार को कोई मदद नहीं मिल पाई। बुधवार देर रात नायब तहसीलदार हरेंद्र पाल, अमित कुमार और सुनील कुमार सहित चरथावल कोतवाल सत्यनारायण दहिया गांव ज्ञाना माजरा रोडना पहुंचे। अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पीड़ित परिवार को एक सप्ताह के लिए पड़ोसी के मकान में स्थानांतरित कराया। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर परिवार का मकान बनवाने का आश्वासन भी दिया।इस दौरान चरथावल कोतवाल सत्यनारायण दहिया ने पीड़ित परिवार की आर्थिक सहायता प्रदान की। भाकियू नेता विकास शर्मा ने भी पीड़ित परिवार की मदद की, जबकि रूपक चौधरी ने कुछ आर्थिक मदद की। यह सहायता परिवार को अस्थायी व्यवस्था करने में मदद करेगी। भाकियू नेता विकास शर्मा ने पीड़ित परिवार के आवास पर पहुंचकर रात वहीं बिताई। उन्होंने अधिकारियों को अवगत कराया कि जब तक इस परिवार का आवास नहीं बन जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

### मोरना मिल में प्रधान प्रबंधक से मिले भाकियू कार्यकर्ता

**मोरना।** चौरावाला गांव निवासी व्यक्ति ने पडोसी किसान पर खेत मे मिटी डालकर फ़सल नष्ट करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग पुलिस से है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव चौरावाला निवासी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि उसके खेत के सामने बेहड़ा सादात गांव निवासी एक व्यक्ति का खेत है। आरोप है कि पडोसी ने अपने खेत में जेसीबी चलवा रखी है तथा अवैध रूप से खनन कर रहा है। रविवार की रात खनन करने के दौरान आरोपी ने रंजिशन उसके खेत में जेसीबी से मिटी डाल दी। जिससे उसकी गेहूं व गन्ने की फसल दबकर नष्ट हो गई। आरोपी ने जेसीबी व ट्रैक्टर द्वारा उसके खेत में खड़े तीन पेड़ भी जानबूझकर क्षतिग्रस्त कर दिए। पीड़ित ने आरोपी के खेत में जेसीबी द्वारा हो रहे खनन का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल किया है तथा पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# शर्मनाकः सीएम पोर्टल पर भेजी शिकायत, मांगा चाय पानी का खर्चा

**बुढ़ाना।** एक दलित युवक ने अपनी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल लखनऊ पर भेजी तो फोन आया कि चाय पानी का खर्चा दे दो। आपकी शिकायत का निस्तारण हो जाएगा। अब पीड़ित कह रहा है कि जब यूपी मुख्यमंत्री के पास भी शिकायत भेजकर हमें रिश्वत ही देनी पड़ेगी तो वह अपनी शिकायत अब किससे करे। बाकायदा लखनऊ में बैठे किसी अधिकारी का और पीड़ित दलित युवक का रिश्वत मांगने का एक ओडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

शिकायत करने वाली बीरमती कोरी पत्नी समन्द्रा निवासी मोहल्ला खाकरोबान बडकता रोड बुढाना गाटा संख्या 3282 रकबा 0.1286 हैद्द ग्राम बुढाना बांगर की संक्रमणीय भूमिधर है। उक्त भूमि पर उसका तन्हा नाम राजस्व अभिलेखों में दीर्घकाल से विधिपूर्वक अंकित है। वह यह भी निवेदन करती है कि संजीव पुत्र सुखबीर व सुरेन्द्रा पत्नी सुखबीर निवासी नई आबादी बडकता रोड अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित व्यक्ति हैं। राजस्व कानूनों के तहत ये विधि का एक अत्यंत स्पष्ट अनिवार्य एवं अपरिहार्य प्रावधान है कि अनुसूचित जाति के व्यक्तियों द्वारा उनकी कृषि भूमि का विक्रय डीएम की पूर्व अनुमति के अभाव में पूर्णतः प्रतिबंधित है और ऐसा किया गया विक्रय स्वतः ही शून्य निरस्त व राज्य सरकार के अधिग्रहण में मानी जाने वाली भूमि की श्रेणी में आता है किन्तु उक्त व्यक्तियों ने कानून की इस बाध्यता की घोर अवहेलना करते हुए बिना किसी सक्षम अनुमति के अपनी कृषि भूमि में खाता संख्या 217 खसरा संख्या 2601 रकबा 0.4301 हेद्द में अपने आधे भाग तथा खाता संख्या 218 के अंतर्गत खसरा 2598 उपखंड एक रकबा 0.2302 है0खसरा 2598 उपखंड दो रकबा 0.2000 है0 खसरा 2600 रकबा 0.4302 है0 खसरा 2602 रकबा 1.4956 है0 खसरा 2603 रकबा 0.2971 है0 में अपने एक छठवें भाग का विक्रय बीती 26 नवम्बर 2007 को शरीफ पुत्र हबीब व इकबाल पुत्र मजीद के पक्ष में कर दिया जिसकी रजिस्ट्री उसी तिथि को पुस्तक संख्या 2 खंड 1086, पृष्ठ 29 से 56, क्रमांक 0193 पर तहसील बुढाना में अंकित की गई है। उक्त खरीदारों द्वारा उपर्युक्त भूमि के संबंध में आगे भी कुल 14 व्यक्तियों सुरेश पत्नी कदम, आशा पत्नी अमरीश, कविता पत्नी ओमवीर, सिन्धु पत्नी देवेंद्र, राजबाला पत्नी इन्द्रपाल, शाहिदा पत्नी राशिद, शकुन्तला पत्नी मंगल, रामकुमार पुत्र रतनपाल, कुलदीप पुत्र महरपाल, बबीता पत्नी महिपाल, बीना पत्नी प्रताप, बाबूराम पुत्र घिसन, दीपा पत्नी कपिल व रीटा पत्नी सत्येन्द्र निवासी बुढाना के पक्ष में विभिन्न विक्रय पत्र निष्पादित किए गए हैं और भी लगातार किए जा रहे हैं जो कानून की दृष्टि में प्रथम विक्रय की शून्यता के कारण स्वतः ही अवैध हैं। अनुमति के अभाव में अनुसूचित जाति की भूमि का विक्रय पूर्णतः शून्य है। ऐसे अवैध दस्तावेजों के आधार पर न तो कोई भी स्वामित्व स्थापित कर सकता है और न ही कोई कब्जा, हक, दावेदारी या निर्माण विधि सम्मत माना जा सकता है। इसके बाद भी उक्त व्यक्ति व उनके सहयोगी इन अवैध व शून्य विक्रय पत्रों का उपयोग कर उसकी भूमि पर अवैध कब्जा करने के निरंतर प्रयास में लगे हैं जबकि उसकी भूमि से उक्त विक्रय पत्रों का कोई मतलब या वास्ता नहीं है। अतएव न केवल ये अवैध विक्रय श्रृंखला राजस्व कानूनों का सीधा उल्लंघन है बल्कि खरीदारों व उनके प्रतिनिधियों द्वारा उसकी भूमि से सटी भूमि पर बिना एमडीए या डीएम की अनुमति के अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही है। प्लाट संख्या निर्धारित किए जा रहे हैं।

बैनामे कराए जा रहे है तथा एक सुविचारित अवैध लेआउट तैयार कर बेंचने व खरीदने का अनुचित व्यापार संचालित किया जा रहा हैघ्जो पूर्णतः दंडनीय है और लोक शांति एवं कानून व्यवस्था के लिए घोर खतरा है। इसलिए उसकी संपत्ति पर फजह्र बेनामों के आधार पर कब्जा किए जाने के प्रयास को रोका जाए। इस शिकायत को जब यहां के अधिकारियों द्वारा गंभीरता से नहीं लिया गया तो तब महिला ने न्याय की आस लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल लखनऊ में शिकायत की तो महिला के पुत्र से फोन पर रिश्वत की मांग की गयी। जिसको लेकर पीड़ित महिला व उसका पुत्र पशोपेश में हैं कि आखिर अब वह कहां पर जाएं जो उनकी शिकायत निस्तारित हो।

# मानव अधिकार और संवैधानिक कर्तव्य पर श्रीराम कॉलेज में कार्यक्रम सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर।** अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस' के अवसर पर श्रीराम कॉलेज ऑफ लॉ, मुजफ्फरनगर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका विषय था ''मानव अधिकार और संवैधानिक कर्तव्य''।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे सीता राम ए0डी0जे0 (सचिव) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुजफ्फरनगर, तथा अन्य अतिथि के रूप में डॉ0 रविन्द्र प्रताप सिंह, प्राचार्य चौधरी हरचन्द सिंह लॉ कॉलेज, डॉ0 एस0एन0 चौहान निदेशक श्री राम कॉलेज ऑफ इन्जी0, डॉ0 अशोक कुमार निदेशक श्री राम कॉलेज, डॉ0 सौरभ मित्तल उप्रचार्य श्री राम कॉलेज, सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ सभी अतिथियों का दीप प्रज्जवलित करके किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट करके किया गया।

कार्यक्रम का प्रारम्भ करते हुए महाविद्यालय की प्रवक्ता कु0 आँचल अग्रवाल ने कहा कि मानव अधिकार मनुष्य के मूलभूत एवं सार्वभौमिक अधिकार है। जिनसे मनुष्य को नस्ल, जाति, राष्ट्रीयता, धर्म किसी भी आधार पर वंचित नही किया जा सकता। मानव अधिकारों में आर्थिक, सामाजिक अधिकारों के समक्ष समानता व षिक्षा का अधिकार षामिल है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 10 दिसम्बर 1948 को विष्व मानवाधिकार घोषणा पत्र जारी करके मानव मूल्यों तथा आदर्षो के संरक्षण पर बल दिया गया।डॉ0 रविन्द्र प्रताप सिंह ने आज के कार्यक्रम का उददेष्य बताते हुए कहा कि मानव अधिकारो का मूल उददेष्य मानव की गरिमा को सुरक्षा प्रदान करना है। सन 1950 से संयुक्त राष्ट्र संघ से सम्बद्ध देषों के द्वारा मानवाधिकार दिवस को मनाने का प्रयास सराहनीय है।इसके बाद कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे छात्र-छात्राओं ने अपने विचार रखें। छात्रा स्माइला ने कहा कि सभी व्यक्तियों को गरिमा व अधिकारो के मामले में जन्मजात स्वत्रंतता एवं समानता प्राप्त है। छात्र जुनैरा ने कहा कि मानव अधिकार मानव के विषेष अस्तित्व के कारण मनुष्य से सम्बन्धित है इसलिये यह उन्हें जन्म से ही प्राप्त है। छात्र सपना ने कहा कि मानव अधिकारों की वर्तमान स्थिति भले ही आकर्षक दिखायी देती हो किन्तु मानव इतिहास तो क्रूरता, हिंसा व अत्याचार से भरा हूआ है। छात्रा राशि गोयल ने मानव अधिकार आयोग के बारे मे जानकारी दी। कार्यक्रम में श्री बिवेन्द्र पंवार प्रवक्ता श्री राम कॉलेज ऑफ लॉ, के द्वारा अपने विचार व्यक्त किये गये।

श्री सीता राम ए0डी0जे0 (सचिव) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुजफ्फरनगर जी ने कहा कि मनुष्य शिशु के रूप में जन्म लेता है तथा षिषु को जन्म लेते ही मानव के रूप में गरिमामय जीवन जीने का अधिकार प्राकृतिक रूप से प्राप्त हो जाता है। प्रत्येक मानव के लिए स्वत्रंतता, समानता तथा सम्मान क अधिकार के साथ जीवन में आगे बढ़ने तथा समाज के किसी भी क्षेत्र में कार्य करने के लिए खुला मार्ग उपलब्ध है। भारत में मानव अधिकार बहुत विलम्ब से लागू किये गये है। 28 सितम्बर 1993 को मानव अधिकार कानून बनाया गया है जिसके आलोक मे 12 अक्टूबर 1993 को सरकार ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन करके नागरिकों के हितो व अधिकारो की सुरक्षा करने का प्रयास किया गया है। आपने मानव अधिकार आयोग द्वारा किये जाने वाले कार्य, उसकी षक्तियां तथा कार्यप्रणाली का भी विस्तार से वर्णन कियामहाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 पूनम शर्मा जी ने आये हुए समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता कु0 आँचल अग्रवाल ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री राम कॉलेज ऑफ लॉ के प्रायार्चा डॉ0 पूनम शर्मा, सोनिया गौड, संजीव कुमार, आंचल अग्रवाल, रितु धीमान, मिनी सिंघल, बिवेन्द्र पंवार, आशीष कुमार, विनय तिवारी, प्रीती, त्रिलोक चंद का सराहनीय योगदान रहा।

# कपिल देव ने जीडी गोयनका में छात्राओं को जागरूक किया



**मुजफ्फरनगर।** जी.डी. गोयनका स्कूल, मुज़फ्फरनगर में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल का गरिमामय स्वागत किया गया। विद्यालय प्रबंधक सचिन गोयल, शाश्वत गोयल तथा प्रधानाचार्या डॉ. स्वाति शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया।

मंत्री अग्रवाल ने विद्यालय परिसर का निरीक्षण करते हुए विभिन्न कक्षाओं में छात्रों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने अध्ययन, करियर निर्माण, अनुशासन और जागरूक नागरिक बनने के महत्व पर सारगर्भित विचार साझा किए। उन्होंने छात्रों को मतदान पंजीकरण प्रक्रिया तथा 'विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के महत्व को सरल भाषा में समझाया। साथ ही भविष्य के मतदाताओं के अधिकारों और कर्तव्यों पर विशेष प्रकाश डाला।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षित और जागरूक युवा ही राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं( मतदान प्रत्येक नागरिक का सर्वोपरि दायित्व है। मंत्री से प्रत्यक्ष संवाद का अवसर पाकर छात्रों में उत्साह, जिज्ञासा और सक्रिय सहभागिता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। उप-प्रधानाचार्या अंजली आनंद ने विद्यालय आगमन एवं प्रेरणादायी मार्गदर्शन हेतु मंत्री अग्रवाल का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बढ़ रहे अतिरिक्त क्रियाकलापों के विरोध में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधन महासभा के पदाधिकारियों ने बुधवार को डीआईओएस कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया तथा अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा को संबोधित ज्ञापन डीआईओएस को सौंपा। ज्ञापन में अशासकीय असहायिक (वित्तविहीन) माध्यमिक विद्यालयों में लगातार बढ़ रहे अतिरिक्त क्रियाकलापों पर रोक लगाने की मांग की गई है।

महासभा ने अपने ज्ञापन में बताया कि प्रदेश भर के वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों में प्रतिदिन अनेक आदेश जारी किए जाते हैं, जिनमें विद्यालयों को बोट बनवाना, स्वच्छता पखवाड़ा, नशा मुक्त भारत अभियान, पुस्तक मेला, विभाजन विभीषिका स्मृति कार्यक्रम सहित विभिन्न गतिविधियां कराए जाने के लिए बाध्य किया जा रहा है। पदा. धिकारियों का कहना है कि इन गति. विधियों की अधिकता के कारण नियमित पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। माध्यमिक शिक्षा अधि. नियम 1921 तथा उच्च न्यायालय एवं सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुसार विद्यालयों में केवल पाठड सहगामी क्रियाएं राष्ट्रीय पर्व, वार्षिकोत्सव, खेलकूद एवं स्काउट-गाइड, आयोजित की जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त अन्य पाठड़ेतर गतिविधियों को अनिवार्य बनाना नियम व न्यायालईन दिशा-निर्देशों के अनुरूप नहीं है। पदाधिकारियों ने कहा कि प्रवेश तिथि सितंबर तक बढ़ाए जाने, कांवड़ यात्रा के दौरान लंबी छुट्टियां, मौसम संबंधी अवकाश, शीतकालीन अवकाश आदि कारणों से भी सत्र में



**वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधन महासभा के पदाधिकारियों ने बुधवार को डीआईओएस कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया**



पढ़ाई का पर्याप्त समय नहीं मिल पाता। साथ ही छात्रवृत्ति, बोर्ड आवे. दन, पंजीकरण, यू-डायस, अपार, अर्धवार्षिक व वार्षिक परीक्षाएं, प्री-बोर्ड, खेल प्रतियोगिताएं, रैली एवं विभिन्न परीक्षाओं में विद्यालयों का काफी समय व्यतीत हो जाता है, जिससे पाठड्क्रम पूरा करना मुश्किल हो रहा है। कहा कि ए विद्यालय केवल शुल्क पर निर्भर हैं और लगातार बढ़ते क्रियाकलापों के चलते छात्र संख्या में गिरावट आ रही है। जनपद के कई विद्यालय बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। महासभा ने चेतावनी दी कि यदि अतिरिक्त गति. विधियों से छूट नहीं दी गई तो वे असहयोग आंदोलन शुरू करेंगे और आवश्यकता पड़ने पर विद्यालय बंद कर न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाएंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष देवेन्द्र राणा, प्रधान महासचिव रामपाल सिंह जांगडा, तरूण भारद्वाज, विनोद मित्तल, विनय कुमार, राजेश शर्मा, मनुज कुमार, पवन कुमार, सुधीर कुमार, रीना, सीमा आदि मौजूद रहे।

## स्वच्छ वातावरण को एंटी स्मॉक गन वाहन से छिड़काव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** बुधवार को नगर पंचायत थाना भवन ने स्वच्छ वातावरण के लिए नगर के मुख्य मार्गों पर एंटी स्मोकगन वाहन से पानी का छिड़काव किया। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा ने बताया कि सर्दी के चलते कई स्थानों पर लोग अलाव जलने लगे हैं जिसके चलते लगातार हवा में प्रदूषण बढ़ रहा है। वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से एनजीटी



नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एवं जिला पर्यावरण समिति शामली द्वारा जारी आदेशों के अनुपालन में बुधवार को नगर के मुख्य मार्गों पर एंटी स्मोक गन वाहन द्वारा पानी का छिड़काव किया गया। एंटी स्मोक गन से पानी का छिड़काव किया गया। जिससे स्वच्छ वातावरण के साथ-साथ उड़ती धूल को नियंत्रित करना, वायु प्रदूषण को कम करना और स्थानीय नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जा सकेगा। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा ने बताया कि, यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा ताकि प्रदूषण नियंत्रण के मानकों का प्रभावी अनुपालन हो सके। उन्होंने नागरिकों से भी स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सहयोग की अपील की है। अभियान में मनीष शर्मा, अब्दुल रहमान, मोहसिन आदि शामिल रहे।

## 14 लोगों पर छेड़छाड़ व मारपीट का आरोप महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** चौसाना क्षेत्र की एक महिला ने 14 लोगों पर छेड़छाड़ और मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया है। महिला द्वारा पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह को दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर झिंझाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता के अनुसार उसका पति बाहर नौकरी करता है और वह घर पर बच्चों के साथ अकेली रहती है। तीस तारीख को वह घर के काम में लगी थी, तभी गांव खेडी खुशनाम निवासी अभय उर्फ गोलू, तुषार, सुभाष, गोविन्द, वंश, मुकुल, अक्षय, रोहित, प्रमोद, पंकज, नीटू, अनिल और संदीप अपने हाथों में लाठी, डंडे व बंदूक लेकर घर में घुस गए। आरोप है कि उक्त लोगों ने गाली गलोच करते हुए छेड़छाड़ की, उसके कपड़े फाड़ दिए। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़िता और उसके पुत्र के सिर में डंडे से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, साथ ही अन्य बच्चों को भी चोट पहुंचाई। कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने बताया कि महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** थाना भवन क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय ग्राम खेड़ा गदाई में मिशन शक्ति 5.0 टीम ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मिशन शक्ति टीम की ओर से पहुंचे उपनिरीक्षक हरपाल सिंह एवं महिला हेड कांस्टेबल नीतू ने छात्र-छात्राओं, अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी।उपनिरीक्षक हरपाल सिंह ने नए आपराधिक कानूनों में किए गए बदलाव, दंड प्रक्रिया, न्याय प्रक्रिया और अपराध के प्रकारों के साथ-साथ उनसे बचाव को लेकर जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि कानून नागरिकों की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं, इसलिए हर छात्र-छात्रा को इनके बारे में जानकारी




होना बेहद आवश्यक है। इसके साथ ही महिला हेड कांस्टेबल नीतू ने महिला सशक्तिकरण, छेड़खानी व बाल अपराध जैसी संवेदनशील विषयों पर छात्राओं को विभिन्न जानकारी दी उन्होंने महिलाओं के सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबरों जानकारी देते हुए बताया हेल्पलाइन नंबर पर फोन करके, त्वरित सहायता पर आपकी जा सकतीहै तथा कानूनी अधिकारों की बारीकियों से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान साइबर क्राइम एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को लेकर शक रहने के लिए कहा कि छात्रों को सोशल मीडिया, गेमिंग प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, नशा मुक्ति अभियान के तहत टीम ने नशे के दुष्प्रभावों, इसके स्वास्थ्य, परिवार और भविष्य पर पड़ने वाले व्यापक नकारात्मक परिणामों की जानकारी देकर छात्रों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री की विशेष योजना बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ मुख्यमंत्री सुकन्या सुमंगला योजना समूह योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते बता कैसे इन योजनाओं का नाम आमजन तक पहुंचे इस मौके पर स्कूल के अध्यापकगण, छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### वृद्धों को सहायक उपकरण वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आज एलिम्को कानपुर एवं समर्पण सेवा ट्रस्ट रजि. शामली के सहयोग से 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन शामली जनपद के कस्बा बनत में किया, शि. विर में 60 बुजुर्गों को फ्री सहायक उपकरण वितरण किए गए जैसे कान की मशीन, व्हील चेयर, वाकर, छड़ी कमोड वाली चेयर, ट्राइसाइकिल, कमर की बेल्ट, घुटनो की बेल्ट आदि सहायक उपकरण सभी बुजुर्गों को फ्री वित. रित किए गए। इस कार्यक्रम का आयोजन श्याम महल पैलेस में किया गया। जहां समर्पण सेवा ट्रस्ट की टीम के द्वारा इस कार्यक्रम की व्यवस्था की गई, इस अवसर पर उपस्थित रहे एलिम्को कानपुर से यशवीर तोमर,विक्रांत, करण एवं समर्पण सेवा ट्रस्ट के संस्थापक अमन नामदेव, संरक्षक सत्एंद्र नारायण, जिला महासचिव सूरज वर्मा, जिला संयोजक देव आशीष वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष सूरज वर्मा, जिला सचिव डॉ. विक्रम राणा, मीडिया प्रभारी राहुल बेदी।

### अवैध हथियार व कारतूस के साथ वांछित पकड़ा


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुड़िया पत्नी सन्दीप निवासी ग्राम बन्तीखेड़ा थाना बाबरी जनपद शामली के पति सन्दीप को घर से बुलाकर अभियुक्त राजीव उर्फ मुन्ना पुत्र राज सिंह निवासी ग्राम बन्तीखेड़ा थाना बाबरी जनपद शामली द्वारा गोली मारकर घायल कर दिया था। घटना के सम्बन्ध में मती गुड़िया उपरोक्त की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में पुलिस



अधीक्षक शामली एन0पी0 सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी से सम्बन्धित अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी थानाभवन के निकट पर्यवेक्षण में थाना बाबरी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बन्तीखेड़ा में व्यक्ति को गोली मारकर घायल कर देने की घटना में वांछित अभियुक्त को घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा व एक खोखा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है । अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है। अभियुक्त राजीव उर्फ मुन्ना पुत्र राज सिंह निवासी ग्राम बन्तीखेड़ा थाना बाबरी जनपद शामली है।

### एक वारंटी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे गैर जमानती वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना गढ़ीपुख्ता पुलिस द्वारा माननीय न्यायालयों से जारी गैर जमानती वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना गढ़ीपुख्ता पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त सतीश पुत्र शीतल निवासी ग्राम धनैना थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली है।

### अनाधिकृत बुध बाजार पर प्रशासन ने कसा शिकंजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे के खुरगान रोड स्थित ग्राउंड पर बिना अनुमति लगाए जा रहे बुधवार बाजार पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। क्षेत्रवासियों की शिकायतों के बाद बुधवार को नायब तहसीलदार सतीश कुमार यादव पुलिस बल एवं हल्का लेखपाल के साथ मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान करीब 400 से 500 दुकानें बिना किसी वैध परमिशन के संचालित मिलीं, जिसके बाद बाजार में अफरा-तफरी मच गई।

बुधवार को कब्जे के खुरगान रोड पर स्थित बुध बाजार में अधिकारियों ने दुकानदारों से अनुमति पत्र मांगे, लेकिन कोई भी व्यापारी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर नायब तहसीलदार ने सभी को कड़ी चेतावनी देते हुए साफ कहा कि अगली बार बिना परमिशन एक भी दुकान लगती पाई गई तो सीधे कानूनी कार्रवाई की जाएगी।प्रशासन का कहना है कि अवैध रूप से लगने वाला यह विशाल बाजार न केवल यातायात को बाधित करता है, बल्कि सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के लिए भी खतरा पैदा करता है। भीड़ बढ़ने से चोरी, विवाद और जाम जैसी समस्याएं सामने आती रही हैं, जिसके चलते स्थानीय लोगों ने बाजार की शिकायत प्रशासन तक पहुंचाई थी।निरीक्षण के बाद पूरे प्रकरण की रिपोर्ट एसडीएम को भेजी जाएगी। प्रशासन की इस सख्ती के बाद बाजार संचालकों और दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है।अधिकारियों ने बताया कि उपजिलाधिकारी कैराना निधि भारद्वाज के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। मौके पर कोई भी दुकानदार वैध प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका, जिस पर सभी को आगामी बुधवार से बाजार न लगाने की चेतावनी दी गई है।



## ऑरेंज द वर्ल्ड कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** इनर व्हील क्लब शामली द्वारा बुधवार को शहर के हिंदू कन्या इंटर कॉलेज में ऑरेंज द वर्ल्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब अध्यक्ष वीणा अग्रवाल एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या अलका संगल ने दीप प्रज्वलित कर किया। ?

अध्यक्ष वीणा अग्रवाल ने बताया कि यह अभियान 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलता है, जिसके अंतर्गत महिलाओं से जुड़े मुद्दों घरेलू हिंसा, छेड़खानी, स्वावलंबन, समलैंगिकता आदि पर 16 दिनों तक विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम में बालिकाओं को सरकार द्वारा संचालित टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर, बाल विवाह पर रोक संबंधी कानून एवं सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता, कविता पाठ, स्लोगन प्रस्तुति और वीरांगनाओं पर आधारित संवाद अभिनय प्रस्तुत किए गए।

लक्ष्मीबाई की भूमिका का प्रस्तुतीकरण विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। प्रतियोगिताओं में राधिका ने प्रथम, जय ने द्वितीय और नंदिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुल 32 बालिकाओं ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जबकि अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। संस्था द्वारा बालिकाओं को मेरी किताब एवं स्वेटर भी वितरित किए गए। इस अवसर पर रेखा गोयल, प्रिया भट्ट, उषा गोयल, सुनीता, अमित, आर्य, पूजा बंसल उपस्थित रहीं।

### भूमि पर बुनियाद भरते समय लाठी-डंडों से हमला, युवती गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव औदरी में प्लॉट की बुनियाद भर रहे परिवार पर लाठी-डंडों आदि से हमला कर दिया। हमले में एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़ित पक्ष ने तीन नामजद सहित कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मंगलवार को औदरी निवासी जुबैर पुत्र गय्यूर ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उनके परिवार की जमीन गांव में प्लॉट के रूप में खाली पड़ी है। मंगलवार को वे अपने परिवार के साथ प्लॉट की चारों तरफ बुनियाद भर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान गांव के कय्यूम, रिजवान, कौशर तथा कुछ अज्ञात लोग लोहे की रॉड, पलकटी, लाठी-डंडे जैसे हथियार लेकर आए और उनके परिवार पर गाली-गलौच करते हुए हमला कर दिया। हमले में बीच बचाव के दौरान जुबैर की बहन आसमा गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। हालत खराब होने पर डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर घायल को अस्पताल भिजवाया गया था। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सनातन शिव शक्ति हनुमान मंडल ने आयोजित किया साप्ताहिक सत्संग



सत्संग कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु एवं पदाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** जल जीवन का स्रोत है, जो शरीर को शुद्ध करता है और आत्मा को पवित्र बनाता हैय यह ईश्वरीय उदारता और उपचार का प्रतीक है। जल को देवालय माना जाता है, जिसमें अग्नि, इंद्र जैसे देवता समाहित हैंय यह पृथ्वी, आकाश और औषधियों सहित हर स्थान को पवित्र करता है। थानाभवन नगर के मौहल्ला कंभोयान में स्थित विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण में सनातन शिव शक्ति हनुमान मंडल के तत्वाधान आयोजित होने वाले साप्ताहिक सत्संग कार्यक्रम में बोलते हुए मंडल के मुख्य प्रवक्ता व कथा वाचक राज राजेश्वर महाराज ने कहा अध्यात्म में इतनी शक्ति है कि यह किसी के भी जीवन को बदल सकता है। यह हमारे जीवन को धीरे-धीरे ही सही मगर इतने गहरे रूप में बदलता है कि हम दूसरों व स्वयं के लिए विशेष बन जाते हैं । मन और जल का आध्यात्मिक संबंध बहुत गहरा हैय जल पवित्रता, जीवन, शांति और परिवर्तन का प्रतीक है, जो मन को शुद्ध करता है, तनाव घटाता है, और चेतना को जागृत करता है, जबकि मन की सकारात्मकता जल के माध्यम से शरीर और आत्मा को शुद्ध करती है, जिससे आध्यात्मिक विकास और मानसिक स्पष्टता मिलती हैय दोनों मिलकर ईश्वरीय अनुभव और आत्म-ज्ञान की ओर ले जाते हैं, क्योंकि शरीर का अधिकांश भाग जल है और जल में स्मृतियां तथा चेतना को प्रभावित करने की क्षमता होती है। ज्योतिष के अनुसार, जल चंद्रमा से जुड़ा है, जो भावनाओं और मन का प्रतिनिधित्व करता हैय यह मन की चंचलता और भावनाओं के उतार-चढ़ाव को दर्शाता है। पानी में याददाश्त होती है (मेमोरी) और यह सकारात्मक विचारों से प्रभावित होता हैय इसे शलिक्विड कंप्यूटरश भी कहा जाता है, जिसे सकारात्मक ऊर्जा से चार्ज किया जा सकता है। इस अवसर पर सुनील सैनी एवं रवि तायल ,सुरेंद्र गर्ग ने सुन्दर भजन से संगत को आनंदित किया। इस अवसर पर नवीन गोयल, योगेश तायल, अमित गर्ग, नवीन बंधु, सचिन गोयल, विकास सिंघल, डाक्टर सुनील गोयल, बबली गर्ग, रवि तायल, प्रभात तायल, अनुज तायल उपस्थित रहे।

### मौनी बाबा महोत्सव का आयोन 15 से

**शामली।** सर्व साधारण को सूचित किया जाता कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दिनांक 15 से 17 दिसम्बर 2025 तक जनपद बांदा के ब्लाक बबेरू के ग्राम टोला कलां, सिमौनी में पौराणिक मौनी बाबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा हैं इस महोत्सव में दूर दूर के जनपदों एवं ग्रामीण क्षेत्रो से अत्याधिक लोग भाग लेते है।

## झिंझाना: 1815 मतदाताओं ने जमा नहीं कराए अपने फार्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे में चल रहे एसआईआर के तहत मतदाता सूची संशोधन कार्य चल रहा है। 14 वार्डों के कुल 13281 मतदाताओं में से 11466 मतदाताओं ने फार्म जमा कर सत्यापन कराया। वहीं 1815 मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। इनमें मृतक, स्थानांतरित व डबल वोट वाले मतदाता शामिल हैं। जिनका सत्यापन या फॉर्म बीएलओ को जमा नहीं कराया गया।

पुनरीक्षण कार्य के दौरान मतदाताओं को 13 अलग-अलग भागों में बांटकर बीएलओ द्वारा फार्म जमा कराए गए। सबसे अधिक 340 नाम भाग संख्या 61 में और 225 नाम भाग संख्या 64 में हटाए गए। अन्य भागों में भी मृतक, बाहर शिफ्ट हो चुके तथा डुप्लीकेट वोटरों के नाम काटे गए।



**वार्डवार स्थिति इस प्रकार रही**

| | |
|---|---|
| भाग 58 | 977 मतदाता, 106 कटे, 871 फार्म जमा। |
| भाग 59 | 889 मतदाता, 120 कटे, 769 फार्म जमा। |
| भाग 60 | 935 मतदाता, 115 कटे, 820 फार्म जमा। |
| भाग 61 | 1104 मतदाता, 340 कटे, 764 फार्म जमा। |
| भाग 62 | 945 मतदाता, 71 कटे, 874 फार्म जमा। |
| भाग 63 | 1011 मतदाता, 79 कटे, 932 फार्म जमा। |
| भाग 64 | 1229 मतदाता, 225 कटे, 1004 फार्म जमा। |
| भाग 65 | 1165 मतदाता, 93 कटे, 1072 फार्म जमा। |
| भाग 66 | 957 मतदाता, 106 कटे, 851 फार्म जमा। |
| भाग 67 | 870 मतदाता, 36 कटे, 834 फार्म जमा। |
| भाग 68 | 974 मतदाता, 202 कटे, 772 फार्म जमा। |
| भाग 69 | 1209 मतदाता, 138 कटे, 1071 फार्म जमा। |
| भाग 70 | 1016 मतदाता, 184 कटे, 832 फार्म जमा। |

कुल मिलाकर 13281 मतदाताओं में से 1815 नाम हटाए गए और 11466 मतदाताओं ने बीएलओ को फार्म जमा किए। यह कार्य कस्बे के आरएसएस इंटर कॉलेज एवं जय सीताराम इंटर कॉलेज में कैंप लगाए गए। शाम पांच बजे तक बीएलओ ने वार्ड सभासदों तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में मतदाता फार्मों का सत्यापन कर छाया प्रति उपलब्ध कराई।

# स्कूटी खड़ी करने के विवाद में बुजुर्ग की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर के मोहल्ला हामिद हसन में रास्ते के बीच स्कूटी खडी करने को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान दहशत के चलते एक पक्ष के बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गयी।

मोहल्ला हामिद हसन में एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच स्कूटी खडी करने को लेकर मारपीट हो गयी। मारपीट के दौरान एक पक्ष के बुजुर्ग हमीद उर्फ मिद्दा की दहशत के चलते मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि हमीद काफी समय से दिल की बीमारी से ग्रस्त था जो कि मारपीट को देखकर दहशत में आ गया था।

दो पक्षों के बीच मारपीट व मौत की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस

### चार युवकों पर लगाया घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप

ने मौके पर पहुंचकर पोस्टमार्टम हेतु शव को अपने कब्जे में लेना चाहा तो मृतक के परिजनों ने बुजुर्ग की मौत स्वाभाविक रूप से (हार्ट अटैक) होने का हवाला देते हुए कानूनी कार्यवाही से इंकार कर दिया। जबकि सलमान पुत्र शहजाद निवासी मोहल्ला हामिद हसन ने रास्ते के बीच स्कूटी खडी करने का विरोध करने पर विपक्षी चार युवकों द्वारा घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाना पर तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई है।

# शिविर में 138 महिलाओं की नसबंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित महिला नसबंदी शिविर ने इस बार एक नई उपलब्धि दर्ज की है। शिविर में कुल 138 महिलाओं की सफलतापूर्वक नसबंदी की गई।

यहां स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जो अपने आप मे बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न इकाइयों बीपीएमयू टीम, हेल्थ सुपरवाइजर, आशा व आशा संगिनी, एएनएम सहित अन्य सहयोगीयों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम वर्क के चलते शिविर का संचालन बिना किसी बाधा के संपन्न हुआ।



इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में डॉ. कपिल देव ए सीएमओ, डॉ. शिवांका गौड़ डीएमओ एवं उनकी पूरी टीम दिनभर शिविर में मौजूद रही। उन्होंने व्यवस्थाओं की लगातार मॉनिटरिंग करते हुए सभी प्रक्रियाओं को मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया। वहीं स्वास्थ्य अधिकारियों व कार्यक्रम के आयोजक प्रभारी अधीक्षक डॉ. अमन गोपाल के मार्गदर्शन व चिकित्सा कर्मचारियों की तत्परता के चलते महिलाओं की निगरानी, चिकित्सा जांच, परामर्श और ऑपरेशन की प्रक्रिया अत्यंत व्यवस्थित और सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न हुई। के एक्स स्वास्थ्य विभाग के इस सफल आयोजन ने जहां ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता की नई मिसाल पेश की गई। वहीं महिलाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी ने परिवार नियोजन के प्रति बढ़ते विश्वास को भी मजबूत किया है। जनप्रतिनिधियों ने विभागीय प्रयासों की सराहना करते हुए इसे जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# चोरी का खुलासा, एक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** कोतवाली पुलिस ने नगर में हुई चोरी की वारदात का पर्दाफाश करते हुए एक ही घटना में शामिल दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस के मुताबिक चोरी का माल, अवैध हथियार और चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मौहल्ला बंजारान निवासी संदीप पुत्र कृष्णपाल के घर हुई चोरी में शामिल आरोपी शाहिद पुत्र जाबिर को बुधवार को नयागांव रोड से हिरासत में लिया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से सफेद व पीली धातु के आभूषण, मोबाइल, बिजली की इंडक्शन, घी के डिब्बे व चाकू बरामद किया है। वहीं इसी घटना में वांछित चल रहे 15000 हजार के इनामी आरोपी अजीम पुत्र रशीद को पुलिस ने बीती रात मुठभेड़ के दौरान घायलावस्था में दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि अजीम के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल, एक तमंचा, जिंदा कारतूस तथा पीली सफेद धातु के आभूषण बरामद हुए हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### पिता बोले मेरे बेटे को पुलिस ने झूठा फंसाया

**नकुडा।** आरोपी अजीम के वृद्ध पिता का आरोप है कि पुलिस ने उनके बेटे को एक दिन पहले ही मोहल्ले से उठाया था, जबकि अजीम दस दिन पूर्व ही ग्यारह माह जेल में रहने के बाद रिहा हुआ है। उनका कहना है कि संदीप पुत्र कृष्णपाल के यहाँ हुई चोरी की घटना से उनके बेटे का कोई लेना-देना नहीं है। बावजूद इसके उस पर 15,000 रुपये का इनाम घोषित कर उसे झूठा फँसाया जा रहा है। उन्होंने मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

# बाबैल बुजुर्ग में निकाली कलश यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** शांति कुंज के तत्वाधान ओर गायत्री परिवार के बैनर तले गांव बाबैल बुजुर्ग में भव्य मंगल कलश के साथ 24 कुण्डीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार का शुभारम्भ हो गया।

शांति कुंज से पधारी टोली के नायक सुरेन्द्र नाथ, गोपाल मालवीय, युग गायक दीपक बघेल, वादक नरेंद्र कुमार रामगीपाल मालवीय का कुरुक्षेत्र निवासी मेहर सिंह, इंद्र सिंह एवं ग्रामीणों दिनेश राणा, रमन शर्मा, सुधीर, नीरज राणा आदि ने टोली का स्वागत किया। इसके बाद 251 कलशो में देव आह्वान किया इसके बाद देव कन्याओ व महिलाओ बच्चों आदि ने सिर पर कलश रखकर गांव की परिक्रमा की ओर ग्राम देवता सहित मन्दिरो में पूजन किया।

इस दौरान व्यवस्थाओ में मास्टर त्रिपाल सिंह, सुरेश शर्मा, सुरेश रोहिला, सत्यपाल धीमान, मदनपाल, रूप सिँह, धर्म सिँह, ईश्वर चंद शर्मा, चंद्र मणि कपिल, डा पीके शर्मा, अक्षय यादव, अरुण, ललित कुमार, नीरज काम्बोज, प्रमोद रुहेला, अशोक गुप्ता, रूप सिंह, डॉ अक्षय यादव, सुधीर राणा, नीरज राणा, अखिलेश कौशिश, दिनेश राणा, मनोज राणा, रमन शर्मा, चरण सिंह, नीरज राणा, नवीन शर्मा, पवन शर्मा, सुधीर राणा, डिम्पल शर्मा, दिव्यांश राणा विनोद शर्मा, नरेश डॉ चंद्र शेखर शर्मा, अरुण यादव प्रदीप, अर्जुन चौहान, जंगशेर राणा, नाहर सिंह, ललित, नितिन शर्मा, अंकित, सौरभ, अशोक, कुलदीप, बिट्टू, अमित, मुकेश, शिवकुमार आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीण ट्रेन से कटा

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव पहाडपुर के निकट रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर एक ग्रामीण की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करा पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थानाध्यक्ष राजकुमार चौहान ने बताया कि पुलिस को बुधवार सुबह करीब चार बजे सूचना मिली कि गांव पहाड़पुर के निकट रेलवे ट्रैक पर एक शव पडा है। सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास करने पर पता चला कि मृतक का नाम रामनाथ धीमान 50 पुत्र फूलसिंह निवासी गांव नगली मेहनाज थाना नागल है। पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को सूचित करने पर वे भी मौके पर पहुंचे और उन्होने पुलिस से बिना कोई कानूनी कार्रवाई किए बगैर शव सौंपने की गुहार लगाई। जिसे पुलिस ने स्वीकार नहीं किया

# एसआईआर कार्य में न हो लापरवाही: नरेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सढौली कदीम।** पूर्व विधायक नरेश सैनी ने कहा है कि विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान एस आई आर का कार्य करने में लापरवाही कतई नहीं करनी चाहिए, वरना भविष्य में उसके दुष्परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित नहीं रहना चाहिए और अपात्र लोगों के नाम बिल्कुल नहीं रहने चाहिए। यदि फिर भी कोई गड़बड़झाला मिलता है तो उसके जिम्मेदार सम्बंधित बीएलओ होंगे।

उक्त बातें उन्होंने आज बेहट विधानसभा क्षेत्र में स्थित भाजपा मंडल सढौली कदीम के गांव शेखपुरा में बूथ नंबर- 32, 33, 34 पर साथियों सहित पहुंच कर यथास्थिति का जायजा लिया है।



उन्होंने इस अभियान में काम करने वाले सम्बंधित बीएलओ से विस्तार से जानकारी का आदान-प्रदान किया और कहा कि राष्ट्रीय चुनाव आयोग द्वारा संचालित यह एस आई आर विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान हमारी सरकार की प्राथमिकता में शामिल है, यदि इसके क्रियान्वयन में कोई भी गड़बड़ी होती है तो उसके दूरगामी परिणाम हमारे देश और समाज के लिए भी अच्छे नहीं हो सकते हैं, इस लिए हमारी-आपकी जिम्मेदारी बनती है कि इस अभियान में हम डोर-टू-डोर जाकर आवश्यक जानकारी प्राप्त करें और इस अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं गन्ना समिति बेहट के चौयरमैन मुल्की राज सैनी, भाजपा जिला प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय सैनी, मंडल अध्यक्ष डॉ सतेन्द्र कुमार, बीएलओ नरेसना देवी, राजबीर सिंह, टीपी सिंह आदि लोग मौजूद रहे हैं।

# सुरक्षा के लिए नियमों का पालन जरूरी: राधेश्याम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने और सुरक्षित रहने के लिए नियमों का करना जरूरी है।इसलिए सभी को अनुशासन का पालन करना चाहिए।

प्रसिद्ध शिक्षण संस्था मदरलैंड पब्लिक स्कूल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने व बुराइयों से दूर रहने की शपथ दिलाई।संबोधित करते हुए राधेश्याम यादव ने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेल्मेट जरूर लगाएं।हमेशा अपनी साइड में चलें और वाहन चलाते समय फोन पर बात न करें।कभी ज्यादा स्पीड से वाहन न चलाएं।उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कुसंगति से बचें और नशा जैसी बुराई से हमेशा दूर रहें।उन्होंने कहा कि नियमों का पालन करने वाले न केवल सुरक्षित रहते हैं बल्कि जीवन मे आगे भी बढ़ते हैं।



नशे से बचने के लिए और सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने पर जोर दिया कि सभी बच्चों को हेलमेट लगाना चाहिए और ड्रग्स से दूर रहना चाहिए। एसआई देवेंद्र सिंह ने हेल्पलाइन नम्बर्स की जानकारी दी और यातायात नियमों के बारे में बताया। प्रधानाचार्या डॉ शालू भूर्यान, प्रबंधक सत्य संयम भूर्यान व चेयरपर्सन श्वेता सैनी ने बच्चों को इस विषय में जागरूक करते हुए कहा कि बच्चों को इन नियमों का पालन करना चाहिए। और कहा कि सुरक्षा है तो जीवन है।

इस दौरान स्कूल का स्टाफ एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### मारपीट के आरोपी पर मुकदमा दर्ज

**चिलकाना।** रात्रि के समय ऑटो चालक को बुकिंग के बहाने बुलाकर ले जाने तथा सुनसान रास्ते मे उसके साथ मारपीट करने के सम्बन्ध में पीड़ित ऑटो चालक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक पीड़ित ऑटो चालक ऑटो चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। आरोप है कि आरोपी ने दुमझेडा गांव में जाने वाले कच्चे रास्ते पर ऑटो रुकवाया तथा डंडे से चालक को पीटना शुरू कर दिया। पीड़ित ने जब शोर मचाया तो किसी के आने की आहट सुनकर आरोपी उसे जान से की धमकी देता हुआ गम्भीर घायल हालत में छोडकर वहाँ से फरार हो गया। थाना प्रभारी ने बताया है कि पीड़ित को मेडिकल एवं जांच हेतु भिजवाया गया है।

# स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** क्षेत्र के ग्राम जोधेबांस में स्थित सरस्वती मॉडर्न पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में चल रहे स्काउट एवं गाइड के प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया।

शिविर में पहुंचे मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी डाक्टर विमल शर्मा ने कहा कि स्काउटिंग बच्चों में दूसरों के प्रति जिम्मेदारी एवं सहानुभूति की भावना विकसित करती है। सतीश शर्मा ने कहा कि स्काउट एवं गाइड जैसी गतिविधियां बच्चों में सेवा भावना, नेतृत्व कौशल और आत्मनिर्भरता विकसित करती है जो आज के इस प्रतिस्पर्धा के युग में बहुत जरूरी है। राज्य प्रशिक्षक परमजीत पंवार व जिला प्रशिक्षिका हर्षिता कश्यप ने स्काउट एवं गाइड को गाठे, गीत, प्रार्थना, प्राथमिक उपचार, देशभक्ति गीत, सामूहिक



खेल, दल भावना की गतिविधियां, समाज सेवा एवं स्वच्छता अभियान सहित विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान 11 टोलियों ने विद्यालय प्रांगण में टैंट लगाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिविर के समापन पर अंशिका, अनिका, मिनाक्षी, अस्विका, नयम, आरवी, मिस्बा आर्या, सोनिया, अवनी, मेहुल, सूर्य, आरुष, दीपक, करीब, लविश आदि को बेहतर प्रदर्शन करने पर मैडल देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अवनीश काम्बोज, राजेश सिरोही, क्षमा काम्बोज, पंकज, जूली सैनी, विशाखा, कोमल, मंजो देवी सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# बीएलओ ने सुनाई मतदाताओं की सूची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** एसाईआर 2026 के अंतर्गत निर्वाचन क्षेत्र 2 नकुड मतदेय स्थल संख्या 70, 71, 72 में गणना प्रपत्र वितरण के पश्चात गणना प्रपत्र प्राप्ति, डिजिटाइजेशन का शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले बीएलओ द्वारा गणमान्य लोगों व राजनीतिक दलों के बूथ स्तर एजेंट के साथ बैठक आयोजित कर अपने अपने बूथ पर प्राप्त मृतक, स्थानांतरित, अनुपस्थित, दोहरी प्रविष्टि तथा कुल प्राप्त मतदाताओं की सूची पढ़कर सुनाई गई।

बुधवार को नगर के एस के एस डी गर्ल्स इंटर कॉलेज में आयोजित बैठक में बीएलओ मनोज कुमार, अमित कुमार तथा अंजना गुप्ता ने बताया कि बूथ संख्या 70, 71, 72 में प्रथम चरण का कार्य पूर्ण हो गया है। बूथ संख्या 70 में कुल निर्वाचक संख्या 1209 थी जिसमें डिजिटाइजेशन गणना प्रपत्र 984 तथा अप्राप्त गणना प्रपत्र 225 रहे, जिसमे से 39 मृत, 12 दोहरी प्रविष्टि, 161 स्थाई रूप से स्थानांतरित तथा 13 अनुपस्थित पाए गए। बूथ संख्या 71 में कुल निर्वाचन संख्या 743 में से डिजिटाइजेशन गणना प्रपत्र 576 तथा अप्राप्त गणना प्रपत्र 166 रहे। जिसमे मृतक 22, दोहरी प्रविष्टि 11, स्थाई रूप से स्थानांतरित 131 तथा अनुपस्थित 2 रहे।



वहीं बूथ संख्या 72 में कुल निर्वाचन संख्या 686 में से डिजिटाइजेशन गणना प्रपत्र 592 तथा अप्राप्त गणना प्रपत्र 94 रहे। जिसमे मृतक 23, स्थाई रूप से स्थानांतरित 70, दोहरी प्रविष्टि 1 पाई गई। इस अवसर पर बीएलओ मनोज कुमार, अमित कुमार, अंजना गुप्ता, बूथ लेवल एजेंट संस्कार सिंघल, सभासद अनुपम जैन, सपा नेता नदीम कुरैशी, भाजपा नेता अली इमाम उर्फ प्रिंस, हिमांशु गुप्ता, पवन सेन, सभासद अनुपम जैन, मरगूब अंसारी तथा पत्रकार एम एस सोनू कुरैश मौजूद रहे।

# एसआईआर संशोधन फार्म जमा कराने की मुहीम तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत में विशेष गहन संशोधन के फॉर्म जमा करने की आखिरी मुहिम तेज हो गई है।

बीएलओ अनिल कुमार और नगर पंचायत चेयरमैन पद के भावी प्रत्याशी मोहम्मद हसीब मलिक ने बुधवार को प्राथमिक विद्यालय में कैंप लगाकर लोगों से दो दिन के अंदर-अंदर फॉर्म जमा करने की सख्त अपील की। बीएलओ अनिल कुमार ने कहा जिन लोगों ने फॉर्म लेकर घर पर रख लिए हैं, जिनके परिवार में कोई मृतक है या कहीं और फॉर्म जमा कर दिया है, वे तुरंत सुधार करवाएं। दो दिन बाद कोई शिकायत स्वीकार नहीं होगी, इसके लिए वे खुद जिम्मेदार होंगे भावी चेयरमैन प्रत्याशी हसीब मलिक खुद घर-घर जा रहे हैं और लोगों से अपील कर रहे



हैं कि फॉर्म बीएलओ अनिल कुमार के पास ही जमा करें। उन्होंने कहा, मतदाता सूची से नाम कटने या जुड़ने में गड़बड़ी न हो, इसलिए सभी फॉर्म तुरंत जमा कर दें कैंप में बीएलओ अनीता, हाजी खुर्शीद, कुद्दूस मलिक, शमशाद, वसीम, मोहम्मद अहमद, इमरान मलिक, रेखा, सुमन, इमराना, गुलाबो, नाजमा, अंजुम, साइस्ता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे। लोगों ने फॉर्म जमा किए और अपनी-अपनी समस्याएं भी बताईं।

नगर पंचायत प्रशासन ने साफ किया है कि तय समयसीमा के बाद कोई फॉर्म स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसलिए सभी नागरिक जल्द से जल्द अपने फॉर्म जमा कर लें।

**सूचना**

मेरी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाई स्कूल की मार्कशीट वर्ष 2016 जिसका अनुक्रमांक संख्या 0725964 है, कहीं खो गई है। जो काफी तलाश करने पर भी नही मिली।

**गौरव कुमार पुत्र स्व. स्वराज सिंह ग्राम व डाक खाना सिरसका तहसील नकुड़ जनपद सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र शुभम व पुत्रवधू श्रीमति राधिका को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**अनिल कुमार पुत्र स्व. कमल किशोर निवासी शाकुम्भरी विहार निकट शिव मन्दिर के पास, थाना देहात कोतवाली, जिला सहारनपुर।**

# जादुई करतब देख बच्चे अचम्भित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** रेड क्रॉस सोसायटी के तत्वाधान में सुल्तानपुर नगर के न्यू कैंब्रिज पब्लिक स्कूल तथा नव जनोदय इंटर कॉलेज प्रांगण में हरियाणा से आये जादूगर नरेंद्र कुमार ने अपने जादूई करतब दिखाते हुए बच्चो को अचंभित किया।

जादूगर ने मंच पर कई करतब रूमाल को जोड़ना, एक बॉल से अनेक बॉल बनाना, कैंडल से फ्लावर पॉट बनाना, पानी से बर्तन बनाना आदि करतब दिखाए। सभी बच्चों ने जादू का आनंद लिया और जादूगर की चालाकी की प्रशंसा की।

जादूगर ने बच्चों को अंधविश्वास, नशाखोरी, कन्या भ्रूण हत्या, राष्ट्रीय एकता, बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ और मान सम्मान के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्य विकास कुमार सैनी ने बताया कि रेड क्रॉस सोसायटी एक अंतराष्ट्रीय संगठन है जिसका मुख्य उद्देश्य मानव जीवन की रक्षा करना है।

# किसानों से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक की मासिक बैठक का आयोजन तहसील प्रांगण में किया गया,जिसमें किसानों से जुड़ी हुई समस्याओं को प्रमुखता के साथ उठाया गया।

बुधवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक की मासिक बैठक का आयोजन तहसील प्रांगण में बृजपाल राणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई,चर्चा के पश्चात एक 8 सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार को सोपा गया। किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष अनुज शर्मा ने ज्ञापन देते हुए कहा कि तहसील क्षेत्र में आधार कार्ड सही कराने या नया बनवाने के लिए क्षेत्र वासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है ज्ञापन में मांग की गई है कि आधार कार्ड सेंटर बेहट और छुटमलपुर बनवाए जाएं ताकि लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके। ज्ञापन में मांग की गई कि किसानों के गन्ने का बकाया भुगतान तत्काल किसानों के खातो में डाला जाए,ठंड से बचाव के लिए कस्बा और गांवों के चौराहों पर अलाव जलवाए जाएं ताकि राहगीर ठंड से बच सके, आपूर्ति विभाग की कार्यशैली को दुरुस्त कराया जाए,आवारा पशुओं को पकड कर गौशाला भिजवाया जाए ताकि किसानो की फैसले बर्बाद होने से बचाई जा सके,गन्ना ढुलाई मे इस्तेमाल होने वाले वाहनो का किराया किसानो से न लेकर मिल मालिक से वसूला जाए,ग्राम पठेड से नानौली जाने वाले मार्ग का



निर्माण तत्काल प्रभाव से कराया जाए,ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि ठंड से किसानों को बचाने के लिए रात से अधिक दिन में विधुत आपूर्ति कम से कम 10 घंटे की जाए ताकि किसान दिन के समय में अपने खेतों में पानी दे सके और सर्दी से किसानों का बचाया जा सके।

ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से विकासखंड मुजफ्फराबाद के अध्यक्ष सोम प्रकाश,विकासखंड सढौली कदम के अध्यक्ष मोहम्मद आबिद, ग्राम अध्यक्ष मानसिंह राणा, ग्राम अध्यक्ष मांगेराम शर्मा,मोहम्मद समीर, बृजपाल पंवार,ईसम सिंह,लक्ष्मी चंद,आलमगीर सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिन कुमार शर्मा ने किया।

### ब्याना लेकर जमीन किसी और को बेचने का आरोप

**चिलकाना।** ग्राम बडगांव निवासी युवक ने जमीन बेचने के नाम पर ब्याना लेकर जमीन किसी दूसरे व्यक्ति को बेचने का आरोप लगाते हुए विपक्षी युवक के खिलाफ थाना पर तहरीर दी है।

बडगांव निवासी पीड़ित अम्बेश कुमार पुत्र मामचन्द ने बताया है कि उसने लगभग तीन वर्ष पूर्व 30 सितंबर सन् 2022 को ग्राम प्रधान की मौजूदगी में अपने गांव निवासी व्यक्ति को उसकी दो बिघा दस बिस्सा खेती की जमीन को दो लाख पचास हजार रुपये में खरीदने के लिए एक लाख रुपए बतौर ब्याना दिये थे। जिसको ग्राम प्रधान व अन्य गणमान्य लोगों द्वारा विपक्षी से स्टाम्प पर लिखवाकर हस्ताक्षर करा लिये थे। विपक्षी ने जमीन पर लोन लिया होने का हवाला देते हुए कुछ समय बाद बैनामा कराने की बात कही थी।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर में रोगियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** फैजान हास्पिटल में आयोजित विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर में रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ ही मरीजों की ईसीजी, ईको व खून की जांच भी की गई।

फैजान हास्पिटल में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में मेदांता हास्पिटल नोएडा से आए डा. परनीष अरोड़ा व डा. दीपक तोमर ने हृदय रोगियों, डा. गौरव और डा. चिराग जैन ने ट्यूमर एवं कैंसर रोगियों, डा. प्रशांत राज गर्ग ने किडनी रोगियों, डा. मलिका राव व डा. अरशी ने स्त्री रोगों की जांच की। डा. नित्यानंद शर्मा, डा. बी. दामोदर एवं डा. सलीमुर्रहमान ने सामान्य रोगियों सहित 500 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। साद सिद्दीकी ने बताया कि ऐसा पहली बार हुआ है जब शिविर में कैंसर से ग्रस्त रोगियों की जांच की गई है। डा. सलीमुर्रहमान ने कहा कि शिविर में





विभिन्न रोगों के 500 मरीजों का परीक्षण किया गया है। साथ ही काफी मरीजों की खून की जांच, ईको व ईसीजी भी निःशुल्क की गई है। अस्पताल संस्थापक साद सिद्दीकी, अहमद सिद्दीकी व प्रबंध निदेशक सलीमुर्रहमान ने कहा कि रोगियों को लाभ पहुंचाने के लिए आयोजित चिकित्सा शिविर में नगर व ग्रामीण क्षेत्रो से आए मरीजों का परीक्षण कर उन्हें रोगो के बचाव के सुझाव दिए गए।

उन्होने कहा फैजान हास्पिटल समय समय पर इस प्रकार के शिविर आयोजित कर पीडित व्यक्तियों की सहायता करने के लिए तत्पर है। उन्होंने लोगों से भविष्य में ऐसे शिवि. रों से लाभ लेने का आह्वान किया। इस दौरान अस्पताल का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

# अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर इस्लामिया कॉलेज आफ लॉ में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें छात्र छात्राओं ने पोस्टर के माध्यम से मानव अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

इस्लामिया कॉलेज आफ लॉ प्रागण में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में सना ने प्रथम, कहकशां व सफाहत ने द्वितीय एवं साकिब ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को कालेज प्रबंधन की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भाषण, गीत, लघु नाटक की भी शानदार प्रस्तुति दी। विभागाध्यक्ष डा. बुशरा शफीक ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र की सार्वभौमिक मानव अधिकार घोषणा की याद में हर साल 10 दिसंबर को



मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। यह दिन समाज में समानता, स्वतंत्रता, न्याय की सुरक्षा एवं संवर्धन के महत्व को उजागर करता है। प्रचार्य डा. वकील अहमद ने कहा कि लोगो को मानव अधिकार के प्रति जागरूक रहना चाहिए। इस दौरान राहुल देव त्यागी, नदीम, तरुण कुमार, उम्मे फरवा आदि छात्र-छात्राएं व कॉलेज का स्टाफ शामिल रहा।

## पुलिस ने भेजा वांछित वारंटियों को जेल

**देवबन्द।** वांछित वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

पुलिस ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ अभियान के अंतर्गत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत के आदेश पर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। कोतवाली प्रभारी अमरपाल शर्मा ने बताया कि बुधवार को गांव गोपाली निवासी वांछित रोकी को मुखबिर की सूचना पर गांव गोपाली से और गांव दूधली निवासी किल्लू को गिरफ्तार किया। उनके मुताबिक रोकी पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं में और किल्लू पर विद्युत अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत न्यायालय से वारंट जारी किए गए थे।

# चकरोड पर दो पक्षों के बीच चल रहा मामल सुलझा

**अदालत के आदेश पर कोर्ट अमीन ने पुलिस के साथ 40 वर्ष बाद जमीन को कराया कब्जामुक्त**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** चकरोड को लेकर दो पक्षों के बीच चल रहा कब्जे का मामला सुलझ गया। अदालत के आदेश पर कोर्ट अमीन ने पुलिस के साथ 40 साल बाद जमीन को कब्जामुक्त कराया है।

खेड़ामुगल निवासी राम सिंह और नितरु के बीच चकरोड पर कब्जे को लेकर पिछले करीब 40 साल से विवाद चला आ रहा था। इस दौरान राम सिंह की मृत्यू हो गई जिसके बाद उसके भाई कालूराम और बेटों विना. द, प्रमोद और मेमपाल मामले की पैरवी कर रहे थे। जबकि इस बीच नितरु वहां मकान बनाकर परिवार के साथ रह रहा था। बुधवार को न्यायालय अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के आदेश पर कोर्ट अमीन नवीन कोशिक पुलिस के साथ खेड़ामुगल पहुंचे और वहां हुए निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त कराते हुए भूमि को कब्जामुक्त कराया। इस दौरान पुलिस बल मौजूद रहा। जिसके चलते कोई भी विरोध का साहस नहीं जुटा सका। बताया गया है कि कुछ 12 बीघा भूमि पर अवैध रुप से कब्जा किया गया है, जिसका मामला न्यायालय में विच. ाराधीन है, फिलहाल एक प्लॉट को कब्जामुक्त कराया गया है।

# खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मेपल्स एकेडमी में ऊर्जा उत्सव चार दिवसीय खेलों का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन बच्चों ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं व गतिविधियों में भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मेपल्स एकेडमी प्रागण में ऊर्जा उत्सव-5 शीर्षक चार दिवसीय खेलों का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रसिद्ध शायर डा. नवाज देवबंदी एवं अपना घर आश्रम के संस्थापक विनोद कुमार गोयल ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। खेलों से पूर्व हाउस कैप्टन एवं विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट किया। प्रथम दिन केजी विंग के नन्हे मुन्ने बच्चों ने स्केटिंग, टेबल टेनिस, जिम्नास्टिक, बैडमिंटन व क्रिकेट के अलावा कराटे, म्यूजिक व डांस आदि गति.




विधियों में भाग लिया। कक्षा एक से 11वीं तक के छात्र-छात्राओं ने 50 मीटर व 100 मीटर दौड़ के अलावा थ्रो बाल, कंगारू रेस, लेमन रेस, बकेट रेस और टर्टल रेस में अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रधानाचार्या डा. चित्रा जोशी ने अतिथियों का आभार जताते हुए खेलों में उम्दा प्रदर्शन के लिए



विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को फिट और ऊर्जावान रखना ही इस आयोजन का उद्देश्य है। उत्कर्ष वत्स, अंकुर राठी, मानव त्यागी, मानिक तोमर, लवी त्यागी, सिम्मी मखीजा, शुभम शर्मा, रेनू बर्मन आदि छात्र-छात्राएं व स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

# धर्म का चश्मा लगाकर नहीं देखना चाहिएः खान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** वंदे मातरम को लेकर जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी के विरोध पर महाराष्ट्र (मुंबई) भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष वसीम खान ने कहा कि हर चीज को धर्म का चश्मा लगाकर नहीं देखना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि मौलाना मदनी मजहब को सुरक्षा कवच बनाकर और शरीयत का बहाना लेकर मुसलमानों की भावनाओं से खेल रहे हैं।

देवबंद पहुंचे महाराष्ट्र भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष वसीम खान ने कहा कि वंदे मातरम का नारा देकर हमारे न जाने कितने महापुरुषों ने देश की आजादी के लिए कुर्बानियां दी हैं। उस नारे में एक जज्बा भरा हुआ है। इसलिए मुझे लगता है कि हिंदुस्तान के मुसलमानों को इससे कोई परहेज नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मौलाना अरशद मदनी बड़े आलिम-ए-दीन हैं उनको सियासी चीजों में ज्यादा न उलझ कर इससे दूरी बनानी चाहिए और जो दीन की बातें हैं लोगों को बतानी चाहिए और जो खिदमत के काम हैं उनको वही करने चाहिए। वसीम खान ने कहा कि वंदे मातरम एक ऐसा नारा है जो देश के लिए मर मिटने की प्रेरणा देता है देश के लिए कुछ करने का जज्बा देता है। कहा कि मौलाना आजाद ने वंदे मातरम की कभी मुखालिफत नहीं की, क्या कोई उनसे बड़ा हो जाएगा। डॉ. एपीजी अब्दुल कलाम ने भी इस नारे को कई बार पढ़ा। खान ने कहा कि हर चीज को सियासत से नहीं जोड़ना चाहिए, मुसलमानों से अपील करने के लिए बहुत सारी चीजें हैं। जरुरत इस बात की है कि वे मुस्लिम बच्चों और युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा दें, उनको कैसे एजुकेशन मिले वे एजुकेशन की तरफ कैसे जाएं इस पर काम करना चाहिए। इस उन्हें काम करना चाहिए। यह सियासत की चीजें हैं इनको सियासतदानों पर छोड़ देनी चाहिए। वसीम खान ने आरोप लगाते हुए कहा कि मौलाना अरशद मदनी हों या उनसे जुड़े और लोग हमेशा सियासी मुद्दों में हस्तक्षेप करते हैं और कहीं न कहीं मुसलमानों को बहकाने का काम करते हैं, वे मजहब को सुरक्षा कवच बनाकर और शरीयत का बहाना लेकर मुसलमानों के जज्बातों से खेलते हैं। उन्होंने कहा कि शरीयत अलग है और मजहब अलग है जब हम खुद को भारतीय कहते हैं तो हमारी संयुक्त तौर पर जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं।

# बैंक से अप्राप्त जमा राशि व परिसंपत्तियों के निस्तारण के लिए 12 दिसम्बर को जलालपुर में लगेगा कैंपः एलडीएम

**शामली।** अग्रणी जिला प्रबंधक अनील कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि वित्त मंत्रालय एवं भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार दिनांक 12 दिसम्बर 2025 को सभी बैंकों को द्वारा अवशेषध्अप्राप्त वित्तीय परिसंपत्तियों रिफंड शिविर का आयोजन, कृषि विज्ञान केन्द्र, जलालपुर शामली के सभागार में अपराह्न 1 बजे से होगा। मुख्यतः यह कार्यक्रम जिले के नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तथा लंबे समय से अप्राप्त बैंक जमा राशि, निष्क्रिय खाते सावधि/आवर्ती जमा, डिमैट खातों तथा अन्य वित्तीय परिसंपतियों के त्वरित निस्तारण हेतु 12 दिसम्बर को कृषि विज्ञान



केन्द्र,जलालपुर शामली सभागार में अपराह्न 1 बजे से एक विशेष अवशेष अप्राप्त वित्तीय परिसंपत्तियों रिफंड शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इस शिविर में जिले के सभी सरकारी, निजी, क्षेत्रीय बैंक सक्रिय भागीदारी करेंगे। प्रत्येक बैंक द्वारा अलग सहायता स्टाल, तथा दावा संबंधित सभी फॉर्म व सूचना समाग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

जनता को ऑन-द-स्पॉट सहायता प्रदान करने के लिए बैंक अधिकारियों की टीम पूरी तैयारी के साथ उपस्थित रहेंगी। शिविर में आने वाले नागरिकों को अपने दस्तावेज पासबुकध्खाता विवरण तथा उपलब्ध अवशेष जमा से संबंधित जानकारी साथ लानी होगी, जिससे दावों का तत्काल पंजीकरण एवं प्रारम्भिक निस्तारण किया जा सकें। अग्रणी जिला प्रबंधक शामली ने बताया कि यह शिविर उन खाताधारकों के लिए विशेष अवसर है जिनकी जमा राशि या अन्य वित्तीय दावे लम्बे समय से अप्राप्त है।

## दस दिन बाद भी लूट का खुलासा नहीं

**कांधला।** थाना क्षेत्र के इस्लामपुर घसौली मार्ग पर दस दिन पूर्व हुई सर्राफा व्यापारी के साथ लूट की घटना का पुलिस खुलासा नहीं कर पाई। पीड़ित व्यापारी ने उच्च अधिकारियों से शिकायत कर खुलासे की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव पंजोखरा निवासी सर्राफा व्यापारी ओमवीर वर्मा ने गांव इस्लामपुर घसौली में ज्वेलरी की दुकान कर रखी है। व्यापारी विगत सोमवार की शाम अपनी दुकान बंद करके बाइक पर सवार होकर अपने घर आ रहा था। जैसे ही सर्राफा व्यापारी चढ़ाव गांव के समीप पहुंचा तो बाइक सवार बदमाशों ने तमंचे के बल पर व्यापारी से नगदी जेवरात एवं मोबाइल सहित कीमती कागजात लूट लिए थे और फरार हो गए थे। लूट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जंगलों में बदमाशों की तलाश की थी मगर कहीं भी सुराग नहीं लगा था। पुलिस ने थाना क्षेत्र मे आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में बदमाशों की तलाश करते हुए फुटेज खंगाली थी। लूट की घटना को दस दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस बदमाशों का सुराग नहीं लगा सकी।

# दो माह से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता दंपति को पुलिस ने किया बरामद



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता दंपति को पुलिस ने दो माह बाद बरामद कर लिया है। पुलिस ने लिखा पढ़ी करने के बाद दंपती को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। दंपति के मिलने से परि. जनों में खुशी की लहर है। परिजनों ने पुलिस का धन्यवाद किया है। थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी सलीम पुत्र वहीद ने दो महीने पहले अपने पुत्र अयूब व पुत्रवधू साजिदा के संदिग्ध परिस्थितियों में ससुराल से वापस आते समय लापता होने की सूचना दर्ज कराई थी। पुलिस ने पीड़ित परिजनों की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर लापता दंपति की तलाश शुरू कर दी थी। बुधवार को पुलिस ने लापता दंपति को जनपद बागपत के बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के गांव खामपुर लोहारी से एक किसान के घर से बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में दंपति ने बताया कि वह ट्रेन से दिल्ली के लिए चले थे और लोनी रेलवे स्टेशन पर उतर गए थे। पैसे न होने के कारण दोनों भूखे प्यासे स्टेशन पर पड़े थे। इसी बीच शिवम पुत्र अजय निवासी खामपुर लोहारी ने मानवता का परिचय देते हुए दोनों को खाना खिलाया था, उसी समय दंपति ने युवक से काम के बारे में बात की तो युवक दोनों को अपने खेत पर कार्य करने की बात की। तभी से दंपति शिवम के घर पर ही रहकर खेती का कार्य कर रहे थे। पुलिस ने लिखा पढ़ी करने के बाद दंपति को पीड़ित परिजनों के सुपुर्द कर दिया। दंपति के मिलने से परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। पीड़ित परिजनों ने पुलिस का धन्यवाद किया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि संदिग्ध परिस्थितियों में लापता दंपति को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# डीएवी कॉलेज की छात्रा इल्मा ने ताईक्वांडो में जीता गोल्ड मेडल, जनपद का किया नाम रोशन

**तीन दिवसीय प्रतियोगिता कानपुर में हुई थी आयोजित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ताईक्वांडो प्रतियोगिता में मुजफ्फरनगर के आठ बालक-बालिकाओं ने भाग लेकर छह गोल्ड व दो सिल्वर-रजत पदक प्राप्त कर गौरव प्राप्त किया है।

कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में गत 5, 6, 7 दिसंबर 2025 (तीन दिवसीय) उप्र. ताईक्वांडो ओपन स्टेट चैंपियनशिप आयोजित की गई। जिसमें भारी संख्या में जूनियर व सीनियर वर्ग के अंडर 19 बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में डीएवी पीजी कॉलेज मु.नगर की बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा इल्मा पुत्री मौ. अशरफ निवासी खालापार मु.नगर ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसके




**गोल्ड मेडल विजेता इलमा प्रतियोगिता के समापन समारोह पर अतिथियों के मध्य खड़ी।**

अलावा कनिका, सैफुल्ला, वंश, मो. जैद, तनिष्क ने भी गोल्ड मेडल प्राप्त किए। इसके अलावा माधव व मीनाक्षी ने रजत पदक प्राप्त किए।

# युवती को होटल में ले जाकर किया दुष्कर्म, वीडियो वायरल करने की धमकी

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती ने गांव के ही एक युवक पर प्रेम प्रसंग चलते होटल में ले जाकर दुष्कर्म करने और वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। वीडियो का आरोप है कि आरोपी दो वर्ष से लगातार वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म करता आ रहा है।

आरोप है कि एक माह पूर्व आरोपी पीड़िता को जबरदस्ती बाइक पर बैठ कर ले गया था और अगले दिन पीड़िता के पिता को एक गांव में बुलाकर पीड़िता के पिता को सौंपते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर कर मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है।थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी युवती ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया था कि दो वर्ष पूर्व पीड़िता की मुलाकात पड़ोस के ही रहने वाले अनुज पुत्र विनोद से हुई थी। इसी बीच दोनों के बीच प्रेम प्रसंग हो गया। प्रेम प्रसंग के चलते युवक युवती को जनपद बागपत के बड़ौत के एक होटल में ले गया और वहां पर युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के साथ ही वीडियो बना लिया था। आरोप है कि युवक वीडियो वायरल की धमकी देते हुए लगातार पीड़िता के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देता रहा था। गत 13 नवंबर को आरोपी युवक पीड़िता को जबरदस्ती बाइक पर बैठ कर ले गया था और 14 नवंबर को पीड़िता के पिता को क्षेत्र के गांव गंगेरू बुलाकर पीड़िता को सौंप दिया था। आरोप है कि आरोपी युवक ने पीड़िता के पिता को शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शीघ्र ही आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# मीमला में चार माह से जख्मी हालत मे घूम रहा आवारा गोवंश, ग्रामीणों में नाराजगी

**कांधला।** गविकास खंड क्षेत्र के गांव मीमला रसूलपुर गुजरान में बिते चार महीनों से एक जख्मी गौवंश गंभीर हालत में सड़कों पर भटकने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीण सोनू कुमार मुखिया ने मुख्य विकास अधिकारी को पत्र भेज कर जख्मी गोवंश का इलाज कराने एंव गौशाला भेजने की मांग की है। बुधवार को ग्रामीणों ने बताया की घायल गौवंश लंबे समय से गांव की गलियों और खेतों के आसपास दर्द झेलते हुए घूम रहा है। उसकी हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है, लेकिन ग्राम स्तरीय अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में कई बार मौखिक सूचना ग्राम सचिव को भी दी गई, लेकिन न तो उपचार करवाया गया और न ही घायल पशु को किसी नजदीकी गौशाला में भेजा गया। ग्रामीणों को डर है कि जख्मी गौवंश जो बीमार है, उसके संक्रमण का खतरा अन्य पशुओं तक भी फैल सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि घायल गोवंश के बाएं कान में लगे टैग नंबर भ्ळै। 160022828326 से यह साफ है कि यह किसी गौशाला से संबंधित है। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि संभवतः गौवंश को लापरवाही के चलते गौशाला संचालक द्वारा ही आवारा छोड़ दिया गया है।सोनू कुमार मुखिया ने अपने पत्र में कहा कि प्रशासन को यह पता लगाना चाहिए कि यह गौवंश किस गौशाला से संबंधित है और उसे खुले में छोड़ने के लिए कौन जिम्मेदार है। उन्होंने मांग की है कि न केवल इस जख्मी गौवंश को तुरंत उपचार सहित नजदीकी गौशाला में स्थानांतरित किया जाए बल्कि संबंधित गौशाला संचालक पर भी वैधानिक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।उन्होंने यह भी कहा कि गांव के लोग स्वयं भी अपनी ओर से कई बार प्रयास कर चुके हैं, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण घायल गौवंश को राहत नहीं मिल पाई। गांव के पशुपालकों ने आशंका जताई कि यदि स्थिति जल्द नहीं सुधारी गई तो गांव में अन्य पशुओं के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा सकता है। ग्रामीण द्वारा भेजे गए पत्र के साथ जख्मी गौवंश की स्थिति दर्शाते छायाचित्र भी संलग्न किए गए हैं, ताकि अधिकारियों को वास्तविक स्थिति का आकलन करने में आसानी हो सके। ग्रामीणों ने मंडल आयुक्त संहिता अधिकारियों को पत्र भेजकर निस्तारण की मांग की है।



## एसआईआर फार्म जमा कराने पर जोर

**नगीना।** एसआईआर के काम में लगे बीएलओ के साथ जनप्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्र में शत प्रतिशत फार्म भरवाने में में प्रयासरत हैं। हालांकि फॉर्म भरने व जमा करने के लिए अब तीन दिन शेष हैं, लेकिन इस सबके बावजूद अब भी प्रत्येक क्षेत्र से कम से कम 100 मतदाताओं ने फॉर्म जमा नहीं किये है। भाजपा नेता रोहित रवि ने नगीना विधानसभा के बूथ संख्या 324 मौहल्ला लाल सराय नगीना में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि अब तक बूथ पर बीएलओ के अनुसार कुल 1106 में से 904 फार्म वितरित किए गए थे, जिसमें से 890 फॉर्म जमा किए जा चुके हैं तथा 204 नाम काटे गए हैं। लगभग 12 लोग जो अभी घर पर नहीं मिले हैं। उनके फॉर्म जमा करने शेष हैं अन्यथा बूथ पर एसआईआर कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शीघ्र नगीना विधानसभा में अभियान कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

## पुण्यतिथि पर हवन-यज्ञ का आयोजन

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय की प्रबंध समिति के पूर्व आजीवन अध्यक्ष स्व. कुंवर महीपाल सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें आर्य कन्या गुरुकुल नजीबाबाद से पधारी आचार्या डॉ. प्रियंवदा एवं छात्राओं ने वैदिक रीति से हवन-यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ के यजमान महाविद्यालय की प्रबंध समिति के आजीवन अध्यक्ष कुंवर धीरेंद्र प्रताप सिंह रहे। हवन-यज्ञ के उपरांत सभी ने स्व. कुंवर महीपाल सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। महाविद्यालय की प्रबंध के उप-प्रबंधक नवनीश कुमार ने कॉलेज के सभी लोगों से कहा कि यह सबका कर्तव्य है कि वे दिवंगत महीपाल सिंह के बताए अच्छे रास्ते और सिद्धांतों पर चलें।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाणपत्र सं. 1955/02.02.2023 मे गलती से पिता का नाम Anuj Kumar व माता का नाम Nistha Saini अंकित करा दिया गया जबकि वास्तविक नाम क्रमशः Anuj Kumar Saini व Nishtha Saini है, भविष्य मे भी इन्ही नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**अनुज कुमार सैनी**
आजमपुर मजबता, सहारनपुर
मो. 9971533374

**सूचना**

मैंने अपना नाम SHAJIYA ANJUM से बदलकर SHAZIYA ANJUM रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

SHAZIYA ANJUM W/O
SYED NAJMUL ISLAM
QUDDUSI 103, आबिद मंजिल
बड़ज़ियाउलहक़ देवबन्द,
सहारनपुर यू.पी. 247554



# ICC वनडे रैंकिंग में रो-को का जलवा

**● रोहित नंबर-1, साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2 शतक लगाने वाले विराट नंबर-2 दोनों में सिर्फ 8 पाइंट्स का अंतर**

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी वनडे बैटिंग रैंकिंग में एक बार फिर रो-को यानी रोहित शर्मा और विराट कोहली का जलवा बरक. रार है। नंबर-1 पर पूर्व कप्तान रोहित शर्मा हैं। वहीं साउथ अफ्रीका के खिलाफ शानदार लगातार दो शतक और एक अ(र्धशतक लगाने वाले विराट कोहली नंबर-2 पर आ गए हैं। आईसीसी ने बुधवार को वीकली रैंकिंग जारी की। साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में 302 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए विराट ने दो स्थान की बढ़त हासिल की है। रोहित उनसे सिर्फ आठ रेटिंग पाइंट आगे हैं।

रोहित ने सीरीज में 146 रन बनाए थे। भारत अब अगला वनडे टूर्नामेंट न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से खेला जाना है। तब सबकी नजरें कोहली-रोहित की नंबर-1 की रेस पर होंगी। केएल राहुल को भी फायदा कोहली के अलावा केएल राहुल को भी वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में फायदा हुआ है। राहुल दो स्थान ऊपर चढ़कर 12वें नंबर पर पहुंच गए। बालर्स में कुलदीप यादव तीन स्थान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। साउथ अफ्रीका के क्विंटन डिकाक (13वें), ऐडन मार्करम (25वें) और टेम्बा बावुमा (37वें) ने भी रैंकिंग में बढ़त हासिल की। टी-20 रैंकिंग में साउथ अफ्रीका के यंग बैटर डेवाल्ड ब्रेविस अपने पहले मैच में शानदार अ(र्धशतक लगाकर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत की ओर से गेंदबाज अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह को भी टी-20 रैंकिंग में फायदा हुआ है। टेस्ट रैंकिंग में आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने एशेज की पहली दो टेस्ट मैचों में 18 विकेट झटके। उन्होंने दोनों मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड जीता। वे तीन पायदान की छलांग के साथ तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के हैरी ब्रूक दो स्थान नीचे खिसककर चौथे नंबर पर आ गए। वहीं न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच क्राइस्टचर्च टेस्ट ड्रा रहा, जिसके बाद रचिन रवींद्र नौ स्थान ऊपर चढ़कर 15वें नंबर पर पहुंच गए। टाम लैथम ने भी बढ़त दर्ज की, जबकि वेस्टइंडीज के शाई होप, जस्टिन ग्रीव्स और तेज गेंदबाज केमार रोच की रैंकिंग में सुधार हुआ।

## डीसी स्कूल कप: लक्ष्मण पब्लिक स्कूल और अमेरिकन एडु ग्लोबल स्कूल ने जीत दर्ज की

**नई दिल्ली, वार्ता।** डीसी स्कूल कप के तीसरे दिन लक्ष्मण पब्लिक स्कूल ने जीडी गोयनका वसंत विहार को 10 विकेट से और अमेरिकन एडु ग्लोबल स्कूल ने सेंट मार्क स्कूल को 42 रनों से जीत दर्ज की। पहले मैच में, लक्ष्मण पब्लिक स्कूल ने जीडी गोयनका वसंत विहार के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। नई पिच पर पहले गेंदबाजी करने का फैसला करते हुए, लक्ष्मण पब्लिक स्कूल के गेंदबाजों ने परिस्थितियों का फायदा उठाया और जीडी गोयनका को सिर्फ 62 रनों पर ढेर कर दिया। शौर्य ने 6 रन देकर 4 विकेट लेकर बॉलिंग की कमान संभाली, जिसमें कप्तान आर्यन व रुविक ने 2-2 विकेट लिए।

# भारत अगले साल मार्च में पहले कॉमनवेल्थ खो-खो चैंपियनशिप की करेगा मेजबानी

**● इस चैंपियनशिप में पांच महाद्वीपों यूरोप, अफ्रीका, एशिया, ओशिनिया और अमेरिका हिस्सा लेगें**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की मेजबानी में अगले साल नौ से 14 मार्च तक पहली कॉमनवेल्थ खो खो चैंपियनशिप खेली जाएगी। इस चैंपियनशिप में 24 से अधिक कॉमनवेल्थ देशों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट ने भारत में 2026 कॉमनवेल्थ खो खो चैंपियनशिप के आयोजन को मंजूरी दी है।

इस चैंपियनशिप में पांच महाद्वीपों यूरोप, अफ्रीका, एशिया, ओशिनिया और अमेरिका हिस्सा लेंगे। इस साल जनवरी में नई दिल्ली में हुए पहले खो खो वर्ल्ड कप में छह महाद्वीपों के 23 देशों (20 पुरुष टीमें और 19 महिला टीमें) ने हिस्सा लिया था। यह भारत में होने वाली पहली कॉमनवेल्थ खो खो प्रतियोगिता है। चैंपियनशिप में 16 पुरुष और 16 महिला टीमें होंगी, और यह पहले खो खो वर्ल्ड कप की तरह ही दोनों कैटेगरी में एक साथ आयोजित किया जाएगा। खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव उपकार सिंह विर्क ने कहा कि हम वेन्यू को फाइनल करने के लिए कई राज्यों से बात कर रहे हैं। अहमदाबाद में 2030 में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स से पहले, हमें उम्मीद है कि यह चैंपियनशिप दोहा एशियन गेम्स (2030), कॉमनवेल्थ गेम्स (2030) और ब्रिस्बेन ओलंपिक्स (2032) में खो खो को शामिल करने की दिशा में एक कदम साबित होगी।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारत ने स्क्वैश वर्ल्ड कप में स्विट्जरलैंड को 4-0 से हराया

**चेन्नई, वार्ता।** भारत ने स्क्वैश वर्ल्ड कप 2025 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए पूल बी के पहले मैच में पहली बार खेल रही स्विट्जरलैंड को 4-0 से हराया। एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल में खेले गए मुकाबले में राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने दुनिया की 296वें नंबर की खिलाड़ी रॉबिन गडोला पर 3-0 (7-6, 7-6, 7-5) से कड़ी टक्कर वाली जीत के साथ भारत को जीत की राह पर ला खड़ा किया। स्विस खिलाड़ी ने पहले गेम में 6-5 की बढ़त बनाई, जिसके बाद वेलावन ने दो महत्वपूर्ण अंक हासिल किए और बाकी गेम भी इसी तरह कम अंतर से बराबर रहे। टूर्नामेंट की सबसे कम उम्र की खिलाड़ी और दुनिया की 28वें नंबर की खिलाड़ी के तौर पर भारत की शीर्ष रैंक वाली महिला 17 साल की अनाहत ने शांत प्रदर्शन करते हुए सेलीन वाल्सर को से हराया।

### काजुमा अंडर-19 वर्ल्ड कप में जापान की करेंगे कप्तानी

**टोक्यो, वार्ता।** कजुमा काटो-स्टैफोर्ड जनवरी-फरवरी 2026 में नामीबिया और जिम्बाब्वे में होने वाले पुरुषों के अंडर-19 विश्व कप के लिए जापान के कप्तान बने रहेंगे। हाल ही में एशियन क्रिकेट काउंसिल प्रीमियर कप में नहीं खेलने वाले पूर्व कप्तान निखिल व टिमोथी मूर की टीम में वापसी हुई हैं। प्रीमियर कप में, जापान का प्रदर्शन मालदीव के खिलाफ अच्छा रहा। उन्होंने मलेशिया और कतर को हराया, लेकिन ओमान से हारने के कारण वे सेमीफाइनल में जगह नहीं बना पाए थे। निहार ने मालदीव के खिलाफ 132 गेंदों में 156 रन बनाए और काइसेई ने कतर के खिलाफ 73 गेंदों में 106 रन बनाए, दोनों विश्व कप टीम में हैं। अपने डेब्यू विश्व कप में जापान को ग्रुप एक में डिफेंडिग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, श्रीलंका, तंजानिया व विंडीज एक ग्रप में।

# हार्दिक टी-20 में 100 सिक्स लगाने वाले चौथे इंडिया



**● बुमराह ने विकेट की सेंचुरी लगाई द. अफ्रीका का सबसे छोटा टी-20 स्कोर**

**कटक, वार्ता।** भारत ने कटक के बाराबाती स्टेडियम में खेले गए पहले टी-20 में साउथ अफ्रीका को 101 रन से हरा दिया। टीम ने हार्दिक पंड्या की फिफ्टी की मदद से 20 ओवर में 175 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम सिर्फ 74 रन पर आलआउट हो गई। यह टी-20 में टीम का सबसे छोटा स्कोर भी रहा। मुकाबला पूरी तरह हार्दिक पंड्या, जसप्रीत बुमराह और तिलक वर्मा के नाम रहा। हार्दिक ने छक्का लगाकर टी-20 में अपने 100 छक्के पूरे किए, वे ऐसा करने वाले भारत के चौथे खिलाड़ी बने। वहीं जसप्रीत बुम. राह ने अपने 100 टी-20 विकेट पूरे कर लिए, वे यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे भारतीय बने।

हार्दिक पंड्या टी-20 इंटरनेशनल में 100 सिक्स लगाने वाले चौथे भारतीय बन गए। इस रिकॉर्ड में रोहित शर्मा सबसे आगे हैं, जिनके नाम 205 सिक्स दर्ज हैं। जसप्रीत बुमराह टी-20 इंटरनेशनल में 100 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय बन गए। उन्होंने डेवाल्ड ब्रेविस को आउट करके यह माइलस्टोन हासिल किया। बुमराह से पहले अर्शदीप सिंह इस उपलब्धि तक पहुंच चुके हैं। बुमराह इंटरनेशनल क्रिकेट के तीनों फार्मेट (टेस्ट, वनडे और टी-20) में 100 विकेट लेने वाले दुनिया के पांचवें गेंदबाज बन गए। उनसे पहले लसिथ मलिंगा, टिम साउदी, शाकिब अल हसन और शाहीन अफरीदी ही इस एलीट क्लब में शामिल थे। पहले टी-20 में 2 विकेट लेने के साथ ही अर्शदीप सिंह ने टी-20 इंटरनेशनल में भारत के लिए पावरप्ले (ओवर 1-6) में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में भुवनेश्वर कुमार की बराबरी कर ली। उनके नाम अब 47 विकेट हो गए हैं। तिलक वर्मा ने पहले टी-20 में शानदार छक्का लगाकर अपने टी-20 इंटरनेशनल करियर में 1000 रन पूरे कर लिए। वे सबसे तेज इस मुकाम पर पहुंचने वाले भारत के 5वें बल्लेबाज बने। तिलक ने यह उपलब्धि सिर्फ 34 पारियों में हासिल की। इस मामले में विराट कोहली 27 पारियों के साथ पहले और अभिषेक शर्मा 28 पारियों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। भारत के खिलाफ सिर्फ 74 रन पर ऑलआउट होकर साउथ अफ्रीका ने अपने टी-20 इतिहास का सबसे कम स्कोर बनाया।

इससे पहले उनका न्यूनतम स्कोर 87 रन था, जो भारत के खिलाफ ही राजकोट में बना था। कटक के स्टेडियम में साउथ अफ्रीका को पहली बार ही भारत के खिलाफ टी-20 में हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले टीम 2 टी-20 जीत चुकी थी। भारत ने साउथ अफ्रीका को 101 रन से हराकर रिकॉर्ड जीत दर्ज की। रनों के अंतर से यह भारत की साउथ अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर सबसे बड़ी टी-20 जीत रही। इससे पहले यह रिकॉर्ड भारत के नाम ही था, जब 2022 में राजकोट में भारत ने साउथ अफ्रीका को 82 रन से हराया था।

# आईएलटी: वाइपर्स ने अपने बल्लेबाज होल्डेन को रिटायर्ड आउट करार दिया

**अबू धाबी, वार्ता।** आईएल टी-20 में डेजर्ट वाइपर्स की एमआई एमिरेट्स पर एक रन से जीत में एक नाटकीय घटनाक्रम में निकोलस पूरन द्वारा स्टंप न करने के बाद वाइपर्स ने अपने ही बल्लेबाज मैक्स होल्डेन (42) को रिटायर आउट करार दिया। मंगलवार रात टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए वाइपर्स ने 16वें ओवर की शुरुआत से पहले एक विकेट पर 110 रन बना लिए थे। होल्डेन और सैम करन पिच पर मौजूद थे लेकिन वाइपर्स की पारी को लय प्रदान नहीं कर पा रहे थे। पिछले चार ओवर में मात्र 20 रन आए थे और शिमरॉन हेटमायर और डैन लॉरेंस जैसे बल्लेबाजों का आना अभी भी शेष था। वाइपर्स को पारी की गति बढ़ाने की दरकार थी और 16वां ओवर करने आए राशिद खान की पहली गेंद पर करन ने चौका जड़ने और दूसरी गेंद पर एक रन लेने के बाद वाइपर्स की ओर से पारी के सर्वोच्च स्कोरर होल्डेन स्ट्राइक पर थे। तीसरी और चौथी गेंद पर एक भी रन नहीं आया और चौथी गेंद पर एमिरेट्स ने रिव्यू भी गंवा दिया। पूरन को लगा कि गेंद ने होल्डेन के बल्ले का किनारा लिया था लेकिन गेंद पैड्स पर लगकर गई थी। पांचवीं गेंद पर दो रन आए। और अब नाटकीय घटनाक्रम की शुरुआत हुई। होल्डेन ने राशिद के खिलाफ स्टेप आउट किया लेकिन राशिद ने गेंद को वाइड रखा और होल्डेन पूरी तरह से गच्चा खा गए। होल्डेन आगे निकल आए थे और उन्होंने बल्ले को वापस क्रीज में रखने का भी प्रयास नहीं किया। हालांकि स्टंप्स के पीछे खड़े पूरन ने भी स्टंप करने में दिलचस्पी नहीं दिखाई और जैसे ही होल्डेन को इस बात का एहसास हुआ उन्होंने क्रीज में अपना बल्ला रख दिया। ब्रॉडकास्ट पर कॉमेंटेटर यह कहते सुनाई दिए कि ओह, पूरन ने स्टंप नहीं किया, स्टंप नहीं किया। गेंद को वाइड करार दिया गया है, वह स्टंप कर सकते थे क्योंकि बल्लेबाज बेहद दूर थे। हालांकि राशिद की अगली गेंद पर भी होल्डेन कुछ खास नहीं कर पाए और इसके ठीक बाद वाइपर्स की ओर से बड़ा निर्णय लिया गया। वाइपर्स ने तुरंत रणनीतिक फैसला लेते हुए होल्डेन को रिटायर आउट कर दिया। एमिरेट्स के दृष्टिकोण से धीमी रफ्तार से चल रहे होल्डेन का क्रीज पर बरकरार रहना ही ठीक था जबकि वाइपर्स को अपनी पारी की रफ्तार को तेज करना था। ऐसे में वाइपर्स के लिए होल्डेन को वापस बुलाना ही बेहतर विकल्प था। हालांकि करन की मौजूदगी ने भी वाइपर्स की अधिक मदद नहीं की लेकिन होल्डेन के बाद बल्लेबाजी के लिए आए हेटमायर और लॉरेंस

# लंदन स्पिरिट ने डीके को मेंटॉर और बल्लेबाजी कोच किया नियुक्त



**लंदन, वार्ता।** लंदन स्पिरिट ने द हंड्रेड में पूर्व भारतीय खिलाड़ी दिनेश कार्तिक को अपनी पुरुष टीम का मेंटॉर और बल्लेबाजी कोच बनाया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के लिए भी 2025 में मेंटॉर और बल्लेबाजी कोच की भूमिका निभा चुके कार्तिक ने स्पिरिट के साथ जुड़ने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि लंदन स्पिरिट से जुड़कर मैं काफी उत्साहित हूं। जब मुझे मो, एमसीसी और टेक टाइटंस की योजनाओं के बारे में पता चला तो मैं काफी उत्सुकता से भर गया। इंग्लिश समर को लॉर्ड्स में काम करते हुए बिताना एक सपने के सच होने जैसा है। यही वो मैदान है जहां मैंने भारत के लिए डेब्यू किया था और यहीं मैंने अपना आखिरी टेस्ट मैच खेला था। लॉर्ड्स मेरे दिल के बेहद करीब है। मैं अगले साल टीम और विश्व के कुछ असाधारण क्रिकेटरों के साथ काम करने को बेहद उत्सुक हूं और मैं इसका अधिक इंतजार नहीं कर सकता। लंदन स्पिरिट के क्रिकेट निदेशक मो बोबट जो कि आरसीबी के भी क्रिकेट निदेशक हैं, ने कहा कि कार्तिक का लंदन स्पिरिट में स्वागत करना सम्मान की बात है। छोटे प्रारूप और फ्रैंचाइजी क्रिकेट में उनका अपार अनुभव हमारे लिए बहुमूल्य होगा। उनके साथ काम करने में मजा आता है और वह अपने साथ बहुत ऊर्जा लेकर आते हैं। 40 वर्षीय कार्तिक के पास 400 से भी अधिक टी-20 खेलने का अनुभव है और विशेषकर उनके पास आईपीएल में छह अलग-अलग टीमों के लिए 257 मैच खेलने का अनुभव भी है। उन्होंने इस दौरान आईपीएल में 22 अर्धशतक और 135-36 के स्ट्राइक रेट के साथ 4842 रन भी बनाए थे। कार्तिक ने आईपीएल 2024 के बाद क्रिकेट से सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था। जिसके बाद वह आरस. ीबी के साथ कोचिंग स्टाफ में जुड़ गए। कार्तिक ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में भारत के लिए 26 टेस्ट, 94 एकदिवसीय और 60 टी-20 मैच खेले। कार्तिक बतौर खिलाड़ी एसए20 और आईएलटी20 भी खेल रहे हैं। वह एसए20 में पार्ल रॉयल्स के लिए खेलते हैं तथा आईएलटी20 में इस सीजन पहली बार खेल रहे हैं।

# भारत ने शूटआउट में उरुग्वे को हराया




**चिली, वार्ता।** भारत ने आखिरी सेकंड में बराबरी करने के बाद उरुग्वे को एफआईएच हॉकी जूनियर महिला वर्ल्ड कप 2025 के 9/12 क्लासिफिकेशन मैच में 1-1 से ड्रॉ के बाद शूटआउट में 3-1 से हराया। भारत के लिए मनीषा ने (19वें) ने भारत के लिए गोल किया, जिसके बाद जस्टिना अर्रेगुई ने (60वें) मिनट सिर्फ दो सेकंड बाकी रहते पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला, जिससे सेंट्रो डेपोर्टिवो डे हॉकी सेस्पेड, एस्टाडियो नैशनल में मैच शूटआउट में चला गया। भारत ने मैच की शुरुआत से ही गेंद पर कब्जा बनाए रखा, जल्दी दबाव बनाया और कई बार सर्कल में एंट्री की। हालांकि, उरुग्वे को पांचवें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वे उसे भुना नहीं पाए। भारत ने 18वें मिनट में एक अच्छे पेनल्टी-कॉर्नर वेरिएशन के साथ जवाब दिया, लेकिन साक्षी राणा का शॉट ब्लॉक हो गया। अगले ही मिनट में मनीषा ने दूर से एक जोरदार गोल करके भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। पहले हाफ में भारतीयों ने 11 सर्कल पेनिट्रेशन किए, जबकि उरुग्वे ने डिफेंसिव शेल में गहरी पकड़ बना ली थी। ब्रेक के बाद भी यही पैटर्न जारी रहा, भारत ने हाई लाइन बनाए रखी और उरुग्वे को पीछे धकेल दिया, लेकिन तीसरे क्वार्टर के बीच में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिलने के बावजूद वे बढ़त नहीं बना पाए। आखिरी क्वार्टर के 49वें मिनट में उरुग्वे ने आगे बढ़ने का प्रयास किया लेकिन गोलकीपर निधि ने पेनल्टी कॉर्नर पर शानदार बचाव करके भारत की बढ़त बनाए रखी। उरुग्वे ने आखिरी मिनटों में अपने गोल. कीपर को हटाकर एक एक्स्ट्रा आउटफील्ड प्लेयर को शामिल किया, और यह कदम बहुत फायदेमंद रहा। दो सेकंड बाकी रहते, उन्हें एक पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे अर्रेगुई ने शांति से गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया। शूटआउट में भारत ने हिम्मत नहीं हारी। पूर्णिमा यादव, इशिका और कनिका सिवाच ने गोल किए, जबकि गोलकीपर निधि ने उरुग्वे को तीन बार गोल करने से रोका, जिससे 3-1 से जीत पक्की हो गई और भारत 9वें/10वें स्थान के प्लेऑफ में पहुंच गया।

# ब्लेयर-माइकल ने विंडीज को 205 पर समेटा



**● ब्लेयर टिकनर ने चार विकेट और माइकल रे ने तीन विकेट हासिल किए, न्यूजीलैंड ने स्टपंस के समय बिना कोई विकेट खोए 25 रन बना लिए**

**वेलिगटन, वार्ता।** ब्लेयर टिकनर (चार विकेट) और माइकल रे (तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर न्यूजीलैंड ने बुधवार को दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन वेस्टइंडीज को पहली पारी में 205 के स्कोर पर समेटने के बाद स्टंप्स के समय बिना कोई विकेट खोए 25 रन बना लिए है। यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज को न्यूजीलैंड के गेंदबाज ब्लेयर और माइकल के कहर का सामना करना पड़ा और उसकी पूरी टीम 75 ओवर में 205 रन के स्कोर पर सिमट गई। सुबह के सत्र में जॉन कैंपबेल और ब्रैंडन किंग की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 66 रन जोड़े। 17वें ओवर में ब्लेयर टिकनर ने ब्रैंडन किंग (33) को पगबाधा इस साझेदारी का अंत किया। 19वें ओवर में टिकनर ने केवम हॉज (शून्य) का भी शिकार कर लिया। 29वें ओवर में जॉन कैंपबेल (44) माइकल रे का शिकार बने। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज के विकेट अंतराल पर गिरते रहे। शाई होप ने 80 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 48 रन बनाए। कप्तान रॉस्टन चेज (29), जस्टिन ग्रीव्स (13), केमार रोच (शून्य), टेविन (16) रन बनाकर आउट हुए। 75वें ओवर में जेकब डफी ने ओजे शील्ड्स (शून्य) को आउटकर वेस्टइंडीज की पहली पारी का 205 के स्कोर पर अंत किया। न्यूजीलैंड के लिए ब्लेयर टिकनर ने चार विकेट और माइकल रे ने तीन विकेट लिए। फिलिप्स और जैकब डफी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने स्टंप्स के समय बिना कोई विकेट खोए 25 रन बना लिए है।

# भारत 2026 में चार एटीपी चैलेंजर टूर टूर्नामेंट की करेगा मेजबानी




**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत 2026 में चार एटीपी चैलेंजर टूर टूर्नामेंटों की मेजबानी करेगा। यह टेनिस टूर्नामेंट बेंगलुरु, चेन्नई, नई दिल्ली और पुणे में खेले जाएंगे। भारत ने पिछले दो सालों में भी हर साल चार एटीपी चैलेंजर टूर टूर्नामेंट आयोजित किए थे। आने वाले साल के लिए इनमें से दो स्टॉप को डाउनग्रेड कर दिया गया है, चेन्नई एटीपी 100 से एटीपी 50 इवेंट में आ गया है, जबकि पुणे का महा ओपन एटीपी 100 से 75 हो गया है। बेंगलुरु ओपन के साथ पांच जनवरी को सीजन की शुरुआत होगी। चेन्नई ओपन नौ फरवरी को होगा, इसके बाद 16 फरवरी को दिल्ली ओपन (एटीपी 75) तथा 23 फरवरी को पुणे में महा ओपन होगा। भारत सात से आठ फरवरी को बेंगलुरु में डेविस कप क्वालिफायर में नीदरलैंड्स का भी सामना करेगा और इस साल आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर और डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट की मेजबानी कर सकता है।

# शूटिंग लीग ऑफ इंडिया 16 फरवरी 2026 से होगी शुरू

**नई दिल्ली, वार्ता।** अगले साल 16 फरवरी से शुरु होने वाली बहुप्रतीक्षित शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) में कई शीर्ष भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय एथलीट विभिन्न स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे। अगले साल 16 से शुरु होगी। यहां आईएसएसएफ के 2026 के कैलेंडर के अनुसार 16 से 26 फरवरी तक चलने वाली लीग की तीरीखों की बुधवार को घोषणा की गई। इस प्रतियोगिता में पिस्टल (10मी, 25मी), राइफल (10मी, 50मी थ्री पोजीशन), और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) कैटेगरी में मिश्रित टीम स्पर्धाएं होगी। फ्रेंचाइजी-आधारित टीमों को लीग चरण के लिए दो पूल में बांटा जाएगा, जिसके बाद नॉकआउट राउंड होंगे। खिलाड़ियों को चार टियर में बांटा गया है: एलीट चैंपियंस, वर्ल्ड एलीट, नेशनल चैंपियंस, और जूनियर और यूथ, जो अंतर्राष्ट्रीय सितारों, शीर्ष भारतीय निशानेबाजों और उभरती प्रतिभाओं का संतुलित मिश्रण देखने को मिलेगा। इस अवसर पर नव निर्वाचित एनआरएआई अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा कि एसएलआई हमारे खेल के लिए एक मील का पत्थर है - फ्रेंचाइजी-आधारित, एथलीट-फर्स्ट, और अधिक से अधिक भागीदारी के लिए ग्लोबल कैलेंडर के साथ तालमेल बिठाया गया है। मिश्रित टीम प्रारुप, दिलचस्प कहानियों और प्रीमियम ब्रॉडकास्ट के साथ, हम एक वर्ल्ड-क्लास ओपनिग सीजन देने के लिए तैयार हैं जो अंतर्राष्ट्रीय सितारों का स्वागत करेगा और भारत की अगली पीढ़ी को प्रेरित करेगा। राष्ट्रीय राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सेक्रेटरी जनरल पवनकुमार सिंह ने कहा कि हम उत्साहित हैं कि शूटिंग लीग ऑफ इंडिया का पहला एडिशन अगले साल की शुरुआत में होगा। भारत और विदेश के शीर्ष एथलीटों के साथ, हम करीबी और प्रतिस्पर्धी मैचों की उम्मीद करते हैं। यह लीग शूटिंग को एक खेल के रूप में बढ़ावा देने और फैंस को फॉलो करने के लिए एक रोमांचक नया फॉर्मेट देने का एक शानदार मौका देती है।

# उत्तराखण्ड के बाहुबलियों का घाड में बड़ा खेल

## औने पौने दामों में किसानों की जमीन खरीदकर की जा रही प्लाटिंग, ग्रामीणों ने सीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना मिर्जापुर क्षेत्र के गांव मिर्जापुर पौल के ग्रामीणों ने क्षेत्र में तेजी से फैल रहे अवैध कॉलोनाइजेशन पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। एक ग्रामीण ने मुख्यमंत्री को भेजे प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि पिछले कई वर्षों से कुछ उत्तराखंड के बाहुबली, प्रभावशाली भूमाफिया गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में किसानों की जमीनें औने पौने दामों में खरीदकर प्लॉटिंग कर रहे हैं और बिना किसी अनुमति के कॉलोनियाँ काटकर खुलेआम बिक्री कर रहे हैं।



ग्रामीण का कहना है कि कासमपुर में एक, बादशाही बाग में तीन से भी अधिक, खुशहालपुर में एक, खुवासपुर में कई अवैध कॉलोनाइजर करोड़ों की जमीन पर कब्जा जमाए बैठे हैं, जबकि न तो कॉलोनी की कोई स्वीकृति है और न ही किसी तरह का विकास कार्य किया गया है। कॉलोनाइजर बिना नक्शा पास कराए प्लॉट बेच रहे हैं, जिससे खरीदारों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख है कि कुछ कॉलोनाइजर दूसरी राज्यों बिहार, बंगाल, असम आदि से आए लोगों को भी बहला फुसलाकर प्लॉट बेच रहे हैं और खेतों की उपजाऊ जमीन को अवैध रूप से काटा जा रहा है। ग्रामीण ने आरोप लगाया कि लगभग 300 बीघा जमीन पर अवैध कॉलोनी के बोर्ड लगा दिए गए हैं, जबकि मौके पर कोई बुनियादी सुविधा उपलब्ध नहीं है।

ग्रामीणों के अनुसार अवैध कॉलोनाइजेशन के चलते इलाके में जलभराव, रास्तों का टूटना, नालों का प्रवाह रुकना और भूमि विवाद जैसी समस्याएँ बढ़ रही हैं। स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि कई किसानों की सिंचाई तक प्रभावित हो रही है।

मुख्यमंत्री से अवैध कॉलोनी काटने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है तथा प्रशासन से अनुरोध किया है कि क्षेत्र में प्लॉटिंग के नाम पर चल रहे अवैध खेल को तुरंत रोका जाए। ग्रामीणों का कहना है इन सब प्लॉटिंग में ग्राम प्रधानों की मिलीभगत से ग्राम समाज पर कब्जा किया जा रहा है। शिकायतकर्ता सादा मंडल उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा शाकंभरी मंडल का कहना हैं कि एसडीएम से उक्त प्रकरण की जांच कराये जाने की मांग की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई हैं।

# जयंती पर निकलेगी पदयात्राः चौ.नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि सरकार 23 दिसंबर को चौ.चरण सिंह जयंती का अवकाश घोषित करें। उन्होंने जयंती पर पदयात्रा निकाले जाने की बात भी कही।

हकीकत नगर कैंप कार्यालय पर आयोजित बैठक में चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जैसे महान आदर्श पुरुष की विचार धारा जन जन तक पहुंचे इसके लिए राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ता 23 दिसम्बर को चौधरी साहब की जयंती पर हसनपुर चुंगी से लेकर दिल्ली रोड, कोर्ट रोड, घंटाघर होते हुए चौधरी चरण सिंह चौक तक पद यात्रा निकालेंगे।

चौ.नीरपाल सिंह ने कहा कि इस दौरान किसानों को सम्मानित किया जाएगा साथ साथ ही खेलो में प्रतिभा दिखाने वाली बेटियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

बैठक में जिलाध्यक्ष रिंकू सोनकर, महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक, चौ जगपाल नवादा, लल्लन सिंह, रामपाल सिंह, उसंदर सिंह, कमल सोनकर, राहुल, शहजाद आदि उपस्थित रहे।

# दो चोर गिरफ्तार

**रामपुर मनिहारान।** कोतवाली पुलिस ने एक हॉस्पिटल के सामने से चोरी गई बाइक को मात्र 29 घँटे में बरामद कर दो चोरों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

थाना बड़गांव के गांव दलहेड़ी निवासी अशोक पुत्र लाल्ला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बाइक मेडिग्राम हॉस्पिटल के बाहर खड़ी थी जिसे वहाँ से किसी ने चुरा लिया है। पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल व पुलिस क्षेत्राधिकारी नकुड़ रुचि गुप्ता के निकट पर्यवेक्षण में तेज तर्रार कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव के नेतृत्व में एसआई अरुण कुमार, एसआई विपिन कुमार, कॉन्स्टेबल मोहित राणा व अमित कुमार की टीम ने मात्र 29 घँटे में निखिल पुत्र वीर सिंह निवासी ग्राम घसौती व आशीष पुत्र बिल्लू निवासी ग्राम घसौती को बाइक सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

# बिशप हेनरी का मनाया जन्मदिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सोफिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में संस्थापक फादर बिशप हेनरी कोमो फॉर्च्यूनेटस के एक सौ चौव्वनवें जन्म दिवस की वर्ष गांठ का आयोजन किया गया।

रेलवे कालोनी स्थित स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बताया गया कि फादर बिशप हेनरी कोमो गरीब वर्ग के मसीहा थे। उन्होंने फ्रांस से भारत में आकर राजस्थान में गरीब वर्ग की विशेष सेवा की। महिलाओं के उत्थान और छात्रों के शिक्षण संस्थान खोले। सभी शिक्षण संस्थान टीचर्स डे, हेल्पर डे, चिल्ड्रन डे मनाते हैं कोई भी संस्थान रिक्शा चालकों का विशेष दिन नहीं मानता। आज इसी आम आदमी के दिन को विशेष दिन बनाया गया। इस विशेष अवसर पर रिक्शा चालकों को आमंत्रित किया गया। उनके सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई।



सिस्टर प्रबन्धक, प्रधानाचार्या सिस्टर मेबल व अन्य सिस्टर ने उनको शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सिस्टर ने उनके समय के पाबंद होने और बच्चों का संरक्षण करने के लिए विशेष प्रशंसा की। उनके सम्मान में खेल करवाए गए। जिसमें उन्होंने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। समय पर आने वाले रिक्शा चालकों को सम्मानित किया गया। रिक्शा चालक सुमित ने प्रधानाचार्या सिस्टर मेबल का अपने विशेष कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

# मुस्लिम परिवार पर पुलिस कार्यवाही की निंदा

## कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने थानाध्यक्ष चिलकाना को दी मुकदमे की चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** चिलकाना थाना क्षेत्र के ग्राम चोरा कला में एक मुस्लिम परिवार पर की गई पुलिस कार्रवाई को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। परिवार का एक युवक पिछले एक वर्ष से दुबई में नौकरी कर रहा है। उसके परिजनों ने चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार एसआईआर फॉर्म पर उसके स्थान पर हस्ताक्षर कर फॉर्म जमा कर दिया था, जिसकी अनुमति आयोग किसी भी परिजन को देता है और फॉर्म में त्रुटि होने पर सुधार का भी मौका उपलब्ध है।

हालांकि, इस पूरे मामले को गंभीर अपराध मानते हुए चिलकाना थाना अध्यक्ष अपने दल-बल के साथ परिवार के घर पहुंचे और कार्रवाई इस प्रकार की गई मानो कोई बड़ा अपराध उजागर हुआ हो। आरोप है कि परिवार की दो महिलाओं और दो भाइयों को पुलिस गाड़ी में बैठाकर थाने ले जाया गया। महिलाओं को कई घंटे थाने में बैठाए रखने के बाद दो भाइयों को जेल भेज दिया गया।

थाना अध्यक्ष ने पत्रकारों से कहा कि उन्हें एसआईआर फॉर्म पर फर्जी हस्ताक्षर करने के आरोप में जेल भेजा गया है। वहीं, जब 9 दिसंबर की शाम कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी थाने पहुंचे और इस कार्रवाई पर सवाल उठाए तो कथित तौर पर थाना इंचार्ज ने कहा कि आरोपियों को फर्जी हस्ताक्षर में नहीं, बल्कि धारा 151 में जेल भेजा गया है।

मनीष त्यागी ने मौके पर ही कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि धारा 151 आमतौर पर दंगा-फसाद की आशंका में लगाई जाती है, जबकि गांववासियों ने स्पष्ट बताया कि परिवार या गांव में किसी तरह का विवाद तक नहीं हुआ था। आरोप है कि बिना किसी आधार के मुस्लिम परिवार को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई केवल समाज में गलत संदेश फैलाने के उद्देश्य से की गई। गांववालों ने बताया कि पुलिस जिस समय घर पहुंची, उसी समय परिवार में एक मृत्यु हुई थी और घर में मातम पसरा हुआ था। इसके बावजूद पुलिस ने कठोर कार्रवाई कर परिवार की महिलाओं तक को थाने ले जाकर घंटों बैठाए रखा। इस पूरे घटनाक्रम पर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने तीखी नोकझोंक के बीच थाना अध्यक्ष को चेता. वनी दी कि यदि इस मामले में पुलिस की भूमिका दोषपूर्ण पाई गई तो वे संबंधित अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराएंगे। उन्होंने कहा कि निर्दोष नागरिकों, खासकर किसी समुदाय को निशाना बनाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मामला अब राजनीतिक और सामाजिक दोनों स्तरों पर चर्चा का विषय बना हुआ है, स्थानीय प्रशासन की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

# गणेशपुर से देहरादून तक ट्रायल बेसिस पर खुले मार्गः रामजी सुनेजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आईआईए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी सुनेजा ने उत्तराखंड के चीफ जनरल मैनेजर से मिलकर गणेशपुर से देहरादून तक के करीब 13 किमी लंबे मार्ग को ट्रायल बेसिस पर खोलने की मांग की।

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी सुनेजा ने बैठक में मार्ग को शीघ्र चालू किए जाने की आवश्यकता एवं इससे क्षेत्र के उद्योग, व्यापार और आमजन को होने वाले व्यापक लाभों पर श्रीमान चीफ जनरल मैनेजर से विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने मार्ग को खोले जाने की मांग की।



चीफ जनरल मैनेजर विशाल गुप्ता ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वासन दिया कि वे एनएचएआई के चेयरमैन से शीघ्र वार्ता कर इस 13 किलोमीटर के मार्ग को भी जल्द ही ट्रायल बेसिस पर खोलने की प्रक्रिया आगे बढ़ाएंगे।

# मंत्री जसवंत सैनी ने लिया मुनिश्री का आशीर्वाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** छः दिवसीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पंचम दिवस पर ज्ञान कल्याणक महोत्सव का आयोजन भव्य काशी नगरी में दिव्य उल्लास और आध्यात्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ।

रेलवे कालोनी के मैदान पर मुनिवर प्रणम्य सागर महाराज ने विशाल श्रद्धालु समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आहार की शुद्धता ही मन की शांति और आध्यात्मिक उन्नति का आधार है। उन्होंने बताया कि मनुष्य को सात्विक, शुद्ध और परिमित भोजन ही ग्रहण करना चाहिए। भोजन करते समय क्रोध, अशांति या मोबाइल जैसे विकर्षणों से दूर रहना आवश्यक है। मुख्य अतिथि के रूप में उ.प्र. सरकार के औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने मुनिश्री का आशीर्वाद प्राप्त कर कहा कि आज विश्व में बढ़ रही हिंसा और वैमनस्य का समाधान जैन धर्म के सिद्धांतकृअ. हंसा, सत्य, अपरिग्रह और करुणा में निहित है।



इस पावन अवसर पर जिलाधिकारी मनीष बंसल, नगर आयुक्त शिपु गिरि, जिला उद्योग केंद्र के उपायुक्त सचिन जैन, डॉ. प्रवीण शर्मा, डॉ. अनुपम मलिक, डॉ. नीरज आर्य, डॉ. रवि जैन और डॉ. पंकज खन्ना सहित अनेक गणमान्य जनों ने मुनिश्री के दर्शन कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत जैन समाज के अध्यक्ष राजेश जैन, मुख्य संयोजक भव्य जैन, राकेश जैन सहित समाज द्वारा पारंपरिक रीति से तिलक, माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्ह देकर किया गया।

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में प्रमुख रूप से डा. ए.के. जैन, सुशील जैन, भव्य जैन, राकेश जैन, प्रो. ए.के. जैन, मुकेश जैन, विशाल सुदीप जैन, सी. ए. अनिल जैन, प्रवीन जैन, राजीव जैन, विनोद जैन, अभय जैन, प्रकाश चंद जैन, पूर्व पार्षद मानसिंह जैन, चौ. संदीप जैन, नीना जैन, मनीष जैन, अंशुल जैन, अनुज जैन, निखिल जैन, प्रमोद जैन, दीपक जैन, आशीष जैन, मयंक जैन, दिनेश जैन, अमित जैन, गौरव जैन, पारस जैन, अक्षत जैन, धवल जैन, अभिषेक जैन, आर्जव जैन, पंकज जैन, विनय जैन, अरुण जैन, राजा जैन आदि मौजूद रहे।

# थाना प्रभारी विनय ने फोर्स के साथ की पैदल गश्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर में प्रभारी विनय शर्मा रात्रि में पुलिस बल के साथ नियमित गश्त और सघन चे.कंग कर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बना रहे हैं। उनकी यह सक्रियता न केवल अपराधियों में खौफ पैदा कर रही है, बल्कि ग्रामीणों के बीच पुलिस के प्रति विश्वास भी बढ़ा रहा है रात्रि गश्त के दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए वे त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करते हैं।

थाना प्रभारी विनय शर्मा की रणनीति में रात्रि चेकिंग का विशेष महत्व है। प्रमुख मार्गों, संवेदनशील क्षेत्रों और ग्रामीण इलाकों में वाहनों व व्यक्तियों की जांच कर वे अपराधों पर अंकुश लगाने में सफल हो रहे हैं गौतस्करों व नशा तस्करों और अन्य अपराधियों के खिलाफ उनकी सख्ती ने कई अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की है। उनकी यह कार्यशैली अपराधियों के लिए चुनौती बन चुकी है। इसके साथ ही, सुबह जनसुनवाई के माध्यम से वे ग्रामीणों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करते हैं, जिससे जनता और पुलिस के बीच संवाद मजबूत हुआ है।



मानवता के प्रति उनका समर्पण भी ग्रामीणों के दिलों में जगह बना रहा है। जरूरतमंदों की सहायता और सामाजिक कार्यों में योगदान ने उन्हें क्षेत्र में लोकप्रिय बना दिया है। रात्रि गश्त और चेकिंग के उनके प्रयासों से थाना फतेहपुर क्षेत्र में अपराध दर में कमी आई है, और ग्रामीण सुरक्षित महसूस कर रहे हैं विनय शर्मा की यह कर्तव्यनिष्ठा और समयबद्ध कार्यशैली पुलिस प्रशासन के लिए एक मिसाल है, जो समाज में सकारात्मक बदलाव और सुरक्षा का प्रतीक बन रही है।

# नशा तस्कर दबोचा

**चिलकाना।** थाना मिशन शक्ति टीम ने एक शातिर आरोपी नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से करीब आठ लाख रुपये कीमत की 95 ग्राम अवैध स्मैक एवं एक बाइक बरामद की गई है।

थाना प्रभारी विनोद कुमार की अगुवाई में मंगलवार को देर रात्रि के समय गस्त चौकिंग के दौरान पुलिस टीम ने शातिर नशा तस्कर आरोपी उस्मान पुत्र इरफान निवासी ग्राम दुमझेडा थाना चिलकाना को ग्राम पटनी से पहले पैट्रोल पम्प से कालू माजरा जाने वाले रास्ते पर ट्यूबवैल के निकट से गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी ने बताया है आरोपी शातिर किस्म का नशा तस्कर है जिसके खिलाफ पूर्व से भी 04 अन्य मुकदमे दर्ज है। गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी विनोद कुमार सहित उपनिरीक्षक हरेन्द्र कुमार, चन्द्रपाल सिंह, महिला उपनिरीक्षक सुमन, मुख्य आरक्षी कुलदीप कुमार, आरक्षी लवलेश कुमार तथा पुनित यादव शामिल रहे।

# रेल यात्रियों को 24 घंटे मिलेगी रहने व शुद्ध खाने की सुविधा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रेल यात्रियों की सुविधा के लिये आज रेलवे स्टेशन पर डोमेट्री एवं डीलक्स रूम का शुभारंभ किया गया जिसमें यात्रियों को सभी रहने व शुद्ध खाने की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी।

आज रेलवे परिसर स्टेशन कार्यक्रम में सहायक मंडल अभियंता मनीष धवन, स्टेशन अधीक्षक अनिल त्यागी, सीटीआई सहारनपुर अजय बिरला, नितिन बत्रा, श्रीराम प्रीत (सहायक मंडल सचिव, यूआरएमयू), पंकज कुमार (सीनियर सेक्शन इंजीनियर), सहायक मंडल सचिव यूआरएमयू, राजकुमार खुराना, तुषार ठाकुर, अमित सोनू ठाकुर, लेखराज राणा सहित अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। नये डोमेट्री एवं डीलक्स रूम यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं। कमरों में एसी, साफ-सुथरा वातावरण, फ्रिज तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जो यात्रियों को 24 घंटे सेवा प्रदान करेंगी। उद्घाटन कार्यक्रम में निकुंज बिरला, उपेंद्र गुप्ता, ताराचंद, ब्रजमोहन सूद, गौरव चौहान, अजय ढिलोड सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# मानवाधिकार की दिलाई शपथ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष में जिला मानव अधिकार मिशन द्वारा मानवाधिकारों की शपथ दिलाई गई।

जिला उपाध्यक्ष भीष्मप्रताप के कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के स्थापना दिवस हेतु केक काटकर हर्ष उल्लास के साथ सभी साथियों द्वारा मनाया गया।, शाम को डॉक्टर सौरभ मोंगा के प्रतिष्ठान द्वारा काफी लोगों को जिलाध्यक्ष देव सुमन चौहान द्वारा मानव अधिकारों की शपथ दिलाई गई।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष एहसान अहमद, मोहित अरोड़ा, सनी तनेजा, अजय सिंह पुंडीर एडवोकेट, सागर राणा, रवि कोचर, पंकज कालड़ा, मनीष राणा, तरुण कुमार, प्रमोद कुमार, अनुज सिंह, मोहित कुमार, अनिल राणा, सोनिया मोगा, प्रतिभा सिंह, मनीषा सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# एमएनएलपी करेंगे गत दो वर्ष में जारी जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्रों की जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पिछले दो वर्षो में जारी किये गए समस्त जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्रों, आवेदन सम्बंधी पत्रावलियों और उनकी जांच प्रक्रिया, पंजीकरण रजिस्टर आदि अनुभाग से सम्बंधित समस्त अभिलेखों की जांच निगम के मुख्य नगर लेखा परीक्षक द्वारा की जायेगी। नगरायुक्त ने यह आदेश जारी करते हुए उन्हें जांच रिपोर्ट 15 दिन में देने के निर्देश दिए है।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने बताया कि यदि प्रमाण पत्रों को निर्गत किये जाने की जांच में कोई गड़बड़ी पायी गयी तो दोषी कोई भी हो, उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि लोगों को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने में अनावश्क देरी व परेशानी न हो, यह सुनिश्चित करने के आदेश अधिकारियों को दिए गए हैं।

महापौर डॉ. अजय कुमार द्वारा गत सप्ताह जन्म-मृत्यु पंजीकरण विभाग के आकस्मिक निरीक्षण के सम्बंध में विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों के संदर्भ में नगरायुक्त शिपू गिरि द्वारा जारी किये गए जांच आदेश को नगरायुक्त ने संशोधित किया है।

अपर नगरायुक्त प्रथम की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्य जांच समिति में अपर नगरायुक्त के साथ लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी सदस्य/सचिव व कर अधीक्षक सुरेंद्र सिंह सदस्य होंगे। जांच समिति निर्धारित समय में अपनी जांच आख्या देगी।

# शिविर लगाकर किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मानवाधिकार दिवस के अवसर पर मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय के मानव अधिकार विभाग द्वारा चंद्रौली मुगल माजरा ग्राम में ग्रामीणों के मध्य महिलाओं से संबंधित मानवाधिकारों के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।



मानवाधिकार विभाग से डॉक्टर फौजिया ने कहा कि जब हमारे देश की महिलाएं अपने अधिकारों से सम्बन्धित सभी जानकारियों के बारे में जागरूक होंगी, तभी देश की हर महिला सशक्त होगी। विश्वविद्यालय शैक्षणिक समन्वयक प्रो विनोद कुमार ने ग्रामणों को संदेश के माध्यम से यह आह्वान किया कि समझा के वंचित वर्ग एवं दिव्यांग जनों को उनेक अधिकार जानकारी प्रदान कर उनको मुख्य धारा में लाने का कार्य करे। विश्वविद्याल के पुस्तकालय समन्वयक डॉ.आर.के गुप्ता ने मानव अधिकार से जुड़ी भिन्न भिन्न जानक. ारियां प्रदान की।

लॉ फैकल्टी से डॉ.अनिता और भरत दहिया ने महिलाओं पर आधारित अनेक विषयों पर लोगों को जागरूक किया। चंद्रौली मुगल माजरा के ग्राम प्रधान फैसल ने अपनी भी अपनी उपस्थिति से जागरूकता शिविर को सुशोभित किया।

# लापरवाही की पराकाष्ठा

पणजी स्थित अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा निदेशालय की एक तकनीकी रिपोर्ट कई सवाल खड़े कर रही है, हालांकि गोवा के बिर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में 6 दिसम्बर को आग लगने से 25 लोगों की मौत मामले में क्लब के 4 मालिकों में से एक अजय गुप्ता को हिरासत में लिया गया है और गोवा पुलिस दिल्ली क्राइम ब्रांच ऑफिस में आरोपी से पूछताछ कर रही है। इसी बीच अजय गुप्ता ने मीडिया के सवालों पर कहा कि मैं सिर्फ एक बिजनेस पार्टनर हूं। मुझे इससे ज्यादा कुछ नहीं पता। दो अन्य मालिक और सगे भाई, सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को दिल्ली के रोहिणी कोर्ट ने अग्रिम जमानत नहीं दी, बताते चलें के दोनों भाई आग लगने के कुछ घंटों बाद, 7 दिसम्बर को दिल्ली से थाईलैंड भाग गए थे। इसी बीच पणजी स्थित अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा निदेशालय की एक तकनीकी रिपोर्ट में उत्तरी गोवा के अरपोरा स्थित बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब में लगी भीषण आग के कारणों का खुलासा किया गया है। इस अग्निकांड ने 25 लोगों का जीवन लील लिया। यह नाइट क्लब अग्निशमन विभाग के वैध अना. पत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के बगैर चल रहा था। स्थानीय पंचायत ने बिना लाइसेंस वाले ढांचे को ध्वस्त करने का नोटिस जारी किया था, लेकिन इसका पालन नहीं किया गया। उक्त इमारत में सुरक्षा संबंधी जरूरी बुनियादी ढांचा नदारद था और इसके लकड़ी के पैनल एवं सजावट तथा अपर्याप्त रूप से हवादार तहखाने के कारण आग तेजी से फैल गई और पीड़ितों को जहरीले धुएं व ऑक्सीजन की कमी का शिकार होना पड़ा। गोवा में हुए घातक अग्निकांड का दुर्भाग्यपूर्ण ढर्रा इस तथ्य को उजागर करता है कि भारत में ऐसी त्रासदियां कोई अपवाद नहीं हैं। तमिलनाडु के विरुधुनगर स्थित पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, कोलकाता के खतरनाक पुरानी इमारतों में लगी आग, आंध्र प्रदेश के कुरनूल में एक स्लीपर बस में लगी आग तथा देश भर के विभिन्न अस्पतालों में हुए अग्निकांड जैसी त्रासदियों में एक ही बात आम है, नियामक प्रवर्तन की अपर्याप्तता। बार-बार होने वाली आपदाओं द्वारा एक ही किस्म की गलतियों की ओर इशारा किए जाने के बावजूद नियामकों और प्रशासकों के लिए अग्नि सुरक्षा कम प्राथमिकता वाली चीज बनी हुई है। मसला कानूनों की कमी का नहीं, बल्कि उनके ढीले कार्यान्वयन या नतीजा भुगतने के डर के बिना जानबूझकर उनका उल्लंघन करने का है। भवन संहिता, अग्नि सुरक्षा मानदंड एवं लाइसेंसिंग संबंधी अनिवार्यताएं सिर्फ कागज पर ही मौजूद हैं और भ्रष्टाचार, राजनीतिक प्रभाव, नौकरशाही की जड़ता तथा कभी-कभी अक्षमता की वजह से भी एक ऐसा परिवेश बन गया है, जहां उल्लंघन आम बात और प्रवर्तन ही अपवाद है। ऐसे माफिक माहौल में, अरपोरा जैसे प्रतिष्ठान सुरक्षा के बनिस्बत मुनाफे को तरजीह देते हैं। गोवा, जोकि एक प्रमुख पर्यटन केंद्र है, में नाइट क्लबों की बढ़ती तादाद की अतिरिक्त समस्या भी है। इनमें से कई अवैध हैं। बिना लाइसेंस के इन क्लबों का संचालन राजनीतिक संरक्षण के बगैर संभव नहीं है।

## न्याय पर आधारित दुनिया की कल्पना



मानवाधिकार हमारे संविधान की दृष्टि में निहित हैं और भारत ने मानवाधिकारों के वैश्विक ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, मानवाधिकार दिवस हमें यह याद दिलाने का अवसर है कि सार्वभौमिक मानवाधिकार अविभाज्य हैं और वह एक न्यायपूर्ण, समान और दयालु समाज की नींव तैयार करते हैं, हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने मानव गरिमा, समानता और न्याय पर आधारित दुनिया की कल्पना की थी, मानवाधिकार सामाजिक लोकतंत्र को बढ़ावा देने के साथ बिना किसी डर के जीने का अधिकार, बिना किसी बाधा के सीखने का अधिकार, बिना किसी शोषण के काम करने का अधिकार और गरिमा के साथ वृद्धावस्था बिताने का अधिकार प्रदान करता है।

**-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

# जलवायु परिवर्तन: हर वर्ष और देरी से शुरू होता सर्दियों का मौसम





एम. इमरान

भारत में 2025 की आने वाली सर्दियों के दिनों को लेकर लोगों में स्वाभाविक रूप से उत्सुकता है, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में मौसम के पैटर्न तेजी से बदलते दिखाई दिए हैं। कभी असामान्य ठंड, कभी बिल्कुल कम ठंड, कभी जनवरी में बारिश और ओलावृष्टि, तो कभी नवंबर-दिसंबर में भीषण ठिठुरन, इन सबने भारतीय मौसम को पहले से कहीं अधिक अप्रत्याशित बना दिया है।

2025 की सर्दियों के बारे में विचार करते समय यह समझना आवश्यक हो जाता है कि मौसम केवल तापमान का मामला नहीं, बल्कि हवा की दिशा, बादलों की नमी, पश्चिमी विक्षोभ, समुद्री प्रभाव, पर्वतीय बर्फबारी और वैश्विक जलवायु परिवर्तन से भी प्रभावित होता है। आने वाले दिनों में ठंड का स्वरूप कैसा हो सकता है, लोग किस प्रकार की चुनौतियों का सामना कर सकते हैं और समाज, किसान तथा शहरों का दैनिक जीवन किस तरह प्रभावित होगा इन सब पर विस्तृत दृष्टि डालना महत्वपूर्ण है। भारत में सर्दियों की शुरुआत आमतौर पर अक्टूबर के अंत या नवंबर की शुरुआत से मानी जाती है, किंतु पिछले कुछ वर्षों में सर्दी का आगमन देर से होते देखा गया है। 2025 में भी यही सब होता दिखाई दे रहा है। नवंबर के अंतिम सप्ताह से हवा की दिशा बदलने लगती है और उत्तर-पश्चिमी हवाएं धीरे-धीरे अपना प्रभाव दिखाने लगती हैं। इन हवाओं के कारण रात के तापमान में गिरावट शुरू होती है और सुबह-शाम हल्की ठंड महसूस होने लगती है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह ठंड और जल्दी महसूस होती है क्योंकि वहां शहरों जैसी ऊष्मा-संग्रहित संरचनाएं नहीं होतीं। दिसम्बर 2025 का महीना उत्तरी भारत में अपेक्षाकृत अधिक असरदार ठंड लेकर आ सकता है। हिमालई क्षेत्रों में जल्दी बर्फबारी के संकेत मिलना संभव है, जिससे मैदानों में ठंडी हवाएं और तेजी से पहुंचेंगी। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कई क्षेत्रों में कोहरा अधिक गहराई के साथ छा सकता है। पिछले वर्षों की तरह प्रदूषण और कोहरे का दुगना प्रभाव दृश्यता को कम करेगा। यह वह समय होगा जब सुबह-सुबह काम पर निकलने वाले लोगों को अधिक सतर्क रहना होगा। सड़क दुर्घटनाओं का खतरा, ट्रेन देरी, फ्लाइट रद्द होने जैसी समस्याएं आम हो सकती हैं। शहरों में स्कूलों पर भी प्रभाव पड़ सकता है और देर से खुलने का निर्णय कई बार लिया जा सकता है। पूर्वी भारत में पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड की सर्दियां आम तौर पर मध्यम रहती हैं। परंतु 2025 में यहां भी ठंड का असर थोड़ा अधिक महसूस हो सकता है, विशेष रूप से दिसंबर के तीसरे सप्ताह से जनवरी के दूसरे सप्ताह तक। इन दिनों में कोहरा बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के मैदानी भागों में गहराई से फैलेगा। इससे कृषि पर बड़ा प्रभाव पड़ सकता है, क्योंकि आलू, सरसों और सब्जियों की फसलें अत्यधिक ठंड और ओस के कारण प्रभावित हो सकती हैं। हालांकि यदि ठंड संतुलित रहे तो रबी की फसलों विशेषकर गेहूं के लिए यह अनुकूल भी साबित हो सकता है।

दक्षिण भारत की सर्दियां उत्तर की तुलना में बहुत हल्की होती हैं, लेकिन पिछले वर्षों में यहां भी तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिली है। 2025 की सर्दियां तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल में कुछ अधिक शुष्क रह सकती हैं। दिसंबर-जनवरी के महीनों में सुबह और देर शाम हल्की ठंड महसूस हो सकती है। बेंगलुरु और मैसूर जैसे शहरों में तापमान सामान्य से कुछ कम जा सकता है। इसी समय में उत्तर-पूर्वी मानसून की बारिशें भी दक्षिण-पूर्वी राज्यों में जारी रहने की संभावना रहती है, लेकिन 2025 में यह बारिश कुछ कम हो सकती है। इससे उन क्षेत्रों में जल उपलब्धता और कृषि पैटर्न पर हल्का प्रभाव पड़ सकता है।

पश्चिमी भारत विशेषकर राजस्थान और गुजरात में 2025 की सर्दियां दो तरह से प्रभाव दिखा सकती हैं। एक ओर थार रेगिस्तान की ठंडी रातें सामान्य से अधिक ठंडी हो सकती हैं, वहीं दूसरी ओर दिन में धूप सामान्य से गर्म महसूस हो सकती है। यह तापमान का बड़ा अंतर लोगों के स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल सकता है। गुजरात के कच्छ, सौराष्ट्र क्षेत्र और राजस्थान के बीकानेर तथा जैसलमेर क्षेत्र में तापमान कई बार 5 डिग्री सेल्सियस तक नीचे जा सकता है। वहीं शहरी क्षेत्रों जैसे जयपुर और अहमदाबाद में प्रदूषण की वजह से सुबह के समय हवा भारी होगी और ठंड के साथ धुंध का भी अनुभव होगा। मुंबई और कोस्टल महाराष्ट्र में भी हल्की से मध्यम ठंड की संभावना रहेगी, लेकिन समुद्री हवाएं ठंड को अधिक कठोर नहीं होने देंगी। पूर्वोत्तर भारत की सर्दियां कुछ अलग ही ढंग की होती हैं। इस क्षेत्र में पहाड़ी इलाकों में दिसंबर-जनवरी में कड़ाके की ठंड होती है, जबकि मैदानी इलाकों में हल्की ठंड रहती है। 2025 में अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मेघालय और मणिपुर के कई उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में भारी बर्फबारी की संभावना है। इससे पर्यटन के लिए यह समय आकर्षक बन सकता है, लेकिन साथ ही सड़क अवरोध, परिवहन बाधित होने और बिजली कटौती जैसी चुनौतियां भी बढ़ेंगी। असम और त्रिपुरा जैसे राज्यों में हल्की से मध्यम ठंड रहेगी और सुबह के समय कोहरा अधिक फैलेगा। सर्दियां केवल तापमान ही नहीं, बल्कि जीवन की गतिविधियों को भी प्रभावित करती हैं। 2025 की सर्दियों में स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां भी सामने आ सकती हैं। ठंड से संबंधित बीमारियों जैसे फ्लू, सर्दी-जुकाम, खांसी, अस्थमा और हृदय रोग के मरीजों को विशेष सावधानी बरतनी होगी। प्रदूषण और ठंड का संयुक्त प्रभाव बुजुर्गों और बच्चों पर अधिक पड़ सकता है। सरकारी और निजी स्वास्थ्य सेवाओं को इस अवधि में अतिरिक्त तैयारियां रखनी पड़ सकती हैं। कई शहरों में एयर क्वालिटी सामान्य से खराब है, जिससे लोगों को घर से बाहर निकलने में तकलीफ हो रही है। कृषि क्षेत्र में सर्दियों का महत्व सबसे अधिक होता है, क्योंकि यह रबी फसलों का मुख्य मौसम है। गेहूं, चना, मसूर, मटर, सरसों जैसी फसलें अच्छी ठंड पर निर्भर करती हैं। 2025 में यदि ठंड सामान्य से थोड़ी अधिक रहती है, तो गेहूं की पैदावार अच्छी होने की संभावना है, लेकिन अगर अत्यधिक ठंड या पाला पड़ता है, तो फसलों को नुकसान भी हो सकता है। किसानों को इस दौरान रात के तापमान पर लगातार नजर रखनी होगी। सिंचाई का समय, खाद का सही उपयोग और खेतों में नमी की देखभाल करना बहुत आवश्यक होगा। कोहरे की वजह से कई फसलों में रोग लगने की संभावना भी रहती है, इसलिए सावधानी जरूरी होगी। शहरों में रहने वाले लोगों के लिए 2025 की सर्दियां कई तरह की जीवनशैली संबंधी चुनौतियां लेकर आएंगी। ट्रैफिक की रफ्तार धीमी पड़ेगी, कार्यालयों में देरी बढ़ेगी, स्कूल-कॉलेजों में समय परिवर्तन होगा। घरों और दफ्तरों में हीटर का उपयोग बढ़ सकता है, जिससे बिजली की खपत बढ़ेगी। कई शहरों में शीत लहर के कारण रैन बसेरों की संख्या और सुविधाएं बढ़ानी पड़ सकती हैं। गरीब और झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों के लिए यह समय विशेष रूप से कठोर रहता है, क्योंकि उनके पास ठंड से बचने के पर्याप्त साधन नहीं होते। सरकार और सामाजिक संगठनों को इन क्षेत्रों में कंबल वितरण और अस्थाई आश्रयों की तैयारी करनी पड़ सकती है। भविष्य की सर्दियां केवल वर्तमान तापमान का ही संकेत नहीं देतीं, बल्कि आने वाले वर्षों के जलवायु परिवर्तन की संभावित दिशा भी बताती हैं। 2025 की सर्दियां इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हो सकती हैं कि यह दिखाएंगी कि वैश्विक तापमान वृद्धि के बीच भारत की ठंड किस रूप में विकसित हो रही है। यदि सर्दी कम होती है, तो यह पर्यावरणीय चिंता का संकेत होगा। यदि सर्दी असमान रूप से बढ़ती है, तो यह भी जलवायु के असंतुलन का संकेत है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आसानी से कर सकते हैं माइग्रेन का इलाज

### बर्फ की सिकाई

**हालांकि माइग्रेन होने के पीछे का असल कारण क्या है, इसके बारे में आज तक जानकारी नहीं हो पाई है। लेकिन कई बार अधिक तनाव के कारण माइग्रेन की समस्या हो जाती है। अगर आपको भी माइग्रेन में तेज दर्द होता है, तो आप राहत पाने के लिए बर्फ से सिकाई कर सकते हैं। साथ ही हीटिंग पैड से भी आपको काफी राहत मिलेगी।**

वर्तमान समय में सिरदर्द की परेशानी एक आम समस्या है। सिरदर्द के वैसे तो कई कारण हो सकते हैं। लेकिन लंबे समय तक तनाव में रहने या फिर तनावपूर्ण माहौल में काम करने जैसी स्थिति बनने पर वर्किंग प्रोफेशनल्स को सिरदर्द की समस्या होती है। हालांकि आजकल अधिक लोगों में माइग्रेन की समस्या को भी देखा जा रहा है। जो आगे चलकर चिड़चिड़ेपन और गुस्से का कारण बनती है।

माइग्रेन होने पर यह आपके जीवन के बाकी हिस्से को भी बुरी तरह से प्रभावित करता है। ऐसे में अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको माइग्रेन के दर्द से राहत पाने के कुछ घरेलू उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### दो प्रकार का होता है माइग्रेन का दर्द

आपको बता दें कि माइग्रेन की स्थिति दो प्रकार की होती है। इसमें एक क्लासिक माइग्रेन और दूसरा नॉन क्लासिक माइग्रेन है। क्लासिक माइग्रेन की स्थिति में तेज दर्द होने से पहले कई लक्षण देखने को मिलते हैं। जैसे धुंधला दिखाई देना और हल्का सिरदर्द होना आदि। वहीं नॉन क्लासिक माइग्रेन की स्थिति में समय-समय पर सिर में तेज दर्द होता है। नॉन क्लासिक माइग्रेन की स्थिति में इसके अलावा अन्य कोई लक्षण देखने को नहीं मिलता है।

### माइग्रेन के लक्षण



**आंखों में दर्द होना**
**गैस्टिक होना**
**सिरदर्द**
**मितली**
**उल्टी**

**माइग्रेन का घरेलू इलाज**

**लौंग का पाउडर**

अगर आपको माइग्रेन के कारण कभी तेज सिरदर्द होता है, तो आपके लिए लौंग का पाउडर बहुत फायदेमंद है। लौंग के पाउडर में नमक मिलाकर उसे दूध के साथ पिएं। इससे आपको फौरन आराम मिलेगा।

### अदरक

अदरक कई औषधीय गुणों से भरपूर होता है। अदरक के सेवन से आप माइग्रेन के दर्द में फौरन राहत पा सकते हैं। इसके लिए आप अदरक के रस का शहद के साथ सेवन करें। वहीं किसी भी रूप में अदरक का सेवन आपको फायदा पहुंचाएगा।

### दालचीनी

माइग्रेन के दर्द में दालचीनी काफी ज्यादा फायदेमंद होती है। लेकिन कई लोग दर्द के दौरान दालचीनी को खाने की गलती करते हैं। दर्द होने पर आप दालचीनी को पानी के साथ पीसकर आधे घंटे तक माथे पर रखें। इससे आपको आराम मिलेगा।

### गर्म तेल की मालिश

माइग्रेन के दर्द से आराम पाने के लिए सरसों या नारियल के तेल को गर्म कर सिर की मसाज करें। सिर के अलावा आप अपने हाथ-पैरों और कंधे की मालिश भी करवाएं। यह तनाव को कम करने के साथ माइग्रेन के दर्द में भी राहत देता है।

# बच्चों के भविष्य की रोशनी जगाता यूनिसेफ



योगेश कुमार गोयल




संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान तबाह हुए देशों के बच्चों और माताओं को आपातकालीन स्थिति में भोजन तथा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 11 दिसम्बर 1946 को न्यूयार्क में यूनिसेफ की स्थापना की गई थी। उस समय इसे 'यूनाइटेड नेशंस इंटरनेशनल चिल्ड्रेन्स इमरजेंसी फंड' के नाम से जाना जाता था। विकासशील देशों में बच्चों और महिलाओं की दीर्घकालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए 1950 में यूनिसेफ के दायरे को विस्तारित किया गया। 1953 में यूनिसेफ संयुक्त राष्ट्र का एक स्थाई हिस्सा बन गया और इस संगठन के नाम में से 'अंतर्राष्ट्रीय' तथा 'आपातकालीन' इमरजेंसी शब्दों को हटा दिया गया। 1953 में यूनिसेफ के संयुक्त राष्ट्र का स्थाई सदस्य बन जाने के बाद इसका नाम 'यूनाइटेड नेशंस चिल्ड्रेंस फंड' संयुक्त राष्ट्र बाल कोष कर दिया गया, लेकिन मूल संक्षिप्त नाम 'यूनिसेफ' को बरकरार रखा गया। यूनिसेफ का गठन करने में पोलैंड के चिकित्सक लुडविक रॉश्मन ने प्रमुख भूमिका निभाई थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा बाल अधिकारों के संरक्षण की हिमायत करने, उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में मदद देने तथा उनकी प्रतिभा के पूर्ण विकास के अवसरों का विस्तार करने का दायित्व यूनिसेफ को सौंपा गया है, जो बाल अधिकार समझौते से मार्गदर्शन लेते हुए बाल अधिकारों को चिरंतन नैतिक सिद्धांतों और बच्चों के प्रति व्यवहार के अंतर्राष्ट्रीय मानकों के रूप में स्थापित करने के लिए सदैव प्रत्यनशील रहता है। अपनी स्थापना के बाद के इन 79 वर्षों में यूनिसेफ ने दुनियाभर में बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए अनेक उल्लेखनीय कार्य किए हैं। विश्वभर में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कल्याण और विकास के लिए किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए ही यूनिसेफ को वर्ष 1965 में नोबेल शांति पुरस्कार, वर्ष 1989 में इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार तथा वर्ष 2006 में प्रिंस ऑफ अस्तुरियस अवार्ड जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से भी नवाजा जा चुका है। नोबेल पुरस्कार दिए जाने के बाद वैश्विक स्तर पर यूनिसेफ का कार्य और तेज हो गया। आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो यूनिसेफ की शिक्षा इकाई के कारण ही वर्ष 2006 तक विश्वभर में करीब 12 मिलियन बच्चे पढ़ाई के लिए स्कूल वापस जा सके। बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए यूनिसेफ आपात स्थितियों में कार्रवाई करता है और युद्ध, आपदा, घोर गरीबी, हर प्रकार की हिंसा और शोषण तथा विकलांगता से पीड़ित सर्वाधिक वंचित बच्चों के लिए विशेष संरक्षण सुनिश्चित करने के प्रति संकल्पबद्ध है। यह बच्चों को पहला अधिकार दिलाता है और वंचित बच्चों तथा उनके परिवारों के लिए उपयुक्त नीतियां बनवाने और सेवाएं प्रदान करने की देशों की क्षमता का निर्माण करता है। 1946 में यूनिसेफ की स्थापना द्वितीय युद्ध में प्रभावित बच्चों की सुरक्षा के उद्देश्य से ही की गई थी लेकिन अब यह संस्था दुनियाभर में बच्चों के कल्याण के लिए कार्यरत है। वर्तमान में यूनिसेफ के कार्यकर्ता दुनियाभर के 190 से भी अधिक देशों में बच्चों के कल्याण के लिए निरन्तर कार्य कर रहे हैं। भारत में इस संस्था ने वर्ष 1949 में कार्य करना प्रारंभ किया था और अब हमारे यहां यह नई दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, असम, उड़ीसा इत्यादि राज्यों में कार्य कर रही है। बाल विकास और पोषाहार, बाल संरक्षण, शिक्षा, बाल पर्यावरण, पोलियो उन्मूलन, प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य, बच्चे और एड्स, सामाजिक नीति, नियोजन, निगरानी एवं मूल्यांकन, हिमायत और भागीदारी, आचरण परिवर्तन संदेश, आपात स्थिति तैयारी और कार्रवाई जैसे क्षेत्रों पर यूनिसेफ का मुख्य फोकस रहता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग के अलावा यूनिसेफ द्वारा दुनियाभर में मौजूद अनेक स्वास्थ्य सेवा संस्थानों के साथ मिलकर बच्चों को पानी, स्वच्छता, इंफेक्शंस आदि के लिए कैंपेन चलाए जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की इस संस्था द्वारा प्रतिवर्ष दुनियाभर में नवजात बच्चों के टीकाकरण के लिए तीन बिलियन से भी अधिक टीके प्रदान किए जाते हैं। यूनिसेफ की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि यह संस्था दुनियाभर में बच्चों के कल्याण हेतु कार्य के दौरान किसी भी प्रकार के जाति, धर्म, राष्ट्रीयता, राजनीतिक विचारधारा इत्यादि के आधार पर भेदभाव नहीं करती। यह संस्था 49 से भी अधिक देशों में एचआईवी एड्स से बचाव की लड़ाई में निरन्तर कार्यरत है। यूनिसेफ का 36 सदस्यों का कार्यकारी दल इसके कार्यों की देखरेख करता है, इसकी नीतियां बनाता है तथा यूनिसेफ के वित्तीय एवं प्रशास. निक योजनाओं से जुड़े कार्यक्रमों को स्वीकृति प्रदान करता है। यूनिसेफ का अधिकांश कार्यक्षेत्र 190 देशों अथवा क्षेत्रों में मौजूद है। 150 से अधिक देशों के कार्यालय, मुख्यालय और यूनिसेफ के नेटवर्क से जुड़े अन्य कार्यालय तथा 34 राष्ट्रीय समितियां मेजबान सरकारों के साथ विकसित कार्यक्रमों के माध्यम से यूनिसेफ के मिशन को पूरा करते हैं। सात क्षेत्रीय कार्यालय आवश्यकतानुसार सभी देशों में स्थित कार्यालयों को तकनीकी सहायता प्रदान करते हैं। वर्तमान में यूनिसेफ फंड एकत्रित करने के लिए विश्वस्तरीय एथलीट और टीमों की सहायता लेता है। इस संस्था का वित्त पोषण विभिन्न सरकारों तथा निजी दानदाताओं द्वारा किया जाता है। संस्था के संसाधनों का दो-तिहाई योगदान विभिन्न देशों की सरकारें करती हैं और शेष योगदान निजी समूहों तथा व्यक्तियों द्वारा राष्ट्रीय समितियों के माध्यम से किया जाता है। यूनिसेफ के लक्ष्यों की एक लंबी सूची है, जिसमें न्यूनतम-लागत हस्तक्षेप के माध्यम से लाखों बच्चों के जीवन को बचाने, बच्चों के अवैध व्यापार और शोषण को रोकने तथा मां-बच्चे के बीच एचआईवी एड्स के संक्रमण को समाप्त करने में सहायता करना शामिल हैं। अनुमान लगाया जाता रहा है कि यूनिसेफ के राजस्व का करीब 92 फीसदी हिस्सा सेवा कार्यक्रमों के लिए वितरित कर दिया जाता है। वर्तमान में यूनिसेफ द्वारा बच्चों का विकास, बुनियादी शिक्षा, लड़कियों की शिक्षा सहित लिंग के आधार पर समानता, बच्चों का हिंसा से बचाव, शोषण, बाल-श्रम के विरोध में, एचआईवी एड्स, बच्चों के अधिकारों के वैधानिक संघर्ष इत्यादि के लिए सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। यूनिसेफ इस बात में विश्वास रखता है कि बच्चों का पोषण और देखभाल करना मानव प्रगति की आधारशिला है और उसका मानना है कि अगर दुनिया में फैली असमानता को मिटाया नहीं गया तो वर्ष 2030 तक लगभग 167 मिलियन बच्चे भीषण गरीबी में जीवन जीने को मजबूर होंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### चीन ने लैब में बनाया चिकन जैसा प्रोटीन

**बीजिंग।** चीन के वैज्ञानिकों ने एक खास प्रकार के फंगस में जीन एडिटिंग करके ऐसा प्रोटीन बनाया है, जो चिकन जैसे मांस का सस्ता और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प बन सकता है। यह फंगस थ्नेंतपनउ अमदमदंजनउ कहलाता है। इसका इस्तेमाल पहले से ही मीट जैसे स्वाद वाले फूड आइटम्स बनाने में होता है। अब चीनी वैज्ञानिकों ने क्रिसपर तकनीक से इस फंगस को और बेहतर बना दिया है। खास बात यह है कि इसमें किसी दूसरे जीव का डीएनए नहीं डाला गया, बल्कि इसके अपने जीन बदले गए हैं। इस फंगस से बनने वाले प्रोटीन को मायकोप्रोटीन कहते हैं।

### हाईवे पर दौड़ती कार के ऊपर प्लेन गिरा

**फ्लोरिडा।** अमेरिका के फ्लोरिडा में सोमवार को क्रैश लैंडिंग के दौरान एक प्लेन कार से टकरा गया। यह हादसा मेरिट आइलैंड के पास हुआ, जहां हाईवे पर एक छोटा विमान इमरजेंसी लैंडिंग करते हुए सीधा एक कार से टकरा गया। इस हादसे का वीडियो वायरल है। बीचक्राफ्ट 55 माडल के इस छोटे प्लेन में उड़ान के दौरान अचानक खराबी आ गई। दोनों इंजनों में पावर खत्म होने लगी, तो 27 साल के पायलट ने प्लेन को मजबूरन हाईवे पर ही उतारने का फैसला किया। हाईवे पर ट्रैफिक था, इसलिए उतरते समय प्लेन एक टोयोटा कैमरी कार से टकरा गया। कार को एक बुजुर्ग महिला चला रही थीं, जोकि इस घटना में घायल हो गई हैं।

### स्पेन में चार दिवसीय हड़ताल पर डाक्टर

**मैड्रिड।** स्पेन में सरकार के प्रस्तावित कानून के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी चार दिवसीय हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों ने स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रस्तावित नए कानून के विरोध में मंगलवार से हड़ताल शुरू की। स्पेनिश कन्फेडरेशन ऑफ मेडिकल ट्रेड यूनियंस (सीईएसएम) ने कहा कि कर्मचारी एक अलग कानून की मांग कर रहे हैं जो उनके पेशे की खास जरूरतों को ध्यान में रखे।

# भारत में अमेरिकी सोयाबीन बेचने की इजाजत मिलेगी

## यूएस अफसर बोले: पहली बार इतना अच्छा ऑफर मिला, एक साल बाद हो सकती है ट्रेड डील

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका डील पर चल रही बात. चीत के दौरान ही एक बड़ा अपडेट सामने आया है। अमे. रिकी ट्रेड प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीयर का कहना है कि भारत ने एग्रीकल्चर सेक्टर को लेकर अब तक का 'सबसे अच्छा ऑफर' दिया है।

अमेरिकी किसानों को भारत के बाजारों तक ज्यादा पहुंच मिले, इसके लिए बातचीत की जा रही है। खासकर ज्वार और सोयाबीन जैसी फसलों के लिए घरेलू मार्केट खोलने पर चर्चा हो रही है। ग्रीयर ने बताया कि अमे. रिकी बातचीत टीम इस समय नई दिल्ली में है और कृषि से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर रही है। भारत कुछ फसलों के मामले में सावधानी बरत रहा है, लेकिन इस बार भारत ने अपनी ओर से बाजार खोलने में दिलचस्पी दिखाई है। अमेरिकी ट्रेड प्रति.



■ अमेरिकी बातचीत टीम इस समय नई दिल्ली में है और कृषि से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर रही है: ग्रीयर

निधि जेमिसन ग्रीयर ने कहा कि अगर भारत अमेरिकी प्रोडक्ट पर कम टैक्स लगाएगा तो अमेरिका भी कम टैक्स लगाएगा।

ग्रीयर के मुताबिक भारत, अमेरिका के कृषि उत्पादों के लिए एक बड़ा और नया बाजार बन सकता है, खासकर ऐसे समय में जब अमेरिकी किसानों पर चीन की मांग घटने का असर पड़ रहा है और बड़ी मात्रा में अनाज स्टाक में पड़ा है। ग्रीयर ने यह भी कहा कि ए बातचीत उस बदलाव का हिस्सा है जिसमें अमेरिका दुनियाभर में नए बाजारों तक पहुंच बनाने की को. शिश कर रहा है। उनका कहना है कि दुनिया में मिल रहे ये नए बाजार भारत जैसे बड़े देशों से होने वाली बातचीत को मजबूत बनाते हैं। ग्रीयर ने कहा कि कृषि के अलावा दोनों देशों के बीच कुछ और मुद्दों पर भी बातचीत चल रही है। 1979 एयरक्राफ्ट एग्रीमेंट के तहत विमान के पुर्जों पर जीरो टैरिफ लगाने की बात काफी आगे बढ़ चुकी है। यानी कि अगर भारत अपने बाजार में अमेरिकी सामान को कम टैक्स के आने देगा, तो अमेरिका भी बदले में भारत के लिए वही छूट देगा। सीनेट समिति के चेयरमैन जेरी मोरन ने इस दौरान कहा कि भारत अमेरिका के मक्का और सोयाबीन से बनने वाले एथेनाल का भी बड़ा खरीदार बन सकता है। ग्रीयर ने इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं लेकिन उन्होंने कहा कि यूरोपीय यूनियन समेत कई देशों ने अमेरिकी एथेनाल और ऊर्जा उत्पादों के लिए अपने बाजार खोल दिए हैं और आने वाले साल में करीब 750 अरब डालर की खरीद का वादा किया है। अमेरिकी ट्रेड का यह बयान उस समय पर आया है जब अमे. रिका की एक हाई लेवल ट्रेड टीम भारत के दौरे पर आई है। यह दौरा काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस टीम का नेतृत्व अमेरिकी डिप्टी ट्रेड प्रतिनिधि रिक स्विट्जर कर रहे हैं। अब इस दौरे का मकसद है कि दोनों देश नई द्विपक्षीय ट्रेड डील की फर्स्ट स्टेज को आखिरी रूप देने की कोशिश करें।



गुरुग्राम। सर्दी की सुबह लोग खुद को गर्म करने के लिए आग के चारों और बैठे हुए।

## थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर झड़पों के बाद शांति समझौता खतरे में

**बैंकॉक।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच ताजा सीमा झड़पों के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मध्यस्थता से हुआ शांति समझौता टूटता नजर आ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने थाईलैंड और कंबोडिया के बीच संघर्ष के फिर से भड़कने की बात स्वीकार करते हुए कहा है कि वह इस संकट को रोकने के लिए हस्तक्षेप करेंगे। उन्होंने मंगलवार को पेंसिल्वेनिया में एक रैली में कहा कि यह आज शुरू हुआ। मैं एक टेलीफोन पर बातचीत कर एक युद्ध को रोक दूंगा। इस ताजा झड़प ने दोनों पड़ोसियों के बीच लंबे समय से चले आ रहे क्षेत्रीय विवाद को फिर से तेज कर दिया है और शांति के सारे प्रयास विफल होते नजर आ रहे हैं।

# पाकिस्तान को 12 राज्यों में बांटने की तैयारी

## संचार मंत्री अब्दुल अलीम खान बोले: देश में छोटे-छोटे प्रांत बनना अब तय है, इससे शासन बेहतर होगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के चारों प्रांतों को 12 हिस्सों में बांटने की तैयारी चल रही है। देश के संचार मंत्री अब्दुल अलीम खान ने कहा है कि देश में छोटे-छोटे प्रांत बनना अब तय है। उनका कहना है कि इससे शासन बेहतर होगा। अब्दुल अलीम खान शेखूपुरा में इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी (आईपीपी) के कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि सिंध और पंजाब में तीन-तीन नए प्रांत बनाए जा सकते हैं।

ऐसा ही विभाजन बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में भी हो सकता है। अलीम खान ने कहा कि हमारे आसपास के देशों में कई छोटे प्रांत हैं। इसलिए पाकिस्तान में भी ऐसा होना चाहिए। अलीम खान की पार्टी आईपीपी पीएम शहबाज शरीफ की गठबंधन सरकार का हिस्सा है। हालांकि बिलावल भुट्टो की पार्टी पीपीपी ने इसका विरोध किया है। सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने धमकी देते हुए कहा कि अल्लाह के सिवा कोई भी सिंध को बांटने की ताकत नहीं रखता। पाकिस्तान सरकार की तरफ से अभी आधिकारिक नक्शा जारी नहीं किया गया है, लेकिन जिन इलाकों की चर्चा है, वे कुछ इस तरह हैं-पंजाब-उत्तर पंजाब, मध्य पंजाब, दक्षिण पंजाब, सिंध-कराची सिंध, मध्य सिंध, ऊपरला सिंध, केपी उत्तरी केपी, दक्षिणी केपी, आदिवासी केपी/फाटा रीजन, बलूचिस्तान-पूर्व बलूचिस्तान, पश्चिम बलूचिस्तान, दक्षिणी बलूचिस्तान शहबाज सरकार में शामिल बिलावल भुट्टो की पार्टी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने साफ कहा है कि सिंध को बांटने का किसी भी कीमत पर विरोध किया जाएगा। पीपीपी लंबे समय से खासकर सिंध के बंटवारे का विरोध करती रही है। पिछले महीने सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने साफ चेता. वनी दी थी कि सिंध के हितों के खिलाफ कोई कदम स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीपीपी अपने प्रांत या देश के हितों के खिलाफ किसी भी कदम को कभी स्वीकार नहीं करेगी।

उन्होंने कहा कि नए राज्य बनने की अफवाहें चल रही हैं। लेकिन इसे एक कान से सुनें और दूसरे से निकाल दें। अल्लाह के सिवा कोई भी सिंध को बांटने की ताकत नहीं रखता। नए प्रांतों की मांग पहले भी उठती रही है, लेकिन कभी मुकाम तक नहीं पहुंची। पाकिस्तान में 1947 के वक्त पांच प्रांत थे। इनमें पूर्वी बंगाल, पश्चिमी पंजाब, सिंध, नार्थ वेस्ट फंटियर प्राविंस (केपी) और बलूचिस्तान शामिल थे। 1971 में पूर्वी बंगाल अलग होकर आज का बांग्लादेश गया। बाद में केपी का नाम बदलकर खैबर पख्तूनख्वा रखा गया। इस बार प्रस्ताव को कुछ थिंक-टैंक और मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान जैसी पार्टियों ने भी समर्थन दिया है। पीपीपी के अलावा कई छोटे दल भी इस बंटवारे के विरोध में हैं। अवामी नेशनल पार्टी (एएनपी) और बलूच राष्ट्रवादी दलों ने इसे बांटो और राज करो की नीति बताया है। इन लोगों का कहना है कि छोटे प्रांत बनाने से स्थानीय पहचान और संस्कृति कमजोर हो सकती है। बड़े प्रांतों की राजनीतिक ताकत टूट जाएगी।



■ भुट्टो की पार्टी पीपीपी ने किया विरोध, कहा: अल्लाह के अलावा कोई सिंध प्रांत को बांट नहीं सकता

### नए प्रांत बनाने के लिए दो तिहाई बहुमत जरूरी

**इस्लामाबाद।** कई पालिटिकल एक्सपर्ट्स का कहना है कि पाकिस्तान के सत्ता ढांचे में पिछले कुछ सालों में सेना का प्रभाव बढ़ा है। ऐसे में प्रांतों को बांटने का फैसला प्रशासनिक सुधार से ज्यादा राजनीतिक कंट्रोल बढ़ाने की रणनीति भी हो सकती है। नए प्रांत बनाने के लिए संविधान में संशोधन जरूरी है और उसके लिए संसद में दो-तिहाई बहुमत चाहिए। अगर पाकिस्तान 12 प्रांतों में बंटता है, तो देश का प्रशासनिक ढांचा, राजनीति और संसाधन-बंटवारा पूरी तरह से बदल जाएगा। पाकिस्तान के वरिष्ठ अफसर और पुलिस अधिकारी रहे सैयद अख्तर अली शाह का कहना है कि सिर्फ प्रांत बढ़ाने से समस्याएं हल नहीं होंगी। उनका कहना है, पाकिस्तान की समस्या प्रांतों की संख्या नहीं, बल्कि शासन व्यवस्था की खामियां हैं। अगर ये दुरुस्त नहीं हुईं, तो नए प्रांत बनाना हालात और बिगाड़ सकता है। अली शाह के मुताबिक कमजोर संस्थाएं, कानून का असमान लागू होना, जवाबदेही की कमी और स्थानीय सरकारों को अधिकार न देना देश की असली समस्याएं हैं।

### बलूचिस्तान में आठ लोगों को जलते कोयलों पर चलने की सजा, चोरी का शक था

**इस्लामाबाद।** बलूचिस्तान के मुसखेल जिले में 8 लोगों को नंगे पैर जलते कोयलों पर चलने की सजा दी गई। समा टीवी के मुताबिक एक जिरगा ने दुकान में चोरी के शक में लोगों को सजा सुनाई और उन्हें अपनी बेगुनाही का सबूत देने को कहा। जिरगा अफगानिस्तान और पाकिस्तान के कई इलाकों में चलने वाली एक पुरानी पारंपरिक पंचायत होती है, जहां बुजुर्ग या प्रभावशाली लोग आपस में बैठकर किसी विवाद या मामले का फैसला करते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह घटना सोमवार को हुई। इलाके के लोगों के मुताबिक, एक दुकानदार ने अपनी दुकान में चोरी का आरोप लगाया और इसके बाद उसने जिरगा बुला लिया। जिरगा ने फैसला किया कि सभी संदिग्धों को अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए जलते अंगारों पर चलना होगा। इसे बेहद अमानवीय और पिछड़ी हुई परीक्षा बताया गया है। ह्यूमन राइट्स कमीशन ऑफ पाकिस्तान ने भी इस घटना पर संज्ञान लिया है और कहा है कि 21वीं सदी में भी ऐसी हिंसक और पिछड़ी प्रथाएं होना बहुत चिंता का विषय है।

## अमेरिका ने जनवरी से अब तक 85000 वीजा रद्द किए

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विद. ेश विभाग ने घोषणा की है कि जनवरी से अब तक 85,000 वीजा रद्द किए गए हैं, जो आव्र. जन और सीमा सुरक्षा पर ट्रम्प प्रशासन के रुख एवं रवैए को रेखांकित करता है। अमेरिकी विदेश विभाग ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि जनवरी से अब तक 85000 वीजा रद्द किए गए हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प और विदेश मंत्री मार्को रूबियो एक साधारण जनादेश का पालन कर रहे हैं और वे इस प्रक्रिया को जल्द रोकने वाले नहीं हैं। इस पोस्ट के साथ ही 'मेक अमेरिका सेफ अगेन' नारे वाले पोस्टर लगाए गए। विदेश विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, रद्द किए गए 85000 वीजा सभी श्रेणियों के हैं। ये पिछले साल रद्द किए गए वीजा की संख्या से दोगुने से भी अधिक हैं। केबल न्यूज नेटवर्क (सीएनएन) की रिपोर्ट के अनुसार, इस आंकड़े में 8000 से अधिक छात्र वीजा शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि शराब पीकर गाड़ी चलाना, हमला और चोरी जैसे अपराध पिछले साल वीजा रद्द होने के मामलों में 'लगभग आधे के लिए जिम्मेदार थे। वीजा रद्द होने की इस वृद्धि ने 'प्रथम संशोधन' को लेकर भी चिताएं बढ़ाई हैं।

# शेख हसीना की पार्टी को मिली बड़ी राहत

**ढाका।** बांग्लादेश में चुनाव की घोषणा से ठीक पहले शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग को बड़ी राहत मिली है। बांग्लादेश की सरकार ने आवामी लीग के उन नेताओं को चुनाव लड़ने की इजाजत दे दी है, जो साफ छवि के हैं।

हालांकि, ये नेता पार्टी के सिंबल पर चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। इन्हें निर्दलीय ही मैदान में उतरना होगा। बांग्लादेश की स्थानीय मीडिया के मुताबिक आवामी लीग के कार्यकर्ताओं के विरोध को देखते सरकार ने यह फैसला किया है। इस फैसले के बाद अब आवामी लीग के कार्यकर्ता और नेता आसानी से चुनावी मैदान में उतर सकते हैं। शेख हसीना के तख्तापलट के कुछ दिनों के बाद बांग्लादेश में आवामी लीग पर बैन लगा दिया गया। प्रतिबंध की वजह से आवामी लीग चुनाव में भाग नहीं ले सकती है। यूनुस सरकार का कहना है कि आवामी लीग की बागडोर अभी भी शेख हसीना के हाथो में है। शेख हसीना पर बांग्लादेश में नरसंहार का आरोप है। ऐसे में उस पार्टी को चुनाव लड़ने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। वहीं शेख हसीना ने एक बयान जारी कर इसका विरोध जताया था।

हसीना ने कहा कि अगर आवामी लीग को चुनाव नहीं लड़ने दिया जाएगा, तो उसके कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेंगे। बांग्लादेश में अभी भी आवामी लीग के पास मजबूत जनाधार है। प्रथम आलो की हालिया सर्वे में बांग्लादेश के 26 प्रतिशत लोगों का कहना था कि आवामी लीग के खिलाफ बैन गलत है। बांग्लादेश में 14 महीने बाद चुनाव की घोषणा होने जा रही है। सरकार फरवरी 2026 में बांग्लादेश में आम चुनाव कराने की तैयारी में है। इस चुनाव के जरिए बांग्लादेश के लोग नई सरकार को चुनेंगे।



■ सरकार ने आवामी लीग के उन नेताओं को चुनाव लड़ने की इजाजत दे दी है, जो साफ छवि के हैं

## रणनीतिक साझेदारी को मजबूती प्रदान करेंगे भारत-इटली

**नई दिल्ली।** इटली के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मामलों एवं अंतर्राष्ट्रीय सहयोग मंत्री एंटोनियो ताजानी भारत और इटली के बीच रणनीतिक साझेदारी को गति प्रदान करने के मकसद से बुधवार को नई दिल्ली पहुंचे। ताजानी इस साल दूसरी बार भारत के दौरे पर आए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि इटली के उप प्रधानमंत्री तथा विदेश मामलों एवं अंतर्राष्ट्रीय सहयोग मंत्री एंटोनियो ताजानी का नई दिल्ली पहुंचने पर हार्दिक स्वागत है। इस साल यह उनकी भारत की दूसरी यात्रा है। दिल्ली और मुंबई में उनके कार्यक्रम भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेंगे।

# इजरायल ने गाजा का नया नक्शा बनाया

## 50% जमीन कब्जाई, सेना प्रमुख बोले: ट्रम्प ने सीजफायर में जो यलो लाइन बनाया, वही नया बॉर्डर

**गाजा।** इजरायल ने गाजा की 50 प्रतिशत से ज्यादा जमीन पर कब्जा करके उसे अपना इलाका घोषित कर दिया है। इजरायली सेना प्रमुख ऐयाल जमीर ने गाजा सीजफायर प्लान में जिस 'येलो लाइन' का जिक्र है, उसे नई बार्डर बताया है।

उन्होंने गाजा में तैनात सैनिकों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह लाइन अब इजरायल की 'सुरक्षा सीमा' की तरह काम करेगी और सेना इससे पीछे नहीं हटेगी। जमीर ने कहा कि इजरायल अपनी मौजूदा सैन्य पोजिशन नहीं छोड़ेगा। इन पोजिशन्स की वजह से इजरायल गाजा के आधे से ज्यादा हिस्से को कंट्रोल कर रहा है। इसमें गाजा की ज्यादातर खेती की जाने वाली जमीन है। इसके अलावा इसी हिस्से में मिस्र से लगने वाला बार्डर क्रासिंग (राफा) भी शामिल है। इजरायली सरकार ने आर्मी चीफ जमीर के बयान पर कोई टिप्पणी नहीं की। एक अधिकारी ने इतना कहा कि इजरायली सेना 'सीजफायर की शर्तों के अनुसार' तैनात है और आरोप लगाया कि हमास ही सीजफायर तोड़ रहा है। ट्रम्प के सीजफायर प्लान के तहत अमेरिका गाजा पट्टी को दो हिस्सों में बांटेगा। इसके लिए एक लान्ग टर्म प्लान बनाया गया है। एक हिस्से पर इंटरनेशनल फोर्स (आईएसएफ) और इजरायली सेना का कंट्रोल रहेगा। इसे ग्रीन जोन कहा जाएगा। फलस्तीनी आबादी वाले दूसरे हिस्से को फिलहाल खंडहर अवस्था में ही रहने दिया जाएगा। इसे रेड जोन नाम दिया गया है। लगभग सभी फलस्तीनी रेड जोन में विस्थापित हो गए हैं। इन दोनों इलाकों के बीच एक श्यलो लाइनश खींची गई है। हिंसा और हमले की वजह से ज्यादातर फलस्तीनी ये इलाके पहले ही खाली कर चुके हैं। अब लगभग 20 लाख से ज्यादा लोग गाजा के पश्चिमी हिस्से की एक छोटी-सी पट्टी में रहने को मजबूर हैं। गाजा के पूर्वी हिस्से में ग्रीन जोन बनाया जाएगा। यहां इजरायली सैनिकों के साथ विदेशी सैनिक भी तैनात होंगे। यहां पर री-डेवलपमेंट का काम होगा। अमेरिका यहां तैनात होने वाले अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा बलों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से औपचारिक मंजूरी दिलाने की कोशिश कर रहा है। प्लान के मुताबिक यहां शुरुआत में कुछ सौ सैनिक तैनात होंगे। बाद में इनकी संख्या बढ़ाकर 20000 तक की जा सकती है। ग्रीन जोन से बाहर जाने की अनुमति किसी विदेशी सेना को नहीं होगी।




■ उससे पीछे नहीं हटेंगे

# यूक्रेन के पास अमेरिकी हथियार खरीदने के पैसे नहीं

## 6840 करोड़ कम पड़े, जेलेंस्की आज अमेरिका को नया शांति प्लान पेश करेंगे

**कीव।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि इस साल अमेरिकी हथियार खरीदने के लिए करीब 6800 करोड़ रुपये कम पड़ रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा कि यह फंडिंग यूरोपीय देशों से आनी थी, लेकिन समय पर पैसे नहीं मिल सके। जिससे हथियारों की आपूर्ति में देरी हो सकती है। जेलेंस्की ने यह बात लंदन में फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन के नेताओं के साथ बैठक के बाद कही।

उन्होंने कहा कि नाटो की प्रेसिडेंशियल यूक्रेन रिलीफ लोन (पीयूआरएल) पहल के तहत हथियार खरीद जारी रखने के लिए अतिरिक्त फंडिंग की जरूरत है, लेकिन अमेरिका ने भी मदद देना कम कर दिया है। उन्होंने बताया कि अमेरिकी हथियार खरी. दने के लिए यूक्रेन को लगभग 15 अरब डालर (लगभग 1.27 लाख करोड़ रुपये) की जरूरत है। वहीं, जेलेंसेकी आज अमे. रिका को एक संशोधित शांति प्लान सौंपेंगे। यह प्लान ट्रम्प के 28 पाइंट प्लान को घटाकर 20 प्वाइंट में बदली गई है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने बैठक की मेजबानी करते हुए साफ कहा कि शांति प्रक्रिया में यूक्रेन को अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय फैसले खुद लेने का पूरा अधिकार है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों ने दावा किया कि यूरोपीय देशों के लगाए गए प्रतिबंधों के कारण रूस की अर्थव्यवस्था पर गंभीर दबाव पड़ना शुरू हो गया है। वहीं, जर्मन चांसलर मर्ज ने अमेरिका के रुख पर शक जताते हुए कहा कि कुछ पहलुओं पर यूरोपीय देशों में गंभीर चर्चा जरूरी है, हालांकि उन्होंने विस्तार से कुछ नहीं बताया। प्रेसिडेंशियल यूक्रेन रिलीफ लोन (पीयूआरएल) यूक्रेन की जंग में सैन्य मदद के लिए बनाया गया था। यह नाटो की पहल है, जो यूक्रेन को लोन के रूप में फंडिंग देती है। यह रिलीफ लोन है, यानी आपदा राहत के लिए उधार। इसकी शुरुआत जुलाई 2025 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और नाटो महासचिव मार्क रुट्टे के बीच व्हाइट हाउस में हुई बैठक में हुई थी। इस बार यूरोपीय देशों से जो फंडिंग नहीं मिली, वह किन-किन देशों से आनी थी और क्यों अटकी इसके बारे में जेलेंस्की ने ज्यादा जानकारी नहीं दी।



■ अमेरिकी हथियार खरीदने के लिए यूक्रेन को लगभग 15 अरब डालर ( लगभग 1.27 लाख करोड़ रुपये ) की जरूरत है

